फाल्गुन शुक्ल पक्ष दशमी विक्रम संवत 2080

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

मंगलवार, 19 मार्च 2024
वर्ष-2, अंक-208, पृष्ठ-14
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य-5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com





उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन 14

नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप 2


## एक नजर

### प्रभा वर्मा को 2023 का सरस्वती सम्मान

**नई दिल्ली।** प्रख्यात साहित्यकार प्रभा वर्मा को उनकी मलयाली काव्यकृति 'रौद्र सात्विकम्' के लिए 2023 का प्रतिष्ठित सरस्वती सम्मान प्रदान किया जाएगा। सम्मान प्रदान करने वाली संस्था केके. बिड़ला फाउंडेशन ने सोमवार को बताया कि सुप्रीम कोर्ट के सेवानिवृत्त न्यायाधीश एके. सीकरी की अध्यक्षता वाली 13 सदस्यीय चयन परिषद ने 'रौद्र सात्विकम्' का चयन किया। यह सम्मान प्रतिवर्ष किसी भारतीय नागरिक की ऐसी उत्कृष्ट साहित्यिक कृति को दिया जाता है, जो भारत के संविधान की आठवीं अनुसूची में उल्लिखित किसी भी भारतीय भाषा में सम्मान वर्ष से ठीक पहले की 10 वर्ष की अवधि में प्रकाशित हुई हो। सम्मान के तहत 15 लाख रुपये की पुरस्कार राशि के साथ एक प्रशस्ति पत्र और प्रतीक चिन्ह भेंट किया जाता है।

### ईमेल खाता ब्लॉक करने पर गूगल को नोटिस भेजा

**अहमदाबाद।** गूगल ड्राइव पर बचपन की एक निर्वस्त्र तस्वीर अपलोड करना एक व्यक्ति को इतना भारी पड़ा कि वह एक साल से अपने ईमेल खाते को खोल नहीं सका है और उसे आखिरकार गुजरात उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाना पड़ा। उच्च न्यायालय ने स्पष्ट रूप से बाल शोषण के लिए याचिकाकर्ता के ईमेल खाते को ब्लॉक करने को लेकर गूगल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड को एक नोटिस जारी किया है। याचिकाकर्ता ने गूगल ड्राइव पर अपनी एक तस्वीर अपलोड की थी जिसमें उसकी दादी उसे नहलाते हुए दिख रही हैं। यह तस्वीर तब की है जब वह दो साल का था। न्यायमूर्ति वैभवी डी नानावती की अदालत ने 15 मार्च को गूगल, केंद्र तथा राज्य सरकारों को नोटिस जारी कर उनसे 26 मार्च तक जवाब देने को कहा है।

### अंतरराज्यीय एटीएम डकैत मुस्ताक गिरफ्तार

**अलवर।** राजस्थान सहित अनेक राज्यों में एटीएम लूट और डकैती आदि के करीब आधा दर्जन से अधिक मामलों में आरोपी मुस्ताक उर्फ कन्नड़ मेव को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक आनंद शर्मा द्वारा चलाए जा रहे वांछित आरोपियों की धर पकड़ अभियान के अंतर्गत मुस्ताक उर्फ कन्नड़ (26) को उसके गांव करोली जागीर से गिरफ्तार किया गया है। आरोपी थाना चंदवाजी जिला जयपुर ग्रामीण के 21 लाख रुपये कि एटीएम डकैती के प्रकरण में वांछित है।

# एसबीआई 21 तक दे चुनावी बॉण्ड से संबंधित जानकारियां : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को तीसरी बार भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को फटकार लगाते हुए उसे चुनिंदा रवैया न अपनाने और 21 मार्च तक चुनावी बॉण्ड योजना से संबंधित सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करने को कहा। उच्चतम न्यायालय ने चुनावी बॉण्ड से संबंधित सभी जानकारियों का खुलासा करने को कहा जिसमें विशिष्ट बॉण्ड संख्याएं भी शामिल हैं जिससे खरीददार और प्राप्तकर्ता राजनीतिक दल के बीच राजनीतिक संबंध का



- कोर्ट ने लगाई फटकार, मामले में चुनिंदा रवैया नहीं अपनाने को कहा

खुलासा होगा। प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि इसमें कोई संदेह नहीं है कि एसबीआई को बॉण्ड की सभी जानकारियों का पूरी तरह खुलासा करना होगा। पीठ में न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति बी आर गवई, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा भी शामिल हैं।

पीठ ने कहा कि निर्वाचन आयोग एसबीआई से जानकारियां मिलने के बाद अपनी वेबसाइट पर तुरंत इन्हें अपलोड करे। पांच सदस्यीय संविधान पीठ ने 15 फरवरी को एक ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए केंद्र की चुनावी बॉण्ड योजना को रद कर दिया था और इसे असंवैधानिक करार देते हुए निर्वाचन आयोग को चंदा देने वालों, चंदे के रूप में दी गई राशि और प्राप्तकर्ताओं का 13 मार्च तक खुलासा करने का आदेश दिया था।

# पीएसी के दो पूर्व आरक्षियों को उम्रकैद

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

**रामपुर तिराहा कांड**

- विशेष अदालत ने दोषियों पर 50 50 हजार का जुर्माना भी लगाया
- 15 मार्च को दोषी करार देने के बाद कोर्ट ने सुरक्षित रखा था निर्णय

मुजफ्फरनगर की एक विशेष अदालत ने करीब 30 वर्ष पहले उत्तराखंड को अलग राज्य बनाये जाने की मांग कर रही महिला आंदोलनकारियों के साथ सामूहिक दुष्कर्म के जुर्म में सोमवार को पीएसी (प्रांतीय सशस्त्र कांस्टेबुलरी) के दो पूर्व सिपाहियों (आरक्षी) को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अभियोजन अधिकारी (सीबीआई) धारा सिंह ने बताया कि विशेष सीबीआई न्यायाधीश शक्ति सिंह ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल मिलाप सिंह और वीरेंद्र प्रताप पर 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया। अदालत ने दोनों को सामूहिक दुष्कर्म समेत भारतीय दंड संहिता की कई धाराओं के तहत दोषी ठहराया था। रामपुर तिराहा पुलिस गोलीबारी मामले में विशेष सीबीआई अदालत ने दो पूर्व पीएसी कांस्टेबल को दोषी ठहराते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनायी, जिन पर 1994 में पृथक उत्तराखंड की मांग करने वाली महिला कार्यकर्ताओं के साथ सामूहिक बलात्कार के मामले में सुनवाई चल रही थी। अदालत ने 15 मार्च को ही आरोपियों को दोषी करार दिया था और सजा के विषय पर 18 मार्च तक अपना आदेश सुरक्षित रखा था। सिंह के अनुसार इस मामले में सीबीआई ने 15 गवाहों को पेश किया है, जिनमें एक 75 वर्षीय पीड़ित महिला, एक पूर्व गृह सचिव दीप्ति विलास भी शामिल हैं। फैसला देते हुए अपर जिला न्यायाधीश शक्ति सिंह ने लिखा कि महिला आंदोलनकारी के साथ बर्बरता और अमानवीय व्यवहार किया गया है। यह अपराध पूरी मानवता को शर्मसार कर देने वाला है।

### दो अक्टूबर 1994 को हुई थी घटना

दो अक्टूबर 1994 को अलग उत्तराखंड राज्य की मांग के समर्थन में आंदोलनकारी बसों से ऋषिकेश से दिल्ली जा रहे थे। इस दौरान आंदोलनकारी रात को जब मुजफ्फरनगर जिले के रामपुर तिराहा पर पहुंचे तो पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। जब आंदोलनकारी नहीं माने तो पुलिसकर्मियों ने गोलीबारी की। उस दौरान उत्तराखंड के सात कार्यकर्ताओं की मौत हो गयी तथा महिला कार्यकर्ताओं के साथ बलात्कार किया गया। इस मामले में दो दर्जन से अधिक पुलिसकर्मियों पर गंभीर धाराओं के साथ ही सामूहिक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था।

# उप्र समेत 6 राज्यों के गृह सचिव और बंगाल के डीजीपी हटाए गए

## आचार संहिता लागू होने के बाद निर्वाचन आयोग ने की पहली बड़ी कार्रवाई

- विवेक सहाय बनाए गए पश्चिम बंगाल के नए पुलिस महानिदेशक

नई दिल्ली, ब्यूरो

**अमृत विचारः** आचार संहिता लागू होने के बाद सोमवार को निर्वाचन आयोग ने 8 राज्यों पर कड़ी कार्रवाई की है। प्राप्त शिकायतों के आधार पर आयोग ने सोमवार को एक बैठक बुलाई थी जिसके तत्काल बाद उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात, हिमाचल, झारखंड एवं बिहार के गृह सचिवों को हटा दिया गया। पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक, महाराष्ट्र एवं मिजोरम के एक-एक आईएएस अधिकारी को भी हटाया गया है। निर्वाचन आयोग के निर्देश के बाद पश्चिम बंगाल सरकार ने सोमवार को विवेक सहाय को राज्य का नया डीजीपी नियुक्त किया है।

1989 बैच के आईपीएस अधिकारी राजीव कुमार उस समय चर्चा में आए थे जब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने उनके समर्थन में धरना दिया था। सहाय के विरुद्ध प्राप्त शिकायत में आयोग ने पाया है कि वह आईजी के पद पर रहते हुए डीजीपी के पद की जिम्मेदारी भी निभा रहे थे। उत्तर प्रदेश में 1995 बैच के आईएएस अधिकारी संजय प्रसाद के पास इस समय प्रमुख सचिव गृह के अलावा प्रमुख सचिव सूचना एवं कुछ अन्य जिम्मेदारियां भी थीं। उत्तराखंड में शैलेश बगौली के पास भी गृह सचिव के अलावा अन्य विभाग भी थे। गुजरात में पंकज जोशी मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव हैं। उनके पास गृह सचिव की भी जिम्मेदारी थी। उनकी जगह एके राकेश को गृह सचिव बनाया गया है। बिहार में एस.सिद्धार्थ मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के प्रधान सचिव एवं अतिरिक्त मुख्य सचिव भी हैं। उन्हें भी गृह सचिव पद से हटा दिया गया है। झारखंड में अरवा राजकमल के पास गृह सचिव के अलावा मुख्यमंत्री के सचिव व तीन अतिरिक्त पदों की जिम्मेदारी थी। हिमाचल में अभिषेक जैन मुख्यमंत्री के भी सचिव थे। महाराष्ट्र में इकबाल सिंह चहल को मुंबई नगर निगम के आयुक्त पद से हटा दिया गया है।

### आम जनता भी कर सकती है शिकायत : राजीव कुमार



मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने कहा है कि यदि देश भर में कहीं भी आचार संहिता का उल्लंघन होता है तो आम जनता भी उसकी शिकायत चुनाव आयोग से कर सकती है। शिकायत मिलने के डेढ़ घंटे के अंदर कार्रवाई की जाएगी। कुमार के मुताबिक निष्पक्ष एवं स्वतंत्र चुनाव कराने के लिए आयोग ने आम जनता को भी हिस्सेदार बनाया है और एक ऐप विकसित किया गया है। जिसकी जानकारी निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से ली जा सकती है। शिकायतों के निपटारे के लिए निर्वाचन आयोग एवं राज्यों में कंट्रोल रूम खोला गया है।

### प्रमुख सचिव गृह के बाद निशाने पर कई शीर्ष अधिकारी

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री के सबसे करीबी शीर्ष अधिकारी प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद पर चुनाव आयोग की कार्रवाई से शासन समेत जिले तक के शीर्ष अधिकारी सतर्क हो गए हैं। प्रदेश के कई शीर्ष अधिकारियों की भूमिका पर विपक्ष ने चुनाव आयोग से शिकायत कर रखी है। सूत्रों के मुताबिक प्रमुख सचिव गृह संजय प्रसाद को हटाए जाने के बाद अफरशाही में हलचल मची हुई है। उनकी जगह कौन लेगा, इसके लिए केंद्रीय चुनाव आयोग ने प्रदेश के मुख्य सचिव से तीन नाम मांगे हैं। साथ ही यहां के पुलिस महानिदेशक को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं। जिलों में तैनात कुछ अधिकारियों को लेकर भी शिकायतों पर जांच हो रही है। जल्द ही आयोग की टीम प्रदेश में दौरा करके मतदान से पहले निर्णय ले सकती है। प्रदेश के अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुज कुमार झा ने बताया कि प्रमुख सचिव गृह को लेकर केंद्रीय चुनाव आयोग से उनके कार्यालय को कोई पत्र या सूचना नहीं आई है।

# डूंगरपुर मामले में आजम खां को 7 साल की सजा, 8 लाख जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** डूंगरपुर प्रकरण के एक मामले में कोर्ट ने सोमवार को सपा नेता आजम खां को सात साल की सजा सुनाई है। इनके अलावा तीन अन्य दोषियों को पांच-पांच की साल सजा हुई है। अदालत ने तीनों पर साढ़े तीन लाख रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। शनिवार को एमपी-एमएलए सेशन कोर्ट ने मामले में आजम खां, रिटायर्ड सीओ आले हसन, ठेकेदार बरकत अली व पूर्व पालिकाध्यक्ष अजहर अहमद खां को दोषी करार दिया था। लोकसभा चुनाव की प्रक्रिया के बीच आजम खां को सजा होने से समाजवादी पार्टी को बड़ा झटका लगा है।

गंज थाना क्षेत्र में डूंगरपुर बस्ती को तीन फरवरी 2016 में खाली कराए जाने के आरोप में 2019 में 12 मामले दर्ज हुए थे। ये सभी मामले बस्ती में रहने वाले लोगों ने दर्ज कराए थे। इनमें से 25 जुलाई 2019 को एहतेशाम ने भी एक मामला दर्ज कराया था जिसमें 25,000 रुपये लूटने और मकान पर बुलडोजर चलवाने का आरोप लगाया था। आजम खां को आपराधिक षड़यंत्र रचने का आरोपी बनाया था। अन्य के खिलाफ घर में घुसकर मारपीट, धमकाने व डकैती के गंभीर आरोप लगाए थे। कुल सात लोग आरोपी थे। इस मामले में सपा के प्रदेश सचिव ओमेंद्र सिंह चौहान, जिबरान नासिर, फरमान नासिर साक्ष्यों के अभाव में बरी हो गए थे। सजा के फैसले के दौरान आजम खां सीतापुर जेल से वीडियो कॉफ्रेंस के जरिये सुनवाई में शामिल हुए। अजहर खां, बरकत अली, आलेहसन खां की भी वीसी के जरिये कोर्ट में पेशी हुई। एडीजीसी कुमार सौरभ ने बताया कि आजम खां को सात साल की सजा, रिटायर्ड सीओ आलेसहन, बरकत अली और पूर्व पालिका चेयरमैन को पांच-पांच साल की सजा सुनाई गई है।



- रिटायर्ड सीओ, ठेकेदार और पूर्व पालिकाध्यक्ष को पांच-पांच साल की सजा

### इन धाराओं में हुई सजा

आजम खां को धारा 452 में सात साल की सजा, पांच लाख का जुर्माना, धारा 427 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना, 504 में दो साल की सजा एक लाख का जुर्माना, धारा 506 में दो साल की सजा, एक लाख का जुर्माना लगा है। आले हसन, बरकत अली और अजहर खां सहित प्रत्येक को धारा 452 में पांच साल की सजा, दो लाख का जुर्माना, धारा 427 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 504 में एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना, धारा 506 एक साल की सजा, 50 हजार का जुर्माना लगा है।

### 11 गवाहों ने दर्ज कराए बयान

डूंगरपुर के मामले में अभियोजन पक्ष की ओर से 11 गवाहों ने बयान दर्ज कराए गए थे। जबकि इन 11 गवाहों में से सात गवाह सरकारी कर्मचारी थे। बाकी एक वादी और अन्य गवाह थे। मामले में आजम खां के खिलाफ 12 मार्च 2021 को चार्जशीट कोर्ट में दाखिल की गई थी, जबकि अन्य आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट 6 अक्टूबर 2021 को दी गई थी।

# आपसी विवाद में सिपाही ने शिक्षक को सरकारी बंदूक से मारी गोली, मौत

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- बोर्ड की कापियां लेकर वाराणसी से गई थी शिक्षा विभाग की टीम
- मामला दर्ज कर मुजफ्फरनगर पुलिस कर रही मामले की जांच

वाराणसी से बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर मुजफ्फरनगर एसडी इंटर कॉलेज आए एक शिक्षक की पुलिस के एक मुख्य आरक्षी ने आपसी विवाद के बाद गोली मारकर हत्या कर दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) सत्यनारायण प्रजापत ने सोमवार को यहां बताया कि वाराणसी के शिक्षा विभाग की एक टीम पुलिस की सुरक्षा में मुजफ्फरनगर के सिविल लाइंस क्षेत्र में स्थित एसडी इंटर कॉलेज में बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाएं लेकर आई थी। शिक्षा विभाग की टीम में शिक्षक धर्मेंद्र कुमार, संतोष कुमार और दो चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारी शामिल थे। कॉलेज का द्वार बंद होने के कारण टीम के सदस्य वाहन में ही बैठे हुए थे। उन्होंने बताया कि रविवार रात को कॉलेज के बाहर वाहन में सोते समय शिक्षक धर्मेंद्र और मुख्य आरक्षी चंद्र प्रकाश के बीच किसी बात को लेकर झड़प हो गई तथा इसी दौरान चंद्र प्रकाश ने अपनी सरकारी बंदूक से धर्मेंद्र को गोली मार दी। प्रजापत ने बताया कि गंभीर रूप से घायल शिक्षक धर्मेंद्र कुमार को अस्पताल ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। शिक्षक के शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है।

# सत्येंद्र जैन की बेल अर्जी खारिज तिहाड़ जेल लौटे

नई दिल्ली, एजेंसी



- 26 मई 2023 से मेडिकल आधार पर चल रहे थे जमानत पर

दिल्ली के पूर्व स्वास्थ्य मंत्री एवं आम आदमी पार्टी (आप) नेता सत्येन्द्र जैन धनशोधन मामले में सुप्रीम कोर्ट द्वारा नियमित जमानत याचिका खारिज किये जाने के कुछ ही घंटे बाद तिहाड़ जेल लौट आए। एक जेल अधिकारी ने कहा कि जैन शाम को तिहाड़ जेल पहुंचे। उन्हें जेल में रखने की औपचारिक प्रक्रिया जारी है। जैन जेल में आत्मसमर्पण करने के लिए शाम करीब छह बजे उत्तर पश्चिम दिल्ली के सरस्वती विहार स्थित अपने आवास से निकले। शीर्ष अदालत ने जैन के वकील के उस मौखिक अनुरोध को खारिज कर दिया, जिसमें उन्हें आत्मसमर्पण करने के लिए एक सप्ताह का समय देने का अनुरोध किया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने 17 जनवरी को जैन की नियमित जमानत याचिका पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। शीर्ष अदालत ने 26 मई, 2023 को जैन को चिकित्सा आधार पर अंतरिम जमानत दी थी और इसे कई बार बढ़ाया गया।

# तेलंगाना की राज्यपाल सौंदरराजन ने दिया इस्तीफा

**हैदराबाद/पुडुचेरी।** तेलंगाना की राज्यपाल तमिलिसाई सौंदरराजन ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। राजभवन ने सोमवार को यह जानकारी दी। सौंदरराजन पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी संभाल रही थीं। उन्होंने अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू को भेज दिया है। एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया है कि तेलंगाना की राज्यपाल और पुडुचेरी की उपराज्यपाल डॉ. तमिलिसाई सौंदरराजन ने तत्काल प्रभाव से अपना इस्तीफा दे दिया है। इस्तीफा राष्ट्रपति को भेज दिया गया है। सौंदरराजन का इस्तीफा इन खबरों के बीच हुआ है कि वह तमिलनाडु से आगामी लोकसभा चुनाव लड़ सकती हैं। उन्होंने दक्षिण तमिलनाडु की थूथुकुडी सीट से 2019 का संसदीय चुनाव लड़ा था, लेकिन वह द्रमुक की कनीमोझी से हार गई थीं।



- पुडुचेरी के उपराज्यपाल का पद भी छोड़ा

# ईडी के समक्ष पूछताछ को पेश नहीं हुए केजरीवाल

नई दिल्ली, एजेंसी



- जल बोर्ड मामले में दिए गए समन को बताया गैरकानूनी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल दिल्ली जल बोर्ड में कथित अनियमितताओं से जुड़े धनशोधन मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन पर सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए। वहीं आम आदमी पार्टी (आप) ने समन को गैरकानूनी बताया और केंद्र की भाजपा सरकार पर केजरीवाल को निशाना बनाने और उन्हें लोकसभा चुनाव में प्रचार करने से रोकने के लिए ईडी का इस्तेमाल करने आरोप लगाया। पार्टी ने आरोप लगाया कि समन अवैध है। भाजपा ईडी का इस्तेमाल करके लोकसभा चुनाव लड़ना चाहती है। भाजपा की दिल्ली इकाई के अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने पलटवार करते हुए कहा कि आप के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल ने ईडी के समन पर बार-बार पेश नहीं होकर अपना सम्मान गंवा दिया है और आरोप लगाया है कि दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में घोटाला हुआ है।

# राजस्थान में साबरमती-आगरा कैंट एक्सप्रेस पटरी से उतरी

- ट्रैक बाधित कई ट्रेनें रद और कई का मार्ग बदला

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर रेल मण्डल में अजमेर एवं मदार रेलवे स्टेशनों के मध्य मदार होम सिगनल के पास साबरमती-आगरा कैंट सवारी रेलगाड़ी रविवार देर रात पटरी से उतर गई। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार गाड़ी संख्या 12548, साबरमती-आगरा कैंट देर रात 01.04 बजे मदार में पटरी से उतर गई जिसमें उसका इंजन और चार जनरल कोच पटरी से उतर गए। हादसे में सभी यात्री सुरक्षित बच गए, किसी के हताहत एवं घायल होने की सूचना नहीं हैं। इससे इस मार्ग पर रेल यातायात प्रभावित हुआ। त्वरित कार्रवाई करते हुए रेलवे अधिकारी एवं कर्मचारियों ने ट्रैक पर यातायात बहाल करने के लिए कार्य प्रारंभ किया और बाद में इस मार्ग पर रेल संचालन प्रारंभ कर दिया गया और गाड़ी संख्या 12548 को रवाना किया गया।अजमेर-मदार के मध्य ट्रैक बाधित होने के कारण रेल सेवाएं प्रभावित हुईं। कुछ गाड़ियों को रद कर दिया गया जबकि कुछ का मार्ग परिवर्तित किया गया।

# शपथ दिलाने से इनकार पर सुप्रीम कोर्ट पहुंची सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- राज्यपाल के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करेगी शीर्ष कोर्ट

सुप्रीम कोर्ट द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) विधायक के. पोनमुडी को राज्य मंत्रिमंडल में शामिल करने के लिए राज्यपाल आरएन. रवि को निर्देश देने की मांग वाली तमिलनाडु सरकार की याचिका पर शीघ्र सुनवाई करेगा। कोर्ट ने सोमवार को राज्य सरकार की याचिका सुनवाई के लिए स्वीकार कर ली।

मुख्य न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और पी विल्सन की दलीलें सुनने के बाद शीघ्र सुनवाई के लिए मामले को सूचीबद्ध करने की उनकी गुहार स्वीकार की। पीठ की ओर से न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने सिंघवी से कहा कि वह मामले की शीघ्र सुनवाई से संबंधित ईमेल भेजें, हम इस पर गौर करेंगे। ज्ञातव्य है कि पोनमुडी आय से अधिक संपत्ति के एक मुकदमे में आरोपी हैं और सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को उनकी सजा पर रोक लगा दी थी। इस आदेश के बाद उनकी विधानसभा की सदस्यता बहाल कर दी गई थी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने उन्हें मंत्रिमंडल में शामिल करने की सिफारिश की, लेकिन राज्यपाल ने शपथ दिलाने से इनकार कर दिया था।

# मनी लांड्रिंग मामले में ईडी ने अटैच कीं पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी की 12 संपत्तियां

**लखनऊ।** मनी लांड्रिंग के आरोपों में घिरे पूर्व विधायक विनय शंकर तिवारी के खिलाफ प्रवर्तन निदेशालय ने सोमवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए उनकी 12 संपत्तियों को अटैच कर दिया जिसकी कुल कीमत पौने 31 करोड़ रुपये बताई जा रही है। इनमें व्यावसायिक भूमि, रिहायशी मकान और खेत भी शामिल हैं। ईडी द्वारा एक्स पर शेयर की गई जानकारी में बताया गया कि लखनऊ, गोरखपुर और नोएडा में गंगोत्री इंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स, डायरेक्टर्स की संपत्तियों को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जब्त किया है। ईडी ने विनय शंकर तिवारी, उनकी पत्नी रीता तिवारी और अजीत पांडेय की संपत्तियों को मनी लांड्रिंग के आरोप में अटैच किया है।



- 31 करोड़ रुपए है अटैच संपत्तियों की कीमत

# कोलकाता में निर्माणाधीन इमारत ढही 7 लोगों की मौत, 4 अभी मलबे में दबे

- मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने कड़ी कार्रवाई का दिया आश्वासन

कोलकाता, एजेंसी

कोलकाता के गार्डन रीच इलाके में एक निर्माणाधीन पांच मंजिला इमारत ढहने से दो महिलाओं सहित सात लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। शहर के पश्चिमी इलाके में अजान मुल्ला लेन में बचाव अभियान में लगे अग्निशमन सेवा के एक अधिकारी ने कहा कि मरने वालों की संख्या बढ़ सकती है क्योंकि कम से कम चार लोग अभी भी मलबे के नीचे दबे हुए हैं। उनमें से केवल एक के ही जीवित होने के संकेत हैं। कोलकाता के महापौर फिरहद हकीम ने कहा कि घटनास्थल पर बचाव अभियान जारी है जहां यह इमारत अवैध रूप से बनाई जा रही थी। हाकिम ने बताया कि इमारत के प्रवर्तक मोहम्मद वसीम को गिरफ्तार कर लिया गया है और कानून के अनुसार कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने घटनास्थल का दौरा किया और लोगों को अवैध निर्माण के खिलाफ कार्रवाई का भरोसा दिया।




हादसे के बाद मौके पर राहत के लिए जुटा बचाव दल।

# इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा : मंधाना

नई दिल्ली, एजेंसी



स्मृति मंधाना का आत्मविश्वास पिछले साल दबाव की स्थिति में डगमगा गया था, लेकिन इस सत्र में वह मानसिकता को मजबूत करने में सफल रही, जिससे वह रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को पहला खिताब जीतने में सफल रहीं। आरसीबी ने कम स्कोर वाले महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) फाइनल में दिल्ली को तीन गेंद रहते 8 विकेट से हराकर दूसरे सत्र का खिताब जीता।

मंधाना ने कहा कि वह पिछले सत्र से अब तक कप्तान और खिलाड़ी के रूप में परिपक्व हुई हैं। इस सत्र में मैंने खुद पर विश्वास करना सीखा। पिछले साल मैं पिछड़ रही थी, जिसका खामियाजा भुगतना पड़ा था। मुझे खुद पर कुछ चीजों को लेकर संदेह था, लेकिन वह मेरे दिमाग की वास्तविक बातचीत थी, मुझे खुद पर भरोसा रखने की जरूरत है और मुझे लगता है कि यह मेरे लिए सबसे बड़ी सीख थी। दिल्ली ने शेफाली वर्मा (44) और कप्तान मेग लैनिंग (23) की मदद से 43 गेंद में बिना विकेट गंवाए 64 रन बनाकर अच्छी शुरुआत की, लेकिन इसके बाद टीम ने महज 49 रन में सभी विकेट गंवा दिए। आसीबी ने तीन गेंद शेष रहते 8 विकेट से मैच को अपने नाम किया। मंधाना ने इस दौरान युवा स्पिनर श्रेयंका पाटिल की तारीफ की जिन्होंने फाइनल में 4 विकेट चटकाए। इस कप्तान ने कहा कि श्रेयंका बहुत शानदार रही हैं। पहले तीन चार मैच उनके अनुकूल नहीं रहे। वह क्षेत्रीय टूर्नामेंट खेल कर आई थी, जिसमें उसका प्रदर्शन अच्छा नहीं था। मुझे उससे बातचीत याद है जब मैंने कहा था कि चिंता मत करो 17 मार्च को तुम खास करने जा रही हो, मुझे क्या पता था कि ऐसा होगा और उसे पर्पल कैप मिलेगी।

### दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं

दूसरे सत्र में मंधाना ने ट्रॉफी अपने नाम की, जबकि हरमनप्रीत कौर ने लीग के पहले सत्र में मुंबई को खिताब दिलाया था। मंधाना ने कहा कि पिछले साल जब मुंबई और दिल्ली फाइनल में खेल रहे थे, तो कहीं न कहीं मुझे उम्मीद थी कि हरमन इसे जीत लेगी। मैं खुद चाहती थी कि पहला सत्र कोई भारतीय कप्तान जीते। अगर मैं नहीं तो यह हरमनप्रीत को जीतना चाहिए। मैं हरमन और मुंबई की टीम के लिए वास्तव में खुश थी। मंधाना ने कहा कि टूर्नामेंट के दूसरे सत्र को जीतने वाली मैं दूसरी भारतीय कप्तान हूं। यह वास्तव में दिखाता है कि भारतीय क्रिकेट में कितनी प्रतिभा है और यह तो बस शुरुआत है, हमें अभी लंबा रास्ता तय करना है। आरसीबी पुरुष टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली ने भी इस जीत के बाद वीडियो कॉल कर मंधाना और पूरी टीम को बधाई दी। मंधाना ने कहा कि कोहली क्या कह रहे थे, मुझे कुछ सुनाई नहीं दिया क्योंकि वहां बहुत ज्यादा शोर था। उन्होंने 'थम्स अप' किया और मैंने भी 'थम्स अप' के साथ जवाब दिया। वह वास्तव में बहुत खुश लग रहे थे और उनके चेहरे पर बड़ी मुस्कान थी। मंधाना ने कहा कि मुझे याद है कि वह पिछले साल आए थे और उन्होंने हमारी टीम के साथ बातचीत की थी।

# कुश्ती की तदर्थ समिति को आईओए ने किया भंग, डब्ल्यूएफआई ने लिया जिम्मा

नई दिल्ली, एजेंसी



भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के निलंबन हटाने और उसे पूर्ण प्रशासनिक नियंत्रण मिलने के बाद कुश्ती की तदर्थ समिति को भंग कर दिया। आईओए ने कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के निलंबन रद होने के बाद खेल के संचालन के लिए तदर्थ समिति की 'कोई जरूरत नहीं' है।

आईओए ने कहा कि तदर्थ समिति ने डब्ल्यूएफआई के सहयोग से अगले महीने के ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिए चयन ट्रायल का सफल आयोजन किया है। खेल मंत्रालय ने दिसंबर में डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर तदर्थ समिति का गठन किया था। उनका यह दाव हालांकि उस समय उलटा पड़ गया जब इस खेल की वैश्विक संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू (यूनाइटेड वर्ल्ड रेसलिंग) ने फरवरी में डब्ल्यूएफआई से निलंबन हटा दिया। आईओए ने 10 मार्च को जारी आदेश में कहा था कि माननीय दिल्ली हाईकोर्ट के निर्देश पर तदर्थ समिति को भंग करने का निर्णय डब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा भारतीय कुश्ती महासंघ पर लगे प्रतिबंध को हटाने और आईओए द्वारा नियुक्त समिति द्वारा चयन ट्रायल के सफल समापन को देखते हुए लिया गया है।

डब्ल्यूएफआई प्रमुख संजय सिंह ने चुनाव में जीत दर्ज करने वाली समिति को राष्ट्रीय महासंघ के संचालन का जिम्मा देने के लिए आईओए का शुक्रिया किया। उन्होंने कहा कि हम डब्ल्यूएफआई का पूर्ण नियंत्रण देने के लिए आईओए को धन्यवाद देते हैं। हम पहलवानों को सुविधाएं देंगे। हम जल्द ही राष्ट्रीय शिविर आयोजित करेंगे और अगर पहलवान विदेश में अभ्यास करना चाहते हैं तो हम यह सुविधा देंगे। पूरा ध्यान ओलंपिक पर है। उम्मीद कर रहे हैं कि हमारे पांच-छह पहलवान क्वालिफाई करेंगे।

## खेल डायरी

### अल्कराज ने मेदवेदेव को हराकर खिताब का किया बचाव



इंडियन वेल्स (कैलिफोर्निया), एजेंसी। गत चैंपियन कार्लोस अल्कराज ने बीएनपी परिबास ओपन टेनिस के पुरुष एकल फाइनल में डेनियल मेदवेदेव को 7-6, 6-1 से हराकर पिछले साल विंबलडन चैंपियन बनने के बाद पहला खिताब जीता। अल्कराज यहां दाहिने टखने में चोट के साथ पहुंचे थे। उनके पूरे टूर्नामेंट में खेलने को लेकर संदेह था, लेकिन वह लगातार दूसरे साल चैंपियन बनने में सफल रहे। इगा स्वियातेक ने महिलाओं के फाइनल में मारिया सककारी को 6-4, 6-0 से शिकस्त दी। स्वियातेक ने इस 12 दिवसीय टूर्नामेंट के दौरान छह मैचों में केवल 21 गेम गंवाए। अल्काराज को फरवरी में रियो ओपन के दौरान चोट लगी थी। उन्होंने कहा कि मैं हर मैच के बाद बेहतर महसूस कर रहा था। मेरा आत्मविश्वास बढ़ता जा रहा था।

### एमबापे की हैट्रिक, पीएसजी ने मोंटपेलियर को रौंदा

पेरिस, एजेंसी। किलियन एमबापे की हैट्रिक की मदद से पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) ने लीग वन फुटबॉल में मोंटपेलियर को 6-2 से करारी शिकस्त दी। इस जीत के साथ ही पीएसजी ने फ्रांस की शीर्ष लीग की तालिका में पहले स्थान पर अपनी स्थिति और मजबूत करते हुए ब्रेस्ट पर 12 अंक की बढ़त बना ली। एमबापे ने मैच के 22वें मिनट में अपना पहला गोल दागा। उन्होंने दूसरे हाफ में दो गोल किये जिससे पीएसजी के लिए उनके गोल की संख्या 250 हो गई। वह 24 गोल के साथ सबसे ज्यादा गोल करने वाले खिलाड़ी है। वितिन्हा ने मैच में पीएसजी का खाता खोला जबकि ली कांग-इन और नूनो मेंडेस ने भी गोल किए।

### ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए भारतीय पुरुष टीम घोषित

नई दिल्ली, एजेंसी। हॉकी इंडिया ने सोमवार को छह अप्रैल से ऑस्ट्रेलिया के पर्थ में शुरु होने वाले पांच मैचों के टूर्नामेंट के लिए 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। शीर्ष ड्रैगफ्लिकर और डिफेंडर हरमनप्रीत सिंह की कप्तानी में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगी। टीम की उप कप्तानी मिडफील्डर हार्दिक सिंह करेंगे। ओलंपिक के लिए टीम का एक लिटमस टेस्ट होगा। पीआर श्रीजेश, कृष्ण बी पाठक, सूरज करकेरा, हरमनप्रीत सिंह, अरजीत सिंह हुंदल, मनदीप सिंह, दिलप्रीत सिंह, गुरजंत सिंह, हार्दिक सिंह, आकाशदीप सिंह, जुगराज सिंह, विष्णुकांत सिंह, राज कुमार पाल, ललित कुमार उपाध्याय, विवेक सागर प्रसाद, बॉबी सिंह धामी, नीलकंठ शर्मा आदि टीम में हैं।

# रोहित मेरा मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे: पंड्या

## मुंबई को पांच खिताब दिलाने वाले रोहित की जगह पंड्या को बनाया गया है कप्तान

मुंबई, एजेंसी

मुंबई इंडियंस के कप्तान हार्दिक पंड्या ने कहा कि उनके पूर्ववर्ती रोहित शर्मा आईपीएल के इस सत्र में उनके मार्गदर्शक बने रहेंगे। दो सत्र में गुजरात टाइटन्स का नेतृत्व करने वाले पंड्या 2024 सत्र में मुंबई इंडियंस की अगुवाई करेंगे।

मुंबई इंडियंस ने पांच खिताब दिलाने रोहित को आश्चर्यजनक रूप से कप्तान पद से हटा कर पंड्या को यह जिम्मेदारी सौंपी है। पंड्या ने कहा कि इसमें पहले के मुकाबले कुछ अलग नहीं होगा। वह मेरी मदद के लिए मौजूद रहेंगे। वह भारतीय टीम के कप्तान है, यह मेरे लिए मददगार होगा क्योंकि इस टीम ने जो भी हासिल किया है वह उनकी कप्तानी में मिला है और मुझे बस इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं लगता कि यह मेरे लिए अलग तरह की स्थिति होगी। यह अच्छा अहसास होगा क्योंकि हम 10 साल से एक साथ खेल रहे हैं। मैंने अपना पूरा करियर उनके नेतृत्व में खेला है। मुझे उम्मीद है कि वह मेरा समर्थन और मार्गदर्शन करना जारी रखेंगे। पंड्या ने इस बात को स्वीकार किया कि गुजरात टाइटन्स का साथ छोड़ने और मुंबई इंडियंस में रोहित की जगह कप्तान बनने पर प्रशंसकों के एक वर्ग ने तीखी प्रतिक्रिया दी थी। उन्होंने कहा कि प्रशंसकों का वह विद्रोह..... हम प्रशंसकों का सम्मान करते हैं। इसके साथ ही हम खेल पर ध्यान केंद्रित करते हैं और जो आवश्यक है उस पर ध्यान देते हैं। मैं उन चीजों पर ध्यान देने की कोशिश करता हूं जो मेरे हाथ में है। प्रशंसकों के पास हर अधिकार है और मैं उनकी राय का सम्मान करता हूं। पंड्या ने कहा कि टीम का कप्तान नियुक्त होने के बाद वह रोहित से पिछले दो महीने से नहीं मिले है। वह सोमवार से शुरू होने वाले टीम के अभ्यास सत्र में पहली बार रोहित से मिलेंगे। उन्होंने रोहित से मुलाकात के बारे में पूछे जाने पर कहा कि हां और ना। वह यात्रा कर रहे हैं और राष्ट्रीय टीम के लिए खेल रहे हैं। हम पेशेवर हैं। अभी दो महीने ही हुए हैं। आज हम अभ्यास मैच खेलेंगे, जब वह यहां आएंगे तो निश्चित तौर पर उनसे बातचीत होगी। यह अनुभवी हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में वापसी करेगा। वह अक्टूबर में वनडे विश्व कप के दौरान टखने की चोट के कारण लगभग तीन महीने तक खेल से दूर रहे। उन्होंने कहा कि मेरे शरीर को लेकर कोई समस्या नहीं है, मैं सभी मैचों को खेलने की योजना बना रहा हूं। आईपीएल में मैंने वैसे भी ज्यादा मैच नहीं गंवाए हैं। मैं तकनीकी रूप से तीन महीने के लिए बाहर था। यह एक अजीब चोट थी और इसका मेरी पहले की चोट के साथ कोई लेना-देना नहीं था। मैं गेंद को रोकने की कोशिश में चोटिल हुआ था। इस खिलाड़ी ने पहली बार बड़े मंच पर कप्तानी का दायित्व मिलने के बाद बड़ी सफलता हासिल करते हुए गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनवाया। अब मुंबई को उनसे ऐसी ही उम्मीद होगी।



- हरफनमौला खिलाड़ी आईपीएल के साथ शीर्ष स्तर की क्रिकेट में करेंगे वापसी
- गुजरात टाइटन्स को चैंपियन बनाया, अब मुंबई को उनसे होगी ऐसी ही उम्मीद

### मुंबई को सूर्या की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से 'अपडेट' का इंतजार



मुंबई, एजेंसी। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच मार्क बाउचर ने कहा कि उन्हें टीम के स्टार बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव की फिटनेस को लेकर भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) से 'अपडेट' का इंतजार है। सूर्यकुमार अभी हर्निया के ऑपरेशन से उबर रहे हैं तथा वह आईपीएल के शुरुआती मैचों से बाहर रह सकते हैं। हमें सूर्यकुमार की फिटनेस को लेकर बीसीसीआई से अपडेट का इंतजार है। हम हमेशा फिटनेस संबंधी समस्याओं से जूझते रहे हैं, लेकिन हमारे पास विश्वस्तरीय चिकित्सा दल है।

# विराट के साथ बल्लेबाजी करना अविश्वसनीय : फाफ डुप्लेसी



बेंगलुरु, एजेंसी

आरसीबी के कप्तान फाफ डुप्लेसी का कहना है कि विराट कोहली टीम के प्रत्येक सदस्य को स्फूर्ति से भर देते हैं जो मैदान पर उनके प्रदर्शन का राज है। डुप्लेसी इस सुपरस्टार से काफी प्रभावित हैं क्योंकि दोनों की पसंद मिलती जुलती है। कोहली ने 2021 सत्र के अंत में कप्तानी से हटने का फैसला किया था जिसके बाद डुप्लेसी को टीम की जिम्मेदारी सौंपी गई।

उन्होंने कहा कि कोहली के साथ बल्लेबाजी का अनुभव अविश्वसनीय होता है। मैं जिनके साथ बल्लेबाजी करना पसंद करता हूं, वह उनमें शामिल है। वह क्रीज पर मुझे काफी ऊर्जा से भर देते हैं। पता नहीं मैदान पर कैच लपकते हुए वह इतनी ऊर्जा कैसे बरकरार रह पाता है। हम दोनों बहुत प्रतिस्पर्धी हैं और सुनिश्चित करते हैं कि हम टीम के लिए अच्छे कैच लपकें।



कोहली भले ही अब कप्तान नहीं हों, लेकिन उनकी सुझाव और क्षेत्ररक्षण की इकाई की ऊर्जा को बढ़ाने में उनकी भूमिका के डुप्लेसी मुरीद हैं। दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान ने कहा कि मुझे लगता है कि वह क्षेत्ररक्षकों का सजाने में मेरे लिए महत्वपूर्ण रहता है।

### आरसीबी के अभ्यास शिविर से जुड़े विराट कोहली

विराट कोहली ने आईपीएल से पहले आरसीबी के अभ्यास सत्र में हिस्सा लिया। कोहली अपने दूसरे बच्चे के जन्म के कारण देश से बाहर थे। वह रविवार को भारत पहुंचे थे। कोहली को चिन्नास्वामी स्टेडियम का चक्कर लगाते देखा गया। आरसीबी का पहला मैच शुक्रवार को चेन्नई में मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स से होगा।

# लीवरपूल को हरा कर मैनचेस्टर यूनाइटेड सेमीफाइनल में



एफए कप

मैनचेस्टर, एजेंसी। मैनचेस्टर यूनाइटेड ने अतिरिक्त समय तक चले एफए कप फुटबॉल क्वार्टर फाइनल के मुकाबले में लीवरपूल को 4-3 से शिकस्त दी। यह मुकाबला 2-2 की बराबरी पर था। अमद डियालो ने आखिरी क्षणों में गोल कर कोच एरिक टेन हैग की टीम को जीत दिला दी। मैच के 86वें मिनट में टीम 2-1 से पिछड़ रही थी। एंटोनी ने 87वें मिनट में गोल कर स्कोर को 2-2 से बराबर किया, जिससे मुकाबला अतिरिक्त समय में खिंचा। हार्वी एलियट ने 105वें मिनट में लीवरपूल को 3-2 की बढ़त दिला दी, लेकिन सात मिनट बाद मार्कस रदरफोर्ड के गोल से स्कोर बराबर हो गया। खेल खत्म होने से ठीक पहले अमद के गोल ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को अंतिम चार में पहुंचा दिया। इससे पहले स्कॉट मैकटोमिने ने 10वें मिनट में मैनचेस्टर यूनाइटेड का खाता खोला था। लीवरपूल ने एलेक्सिस मैक्स एलिस्टर और मोहम्मद सालाह के गोल से मध्यांतर से पहले 2-1 की बढ़त बना ली थी। सेमीफाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने कोवेंट्री की चुनौती होगी। अंतिम आठ के अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज समय में दो गोल के दम पर लिस्टर सिटी को 4-2 से शिकस्त दी।

# लक्ष्य सेन, सिंधू भारतीय चुनौतियों की करेंगे अगुवाई



बासेल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मंगलवार से शुरू होने वाले स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट में शानदार लय जारी रखना चाहेंगे तो वहीं पीवी सिंधू की कोशिश एक बार फिर से शिखर पर पहुंचने की होगी।

लक्ष्य ने साल के शुरुआत में मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद शानदार वापसी की है। इस खिलाड़ी ने फ्रेंच ओपन और ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप में सेमीफाइनल तक का सफर तय किया था। सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय खिलाड़ी 210,000 डॉलर (1.74 करोड़ रुपये) पुरस्कार राशि वाले टूर्नामेंट में अपने अभियान की शुरुआत मलेशियाई लियोंग जून हाओ के खिलाफ करेंगे। वह शुरुआती दौर की बाधा पार करने पर 2021 विश्व चैंपियन ली जी जिया से भिड़ सकते हैं। विश्व के पूर्व नंबर एक खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत पहले दौर में एशियाई खेलों के कांस्य पदक विजेता चीनी ताइपे के वांग त्जु-वेई का मुकाबला करेंगे, जबकि युवा प्रियांशु राजावत हांगकांग के चौथी वरीयता प्राप्त ली चेउक यियू की चुनौती से निपटेंगे। सिंधू ने बाएं घुटने की चोट से उबरकर इस महीने की शुरुआत में फ्रेंच ओपन से वापसी की थी, जहां उनका सफर क्वार्टर तक चला था। वह हालांकि इसके बाद ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर से बाहर हो गई थीं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सामना ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप की तरह यहां भी पहले दौर में जर्मनी की वोन्ने लि से होगा। पिछले सप्ताह जर्मनी की इस खिलाड़ी ने चोट लगने से मैच को बीच में छोड़ दिया था। महिला एकल में आकर्षी कश्यप शुरुआत कनाडा की मिशेल ली के खिलाफ करेंगी। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी मेइलिसा ट्रायस पुस्पिटासारी और राचेल एलेस्या रोज की जोड़ी के खिलाफ अभियान शुरू करेंगी। त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना अमेरिका की एनी जू और केरी जू से होगा।


### स्विस ओपन सुपर 300 टूर्नामेंट



- लक्ष्य ने मलेशिया सुपर 1000 और इंडिया ओपन 750 में पहले दौर में हार के बाद की है शानदार वापसी

## बॉलीवुड हलचल

# वरुण धवन ने फिर शुरू की 'बेबी जॉन' की शूटिंग



मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता वरुण धवन ने फिर से अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन इन दिनों अपनी आने वाली फिल्म 'बेबी जॉन' को लेकर काफी चर्चा में बने हुए हैं। वरुण धवन ने कुछ दिनों पहले फिल्म की शूटिंग से किसी कारण से ब्रेक ले लिया था। अब उन्होंने फिर से 'बेबी जॉन' की शूटिंग को शुरू कर दी है। वरुण धवन ने सोशल मीडिया पर फिल्म 'बेबी जॉन' के सेट से अपनी मस्कुलर बॉडी को फ्लॉन्ट करते हुए अपने चाहने वालों के लिए एक तस्वीर साझा की। तस्वीर साझा करते हुए उन्होंने लिखा, काम पर वापसी, बेबी जॉन। 'बेबी जॉन' का निर्देशन ए कालीस्वरन कर रहे हैं। एटली इस फिल्म को जियो स्टूडियोज और सिने1 स्टूडियोज के साथ मिलकर प्रस्तुत कर रहे हैं। फिल्म का निर्माण मुराद खेतानी, प्रिया एटली और ज्योति देशपांडे ने किया है। इस फिल्म में वरुण धवन के अलावा कीर्ति सुरेश, वामिका गब्बी, जैकी श्रॉफ और राजपाल यादव भी मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। यह फिल्म 31 मार्च, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

# नौ महीने के लीप के साथ काव्या का नया रूप



मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन के शो 'काव्या - एक जज्बा एक जुनून' में नौ महीने के लीप के साथ दर्शकों को काव्या का नया रूप देखने को मिलेगा। शो में काव्या के बहनोई, ओमी की मौत के साथ शो में एक हाई पॉइंट देखा गया है। गिरिराज की सौतेली मां बड़ी अम्मा द्वारा संचालित एक साजिश में, एक दुर्घटना में ओमी की मौत हो जाती है जबकि काव्या कोमा में है, लेकिन प्रधान परिवार को लगता है कि काव्या ने अपनी बहन नव्या की मौत का बदला लेने के लिए ओमी को मार डाला। जब काव्या कोमा से बाहर आती है, तो उसे पता चलता है कि ओमी की मौत के लिए उस पर लगे हत्या के आरोप से उसे आईएएस के पद से निलंबित कर दिया गया है और उसका प्रिय आदि अब उससे नफरत करता है क्योंकि उसका मानना है कि उसने ओमी को मार डाला है। काव्या बनी सुम्बुल तौकीर खान ने कहा, अब तक, दर्शकों ने काव्या के जीवन के हर चरण के सफर को देखा है और वो कैसे सूझबूझ से हर स्थिति से निपटती है। 9 महीने के लीप के साथ, दर्शक काव्या का नया रूप देखेंगे जो पहले से ज्यादा बेबाक और ज्यादा साहसी है। जो कुछ भी उसका है उसे वापस पाने का उसका दृढ़ संकल्प उसे अजेय बना देगा! हर स्थिति आपको कुछ न कुछ सिखाती है, काव्या ने यह सब सहा है लेकिन उसने हमेशा सही काम किया है। आगामी एपिसोड में, दर्शक काव्या का सफर देखेंगे जहां वो आईएएस अधिकारी के रूप में बहाल होने के साथ-साथ आदि का प्यार और विश्वास हासिल करने का इरादा रखती है। शो हर सोमवार से शुक्रवार शाम 7 :30 बजे प्रसारित होता है।

### सुपरस्टार सिंगर 3 को मिले टॉप 15 प्रतियोगी

मुंबई, एजेंसी। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन का बच्चों का देसी सिंगिंग रियलिटी शो, सुपरस्टार सिंगर 3 को टॉप 15 प्रतियोगी मिल गए हैं। सुपर जज, नेहा कक्कड़ और कप्तान - पवनदीप राजन, अरुणिता कांजीलाल, सायली कांबले, मोहम्मद दानिश और सलमान अली ने 15 बेमिसाल आवाज़ों को चुना है। इस वीकेंड ग्रैंड प्रीमियर में 'टॉप 15' का खुलासा होगा, जिन्हें हर कैप्टन की टीम में 3 प्रतियोगियों के साथ 5 टीमों में बांटा जाएगा। चंडीगढ़ की लाइसेल राय, नई दिल्ली की पीहू शर्मा, बेंगलुरु की देवानासरिया कूमुल्लिल, महाराष्ट्र के अथर्व बख्शी, पंजाब के आर्यन, प. बंगाल के शुभोदीप सूत्रधार, गुरुग्राम के निशांत गुप्ता, यूपी के क्षितिज सक्सेना और खुशी नागर, कोच्चि की वैष्णवी पणिक्कर, कोलकाता के राजदीप घोष, बेंगलुरु के अनिर्भव और दीया हेगड़े, कोच्चि की मिया महक और भुवनेश्वर के शांतनु मोहंती टॉप 15 में हैं। इस वीकेंड, सुपरस्टार सिंगर 3 के ग्रैंड प्रीमियर रात 8 बजे, सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित होगा।

# निरहुआ और आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 को होगी रिलीज



मुंबई, एजेंसी। भोजपुरी सिनेमा के जुबली स्टार दिनेश लाल यादव निरहुआ और यूट्यूब क्वीन आम्रपाली दुबे की फिल्म फसल 25 मार्च को रिलीज होगी। श्रेयस फिल्म्स प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले बनी फसल के निर्माता प्रेम राय हैं और निर्देशक पराग पाटिल हैं। फिल्म के निर्माता प्रेम राय ने कहा कि यह फिल्म भोजपुरी के दर्शकों को होली का उपहार होगी। उन्होंने कहा, फिल्म फसल सिनेमा के साथ-साथ किसानों का प्रतिनिधित्व करती है। इसलिए भारतीय किसानों को समझने के लिए यह फिल्म जरूर देखें। क्योंकि यह हमारे अन्नदाता का सम्मान होगा। निरहुआ ने कहा कि फसल एक ऐसी फिल्म है जिसकी परिकल्पना कभी भोजपुरी में नहीं की गई है। इस फिल्म के किरदार को जीना मेरे बेहतरीन लम्हों में से एक है इसलिए मैं भोजपुरी के दर्शकों से आग्रह करुंगा कि वह जरूर इस फिल्म के देखें और अपना खूब सारा प्यार और आशीर्वाद दें। आम्रपाली दुबे ने कहा कि यह फिल्म न सिर्फ देश के किसानों के बीच जागरूकता लाएगी, बल्कि सरकारी तंत्र की आखें खोलेगी। वहीं देश की महिलाओं के लिए भी बहुत ही खूबसूरत संदेश देने की कोशिश की गई है कि एक पति के सुख-दुख की सहभागी होने के नाते पत्नी का क्या-क्या कर्तव्य हो सकता है। कहानी पराग पाटिल ने लिखी है, जबकि संवाद राकेश त्रिपाठी ने लिखा है। गीत अरविंद तिवारी, प्यारेलाल यादव, विमल बावरा एवं विजय चौहान हैं और संगीतकार ओम झा एवं आर्या शर्मा हैं। गायक आलोक कुमार, कल्पना पटवारी, नीलकमल सिंह, प्रिया सिंह राजपूत, ममता राउत एवं शिल्पी राज है। सह निर्माता सतीश आशवानी हैं। सिनेमेटोग्राफी साहिल जे अंसारी ने की है। एक्शन हीरा यादव का है। कोरियोग्राफर संजय कोर्बे एवं कानू मुखर्जी हैं।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com. आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।



चित्रकूट इंटर कॉलेज परिसर में सोमवार को धरना देते परीक्षक। अमृत विचार



आक्रोश जताते माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री और अन्य परीक्षक। अमृत विचार

# शिक्षक की हत्या से नाराज परीक्षकों ने नहीं जांचीं कॉपियां

- सीआईसी में यूपी बोर्ड की कॉपियों का हो रहा मूल्यांकन
- धरना देकर की नारेबाजी, एक दिन के मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, चित्रकूट

**अमृत विचार।** मुजफ्फरनगर में नशे में धुत हेड कांस्टेबिल द्वारा शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या से जिले के शिक्षक भी नाराज हैं। नाराज परीक्षकों ने सोमवार को चित्रकूट इंटर कालेज में चल रहे यूपी बोर्ड की उत्तरपुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार कर दिया। सभी परीक्षक परिसर में धरने पर बैठ गए। परीक्षकों ने जमकर नारेबाजी की और हत्यारोपी हेड कांस्टेबिल को सख्त से सख्त सजा दिए जाने की मांग की। एसडीएम और डीआईओएस ने मौके पर पहुंचकर शिक्षकों को समझाया।

शिक्षक की हत्या की सूचना से शिक्षकों में आक्रोश है। चित्रकूट इंटर कालेज में बोर्ड परीक्षा की कापियों का मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करके शिक्षक कार्यालय के समक्ष धरने पर बैठ गए। इनकी मांग थी कि हत्यारोपी को फांसी की सजा दी जाए। मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी दी जाए और परिवार को पांच करोड़ का मुआवजा दिया जाए। एसडीएम सौरभ यादव, जिला विद्यालय निरीक्षक संतोष कुमार मिश्रा ने कालेज पहुंचकर शिक्षकों को समझाया और कार्रवाई का आश्वासन दिया। कहा कि शिक्षकों की मांगों की जानकारी शासन को भेज दी जाएगी। परीक्षकों का कहना था कि वे लोग अभी एक दिन का कार्य बहिष्कार कर रहे हैं पर अगर उनके संगठन का निर्देश हुआ तो यह बढ़ भी सकता है। महज तंबाकू को लेकर शिक्षक की नृशंस हत्या से शिक्षकों में जमकर आक्रोश है। इस मुद्दे पर एकमत विभिन्न संगठनों के शिक्षक नेताओं ने कहा कि अगर इस घटना पर सख्त से सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो वे लोग चुप बैठने वाले नहीं हैं।



जिला विद्यालय निरीक्षक को ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### ऐसी घटनाओं का तय हो मुआवजा: उदयभान

माध्यमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री उदयभान सिंह ने कहा कि शिक्षकों की सुरक्षा के लिए एक पालिसी बनाई जानी चाहिए, जिससे परिजनों को त्वरित सहायता मिल सके। हमारी मांग है कि मृतक शिक्षक के परिजनों को एक बड़ी सहायता राशि तुरंत दी जाए। आरोपी को कड़ी से कड़ी सजा मिले। माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रदेश अध्यक्ष के निर्देश के अनुसार आगे की रणनीति तय की जाएगी।

## शिक्षकों ने जताया आक्रोश

### शिक्षकों की असुरक्षा को दर्शाती है घटना: रामकेश



राजकीय शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रामकेश कुशवाहा का कहना है कि यह घटना शिक्षकों की असुरक्षा को दिखाती है। रात में कापियां लेकर पहुंचे शिक्षकों को अंदर नहीं जाने दिया गया, जिससे उनको ट्रक में ही रात बिताने को मजबूर होना पड़ा। आरोपी को सख्त से सख्त सजा मिलनी चाहिए।

### रात्रिकालीन ड्यूटी न कराई जाए: अनिल कुमार



राजकीय शिक्षक संघ के प्रांतीय संयुक्त मंत्री अनिल कुमार ने कहा कि शिक्षकों से इस तरह रात्रिकालीन ड्यूटी नहीं करानी चाहिए। अगर मजबूरी हो तो सुरक्षा के साथ अन्य समुचित व्यवस्थाएं की जाएं। दोषी आरक्षी को फांसी की सजा दी जाए। मृतक के परिवार को न्याय मिले ,एक सदस्य को नौकरी भी दी जाये।

### रात में ट्रक क्यों नहीं अंदर जाने दिया: कमला साहू



राजकीय शिक्षक संघ की जिला संरक्षक कमला साहू ने कहा कि जब ट्रक रात में कालेज पहुंच गया था तो उसे अंदर क्यों नहीं जाने दिया। अगर ऐसा नहीं किया जाता तो यह घटना नहीं होती। ट्रक में रुकने की वजह से एक शिक्षक की जान चली गई। अभी एक दिन बहिष्कार किया जा रहा है। जरूरत पड़ी तो आगे भी होगा।

### शिक्षकों की मांग न्यायोचित : डॉ. चौहान



उप नियंत्रक और सीआईसी प्रधानाचार्य डा. रणवीर सिंह चौहान ने शिक्षकों के आक्रोश और उनकी मांग को सही बताया। उनका कहना था कि जानमाल की रक्षा सर्वोपरि है। शिक्षकों की रात में ड्यूटी नहीं लगाई जानी चाहिए। सरकार को शिक्षकों की सभी मांगें पूरी करनी चाहिए। आखिरकार जीवन अमूल्य है और इसकी रक्षा की जवाबदेही भी हो।

## सार-संक्षेप



प्रशिक्षण के दौरान मौजूद एंबुलेंस सेवा के कर्मचारी। अमृत विचार

### एंबुलेंस सेवा के कर्मचारियों को किया प्रशिक्षित

**चित्रकूट।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोह परिसर में 108 व 102 नंबर एंबुलेंस के कर्मचारियों का प्रशिक्षण हुआ। इसकी शुरुआत इसमें बांदा, चित्रकूट, फतेहपुर, कौशांबी के कर्मचारियों व 108/ 102 सेवा के मंडल अधिकारी प्रशांत त्रिपाठी ने शिरकत की। सीएमओ डा. भूपेश द्विवेदी ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी का दायित्व है कि वह अपनी जिम्मेदारी को ईमानदारी एवं निष्ठा से निभाए।

### नीरज बने विहिप के जिला मंत्री



नीरज केशरवानी।

**चित्रकूट।** विश्व हिंदू परिषद के नगर अध्यक्ष रहे नीरज को जिला मंत्री का दायित्व सौंपा गया है। कानपुर में आयोजित प्रांतीय बैठक में प्रांतीय पदाधिकारियों ने इसकी घोषणा की। नीरज के जिला मंत्री बनाए जाने पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र त्रिवेदी, ओमप्रकाश, रामकुमार पटेल, ऋषभ, अर्चन, सिद्धार्थ, जिला कोषाध्यक्ष जमुना प्रसाद, संयोजक बजरंग दल अंकित पटेल, सह संयोजक प्रणव भारद्वाज, अव्यय गौतम, शिवेंद्र सिंह, जिला मठ मंदिर प्रमुख अजय मिश्रा, मृदुल, जिला सत्संग प्रमुख गणेश, गोरक्षा प्रमुख विमल आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की।

### 20 आरोपियों पर लगा मिनी गुंडा एक्ट

**चित्रकूट।** गुंडागर्दी करने के आरोप में 20 लोगों पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजापुर मनोज कुमार ने अमरनाथ, अरविंद तिवारी, जीतू उर्फ रघुवीर, दीपक, अभिलाष, अजय उर्फ गोलू, रोहित, धोंधा ठाकुर, अवधेश नि, ज्ञान सिंह धीर सिंह उर्फ धीरू, अश्विनी कुमार, धानी पर धारा 110जी सीआरपीसी की कार्रवाई की है। उधर, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली उपेंद्र प्रताप सिंह ने मोनू उर्फ अवनीश, पिंटू केशरवानी, अन्नू, बाबा उर्फ भुवनेश्वर, सौरभ उर्फ राजा पर मिनी गुंडा एक्ट लगाया है। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी ने तरुण यादव निवासी बारामाफी, विष्णु दत्त निवासी भरकोर्रा पर धारा 110 जी सीआरपीसी की कार्रवाई की।

## चुनाव प्रचार सामग्री छापने पर जानकारी अवश्य दी जाए

**चित्रकूट।** जिला निर्वाचन अधिकारी अभिषेक आनंद ने जिले के सभी प्रिटिंग प्रेस मुद्रकों व प्रकाशकों को निर्वाचन आयोग की गाइड लाइन का कड़ाई से पालन करने के निर्देश दिए हैं। डीएम ने कहा कि किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी द्वारा कोई भी चुनावी सामग्री मुद्रित कराई जाए तो उसकी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को अवश्य दी जाए।

उन्होंने प्रकाशकों व मुद्रकों से कहा कि किसी भी प्रेस में चुनाव संबंधी सामग्री, जिसमें पुस्तिकाएं, पोस्टर व पंफलेट आदि हैं, प्रकाशित कराई जाती है तो उस पर होने वाले व्यय के संबंध में पूरी सूचना जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय को भेजी जाए। उन्होंने कहा कि धारा 127 क के अंतर्गत किसी भी निर्वाचन पंफलेट या पोस्टर या प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी अन्य सामग्री पर मुद्रक व प्रकाशक का नाम, पता, प्रतियों की संख्या का स्पष्ट रूप से उल्लेख किया जाएगा। इसी प्रकार सामग्री मुद्रित होने के तीन दिन के अंदर मुद्रित प्रतियां एवं प्रकाशक द्वारा घोषणा पत्र भी भेजा जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोग के आदेशों के किसी भी प्रकार के उल्लंघन न हो।

# एआरटीओ ने लगाया पिटाई का आरोप

- तहरीर में चालक के साथ भी मारपीट करने का जिक्र

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** एआरटीओ प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ल के साथ एक बार फिर मारपीट की घटना सामने आई है। एआरटीओ का कहना है कि नियमों का उल्लंघन कर जा रहे ट्रक को रोकने और थाने ले जाने के दौरान लगभग 15 लोगों ने उनके और उनके वाहन चालक के साथ मारपीट की। आरोपी हमलावरों में से कुछ को वह पहचानते भी हैं। पुलिस को फोन करने पर आरोपी भाग गए। एआरटीओ ने इस संबंध में राजापुर थाने में तहरीर दी है। एसओ का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ल ने राजापुर थाने में तहरीर देकर बताया है कि 17 मार्च की रात दस बजे वह राजापुर स्थित यमुना पुल के पास चेकिंग कर रहे थे कि इसी दौरान वहां से बालू लादे हुए ट्रक आता दिखा। वाहन में कोई नंबर प्लेट नहीं ती और वह ओवरलोड प्रतीत हो रहा था। इस पर वह ट्रक को वहीं श्रीगंगा धर्मकांटा पर वजन कराने को ले गए। वजन कराने पर ट्रक 25 टन ओवरलोड निकला। एआरटीओ का कहना है कि ट्रक के सभी पेपर भी फेल थे। इस पर वह ट्रक को राजापुर थाने ले जाने लगे तभी एक बोलेरो और एक स्कार्पियो से आए लगभग 15 लोगों ने उन पर और उनके अनुबंधित वाहन के चालक संदीप शुक्ला पर बुरी तरह हमला कर दिया। आरोप लगाया कि इन लोगों ने दोनों को लातों और घूसों से पीटा, जिससे चोटें आईं। उनके हाथ से खून बहने लगा और चालक की आंख में चोट आई। एआरटीओ ने बताया कि हमलावरों में से रोहित सिंह, रवि सिंह और ऋषभ सिंह को वह पहचानते हैं। बाकी को भी सामने आने पर पहचान लेंगे। बताया कि जब उन्होंने पुलिस को सूचना दी तो आरोपी भाग गए।

एआरटीओ ने तहरीर देकर सरकारी अधिकारी पर ड्यूटी के दौरान हमले की रिपोर्ट दर्ज कर कार्रवाई करने का अनुरोध किया है। गौरतलब है कि कुछ महीने पहले भरतकूप क्षेत्र में भी इसी तरह के विवाद का मामला सामने आया था।



थाने में तहरीर देते एआरटीओ। अमृत विचार



एआरटीओ विवेक कुमार शुक्ल।

### एसओ बोले, जांच जारी

राजापुर एसओ मनोज कुमार चौधरी ने बताया कि फिलहाल दूसरे पक्ष की तहरीर नहीं मिली है। प्रथमदृष्टया धक्कामुक्की का मामला लग रहा है। रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। जांच की जा रही है।

### आरोपी ने कहा, सुविधा शुल्क का मामला

उधर, आरोपियों में से एक रवि सिंह बघेल ने बताया कि वह विश्व हिंदू महासंघ के जिलाध्यक्ष हैं। आरोप लगाया कि एआरटीओ ने उनके परिजन के ट्रक को लगभग एक महीने पहले कमासिन के पास पकड़ा था और पचास हजार रुपये की मांग कर रहे थे। तब परिजन के फोन करने पर वह पहुंचे थे तो मामला शांत हो गया था। आरोप लगाया कि इसी खुन्नस में एआरटीओ ने बीते दिन उसी ट्रक को पकड़ा और फिर रुपये की मांग की। जब उनके परिचित ने कहा कि अगर अवैध है तो ट्रक बंद कर दीजिए। इस पर एआरटीओ ने गलत आरोप लगाकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। उन्होंने एआरटीओ पर कई आरोप लगाए। दावा किया कि उनके पास सुविधा शुल्क मांगने के साक्ष्य भी हैं और जरूरत पड़ने पर वह इसे प्रस्तुत भी करेंगे।

खेल के मैदान से | वार्षिक खेलकूद और सांस्कृतिक प्रतियोगिता का तीन दिन तक होगा आयोजन

# छात्र-छात्राओं ने खेलकूद में दिखाई प्रतिभा

- प्रधानाचार्य ने मशाल जलाकर समारोह की शुरुआत की आखिरी दिन होगी धूम

संवाददाता, बरगढ़ (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राजकीय पॉलीटेक्निक में सोमवार से वार्षिक खेलकूद एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं शुरू हुईं। ये तीन दिन चलेंगी।

समारोह का उद्घाटन प्रधानाचार्य संतोष कुमार वैश्य ने किया। विद्यार्थियों ने सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत प्रस्तुत किए। कीड़ा प्रभारी सूर्यदेव राणा ने सभी का बैज अलंकरण कर स्वागत किया। प्रधानाचार्य ने मशाल जलाकर समारोह के शुभारंभ की घोषणा की। छात्र वर्ग के जनरल कैप्टन सूरज यादव एवं छात्रा वर्ग की जनरल कैप्टन कीमती त्रिपाठी ने मशाल को लेकर मैदान का चक्कर लगाया। सभी हाउस के खिलाड़ियों ने मार्च पास्ट किया।



खेलकूद समारोह की शुरुआत करते प्रधानाचार्य। अमृत विचार

क्रीड़ाधिकारी दीपेंद्र मिश्रा ने बताया कि वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं को आयोजित करने हेतु छात्रों को चार हाउसों विश्वेश्वरय्या हाउस, भाभा हाउस, कलाम हाउस और विवेकानंद हाउस में बांटा गया है। छात्रा वर्ग में दो हाउस सरोजिनी हाउस और कल्पना हाउस बनाए गए हैं। अंतिम दिन सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसी दिन पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह होगा। उद्घाटन कार्यक्रम का संचालन चंद्रभान प्रजापति एवं डॉ. प्रियंका मौर्या ने किया। पहले दिन चार सौ मीटर बालक वर्ग में अनिमेष यादव और साक्षी सिंह अव्वल रहीं। जैवलिन थ्रो में सचिन आदिवासी और आस्था सिंह, शॉट पुट थ्रो में मालती पाल,डिस्क थ्रो में आर्यन त्रिपाठी प्रथम रहे।

प्रतियोगिताओं के आयोजन में अनंत प्रकाश, स्वाती खटनानी, अमित कुमार शुक्ला, देवाशीष, सचिन कुमार गुप्ता, सचिन कुमार मौर्य, प्रियंका भारद्वाज, साजिया तबस्सुम, सुधांशु सिंह, अशोक विश्वकर्मा, पवन कुमार, अनुपम सिंह, उमा शुक्ला, आकांक्षा श्रीवास्तव, प्रकाश मिश्रा, संदीप सेन आदि का सहयोग रहा।

# डीएम, एसपी ने किया जेल का मुआयना

कार्यालय, चित्रकूट

**अमृत विचार।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद ने पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के साथ सोमवार को जिला कारागार का आकस्मिक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने सीसीटीवी कैमरा संचालन, महिला बैरक में निरुद्ध बंदियों से खानपान आदि के बारे में पूछा। महिला बैरक के अंदर की दीवारों पर रामायणकालीन पंक्तियों व चित्रों की पेंटिंग कराई जाए। कैदियों को निर्धारित सुविधाओं के अनुसार व्यवस्था करें। निरीक्षण के दौरान अधीक्षक जिला कारागार शशांक पांडेय, जेलर संतोष कुमार वर्मा, उपकारापाल रजनीश कुमार सिंह, कोतवाली प्रभारी उपेंद्र प्रताप सिंह, पीआरओ प्रवीण सिंह आदि अधिकारी मौजूद रहे।



जिला जेल का मुआयना करने पहुंचे डीएम और एसपी।

## रामायण मेला परिसर का निरीक्षण किया

**सीतापुर (चित्रकूट)।** जिलाधिकारी अभिषेक आनंद व पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने सोमवार को लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राष्ट्रीय रामायण मेला परिसर का औचक निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम एवं मतगणना की व्यवस्थाओं की जानकारी की। डीएम ने एक्सईएन लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खंड सत्येंद्र नाथ को निर्देश दिए कि व्यवस्थाओं के लिए एक कार्ययोजना प्रस्तुत करें। इसमें कंट्रोल रूम, मीडिया सेंटर, पेयजल, शौचालय, बैरीकेडिंग आदि की व्यवस्थाएं सुनिश्चित कराई जाएं। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी उमेश चंद्र निगम आदि मौजूद रहे।

अब घर बैठे आपके जीवन की जटिल समस्याओं का 100% पक्का समाधान
फ्री सलाह
अभी फोन करें :
GURU AADIL JI
9717810465
1% विश्वास आप करें
99% विश्वास हम बनाएंगे
स्पेशलिस्ट – प्रेम विवाह, पति–पत्नी में अनबन, दुश्मनों से छुटकारा, कारोबार में रुकावट, मनचाहा प्यार, रूठे प्रेमी को मनाना, वशीकरण आदि।

The Ano Rectal Clinic
अत्याधुनिक विधि द्वारा गुदाद्वार में होने वाली बीमारियों का परीक्षण
Dr. Sanjay Kumar Yadav
M.S. (Ano-Rectal Surgeon)



Video Recto Scope
लेज़र विधि एवं DGHAL विधि द्वारा
बवासीर (Piles) भगन्दर (Fistula)
एवं गुदाद्वार में होने वाली अन्य बीमारियों का उचित* इलाज



क्लीनिक का पता
एस-80, गोल चौराहा, महानगर कोतवाली के सामने, महानगर, लखनऊ
7388913338
8005423919
www.anorectalclinic.com

## एक नजर

### वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**बबेरू** : पेंटिग का काम निपटाने के बाद बाइक से घर जा रहे युवक को अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने शव को पंचनामा के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। बबेरू कोतवाली क्षेत्र के निभौर गांव निवासी मनोज (26) पुत्र शिवसागर रविवार की रात सहिंगा गांव से काम निपटा कर बाइक से गांव जा रहा था। तभी बबेरू के पास सामने से आ रहे वाहन ने उसे टक्कर मार दिया। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद वाहन समेत चालक मौके से फरार हो गया। मौके पर पहुंचे ग्रामीणो ने उसे उठाकर सीएचसी में भर्ती कराया गया। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### दो लोगों ने जहर खाया अस्पताल में भर्ती

**बांदा** : बिसंडा कस्बा निवासी सोनू (28) पुत्र शिवमोहन ने रविवार की रात घरेलू बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को जानकारी हुई। इसी तरह पैलानी थाना क्षेत्र के रेहुटा गांव निवासी कल्पना (16) पुत्री द्वारिका ने किसी बात से नाराज होकर जहरीला पदार्थ खा लिया। हालत बिगड़ने पर घरवालों को पता चला। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### नौकरी के नाम पर ठगे रुपये

**अतर्रा**। ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर युवक ने कई लोगों को ठगी का शिकार बनाते हुए लाखों रुपये हड़प लिए। ठगी का शिकार हुए लोगों ने आरोपी युवक के विरुद्ध थाने में तहरीर दी है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर युवक के विरुद्ध धोखाधड़ी समेत कई सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली। कस्बा के ब्रम्हनगर निवासी खुशी गुप्ता ने थाना में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया है कि मोहल्ले के शिवम गुप्ता ने ऑनलाइन नौकरी दिलाने के नाम पर मोहल्ला समेत आसपास के गांवों की कई युवक और युवतियों को गुमराह कर धोखे से धन हड़प लिया। प्रार्थिनी ने बताया कि उक्त युवक ने घर बैठे लैपटॉप में काम कर 10 हजार रुपये प्रति माह कमाने की बात कहकर रजिस्ट्रेशन व सिक्योरिटी मनी के नाम पर उसके अलावा पड़ोसी अंशिका, अर्जुनाह गांव निवासी अंजली तिवारी और ऐंचवारा गांव निवासी प्रिंस सहित कई लोगों से करीब एक लाख रुपये वसूल लिए। युवक अब न ही काम दे रहा है और न ही रुपये वापस कर रहा है। रुपये मांगने पर आनाकानी कर रहा है। थानाध्यक्ष पंकज सिंह ने बताया कि पीड़िता की तहरीर पर है।

# 13 लाख से अधिक वोटर 1389 बूथों पर डालेंगे वोट

## 16,525 युवा मतदाता पहली बार करेंगे मतदान, इस बार जिले में 58 हजार से ज्यादा नए मतदाता जुड़े

लोकसभा चुनाव

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचार।** मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान के बाद निर्वाचन विभाग ने नई मतदाता सूची जारी कर दी। जनपद की चारों विधान सभा क्षेत्रों में 58 हजार से ज्यादा नए मतदाता बढ़े हैं। 16525 युवा मतदाता पहली बार मतदान करेंगे। लोकसभा चुनाव में चारों विधानसभाओं में 13,28,339 मतदाता अपना मतदान करेंगे। जबकि पिछले लोकसभा चुनाव में 13,09,009 मतदाता थे।

बांदा-चित्रकूट संसदीय क्षेत्र में जनपद में चार विधान सभा क्षेत्र तिंदवारी, बबेरू, नरैनी और बांदा हैं। हालांकि बांदा संसदीय सीट में जिले की बांदा, नरैनी और बबेरू विधानसभा ही शामिल है। जबकि जिले की तिंदवारी विधानसभा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में शामिल है। यहां नए मतदाताओं को शामिल करने और बाहरी व मृतक मतदाताओं के नाम सूची से हटाने तथा नाम आदि संशोधन के लिए दो माह तक संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान चलाया गया है।जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल ने सोमवार को पत्रकारों से चुनावी चर्चा करते हुए बताया कि इस बार जिले में रिकार्ड 58 हजार से अधिक मतदाता बढ़े हैं, जिनमें 16525 मतदाता पहली बार वोट की चोट करेंगे। मतदाता सूची में जेंडर रेसियो 838 है। बताया कि इस बार 80 प्रतिशत से अधिक मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। डीएम ने 'बनो देश के भाग्य विधाता-जागो बांदा के मतदाता' का नारा बुलंद करके लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने को प्रेरित किया। कहा कि मतदाता सूची में 16 अप्रैल तक नाम बढ़ाए जा सकते हैं। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि जनपद में 831 मतदान केंद्र और 1389 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। तिंदवारी विधानसभा क्षेत्र में इस बार 224 मतदान केंद्र व 346 मतदेय स्थल हैं। बबेरू विधानसभा क्षेत्र में 222 मतदान केंद्र व 350 बूथ हैं। नरैनी में 236 मतदान केंद्र व 320 मतदेय स्थल बनाए गए हैं। जबकि सदर विधानसभा क्षेत्र में 148 मतदान केंद्रों में 320 बूथ बनाए गए हैं। बताया कि विधानसभावार दो-दो पिंक, दो-दो यूथ और एक दिव्यांग (पीडब्लूडी) बूथ बनाए जाएंगे। पिंक बूथों में महिलाएं यूथ बूथों में युवा और पीडब्लूडी बूथों में दिव्यांग कर्मचारियों को तैयार करने की योजना है। ताकि उनमें आत्मविश्वास जगाया जा सके।



पत्रकारों को जानकारी देतीं जिलाधिकारी दुर्गाशक्ति नागपाल। अमृत विचार

### सुविधा एप से मिलेगी ऑनलाइन अनुमति

■ निर्वाचन आयोग ने इस लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों को विभिन्न प्रकार की परमीशन हासिल करने के लिए सुविधा एप विकसित किया है, जिसके माध्यम से ऑनलाइन आवेदन और ऑनलाइन परमीशन जारी करने की प्रक्रिया उसी दिन पूरी की जाएगी। वहीं मतदाताओं को अपने प्रत्याशी के संबंध में जानकारी देने के संबंध में 'नो योर कैंडिडेट' एप भी विकसित किया गया है। जिसके माध्यम से आम मतदाता अपने प्रत्याशी के बारे में सारी जानकारी हासिल कर सकेगा। जबकि वोटर हेल्पलाइन एप के जरिए मतदाता सूची में अपना नाम देखा जा सकता है। डीएम ने बताया कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान के लिए प्रेरित करना होगा, तभी 80 प्लस का लक्ष्य पूरा किया जा सकेगा।

### सोशल मीडिया पर रहेगी पुलिस की कड़ी नजर

■ पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने बताया कि लोकसभा चुनाव की आचार संहिता का पालन सभी को अनिवार्य रूप से करना होगा। आचार संहिता का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बताया कि चुनाव के दौरान सोशल मीडिया पर भी पुलिस की कड़ी नजर रहेगी और अफवाह फैलाने या अनाधिकृत गतिविधियां चलाने वालों को दंडित किया जाएगा। निर्धारित सीमा से अधिक नगदी को एक स्थान से दूसरे स्थान तक ले जाना प्रतिबंधित रहेगा, पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। एसपी ने स्पष्ट किया कि इस बार चुनाव के दौरान दर्ज किए गए मुकदमों में शीघ्र चार्जशीट दाखिल किए जाने की व्यवस्था की गई है, ताकि चुनाव के दौरान ही मुकदमों का निस्तारण किया जा सके।

# पति समेत ससुरालियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

संवाददाता, अतर्रा

**अमृत विचार।** दहेज की मांग पूरी न होने पर पति समेत ससुरालियों ने महिला के साथ मारपीट की। इतना ही नहीं पति ने जबरन कीटनाशक पिलाकर हत्या करने का भी प्रयास किया। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर पहुंचा पिता पुत्री को अपने साथ ले आया। पिता ने घटना की जानकारी पुलिस अधीक्षक को दी। पुलिस ने पीड़िता की तहरीर पर पति समेत अन्य ससुरालियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है।

थानाक्षेत्र के गोखिया गांव निवासी रानी ने पुलिस अधीक्षक को दिये प्रार्थना पत्र में बताया कि पिता संतोष ने 6 दिसंबर 2021 को हिन्दू रीति- रिवाज के अनुसार मध्यप्रदेश के पन्ना जिलांतर्गत ग्राम सिद्धपुर निवासी लवलेश के साथ उसका विवाह किया था। ससुराल पक्ष द्वारा मांगे गये दहेज के तौर पर दो लाख रुपये नकद तथा एक लाख के घरेलू सामान के अलावा जेवरात भी दिए गए थे। पहली बार ही ससुराल पहुंचने पर पति लवलेश ,सास फूला, ससुर रामकिशुन व नानी वन्दों ने अतिरिक्त दहेज के रूप में मोटरसाइकिल की मांग की। दहेज की मांग पूरी न होने पर ससुरालीजन शारीरिक व मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। इतना ही नहीं बीते 30 जून 2023 को पति समेत अन्य ससुरालियों ने पीड़िता से मारपीट शुरू की। इतना ही नहीं पति ने जबरदस्ती कीटनाशक दवा पिलाकर हत्या करने का प्रयास कर घर के बाहर फेंक दिया था। ग्रामीणों की सूचना पर पहुंचे पिता संतोष पुत्री को मायके लिवा ले गए। मायके में ही रानी ने पुत्री को जन्म दिया। रानी देवी ने अपनी बीमारी एवं पुत्री हिमांशी की परवरिश के लिये ससुरालियों से फोन करके खर्च की मांग की, तब पति एवं उसके परिजनों ने बाइक की मांग पूरी न होने पर गाली गलौज करते हुए दूसरी शादी कर लेने की धमकी दी। थाना प्रभारी पंकज कुमार सिंह का कहना है कि पति समेत सास, ससुर व नानी के विरुद्ध गाली गलौज, मारपीट समेत दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज किया है।

# फिर से मोदी सरकार बनाने का आह्वान

संवाददाता तिंदवारी, बांदा

**अमृत विचार :** भाजपा जिला प्रभारी ने जनपद प्रवास के दौरान तिंदवारी मंडल के बूथ नंबर-211 में बूथ स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए मेरा बूथ-सबसे मजबूत का नारा बुलंद करते हुए केंद्र में लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। बैठक के दौरान बूथ का सत्यापन किया।

जिला प्रभारी रामकिशोर साहू ने तिंदवारी मंडल के बूथ नंबर-211 सोनरही गांव में प्रवास के दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर बूथ स्तरीय पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करते हुए संगठन का सत्यापन किया। बूथ सत्यापन करते हुए मेरा बूथ-सबसे मजबूत का नारा देकर लगातार तीसरी बार मोदी सरकार बनाने का आह्वान किया। ग्यारह सदस्यीय बूथ समिति के साथ पन्ना प्रमुखों की सूची, बीएलए-2, व्यवस्था प्रमुख, भेजन प्रमुख आदि संगठनात्मक संरचना का सत्यापन करते हुए बूथ को सर्व स्पर्शी और सर्व व्यापी बनाने का मंत्र दिया।

इस मौके पर देशराज सिंह, राजर्षि शुक्ला, आनंद स्वरूप द्विवेदी, अनूप तिवारी, कृष्ण कुमार शुक्ला, सत्येंद्र प्रताप सिंह, राजू सिंह फौजी, भूरेलाल फौजी, धनराज सिंह पटेल, चंद्रभूषण सिंह पटेल, प्रीतम गुप्ता, कैलाश शिवहरे, प्रकाश नारायण द्विवेदी, विष्णुकांत द्विवेदी समेत मंडल व बूथ स्तरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। अध्यक्षता बूथ अध्यक्ष अमित द्विवेदी और संचालन आलोक मिश्रा ने किया।



बैठक को संबोधित करते जिला प्रभारी। अमृत विचार

- मेरा बूथ-सबसे मजबूत का दिया गया नारा
- जिला प्रभारी ने बैठक कर किया बूथों का सत्यापन

### अयोध्या में जलवा बिखेरेगी 'दिवारी'

**बांदा।** बुंदेलखंड का लोकनृत्य दीवारी देश के कोने कोने में क्षेत्र के गौरवशाली इतिहास का प्रदर्शन कर रहा है।

जनपद के बड़ोखर खुर्द के दीवारी कलाकार जहां गणतंत्र दिवस की परेड से लेकर दिल्ली कॉनवेल्थ गेम समेत विभिन्न राष्ट्रीय आयोजनों में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं, वहीं सोमवार से श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या धाम में आयोजित तीन दिवसीय शौर्य पर्व में भी अपनी प्रतिभा का जलवा दिखाने को पहुंच गए हैं। दीवारी कलाकारों के अगुवा रमेश पाल ने बताया कि अयोध्याधाम में आयोजित शौर्य पर्व में कला का प्रदर्शन करने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से उनकी टीम को आमंत्रित किया गया है। 22 जनवरी को श्रीरामजन्मभूमि मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा समारोह में भी उनकी टीम को अपना हुनर दिखाने का मौका मिला था।

# आक्रोशित परीक्षकों ने प्रदर्शन कर मूल्यांकन कार्य का किया बहिष्कार

कार्यालय संवाददाता, बांदा

**अमृत विचारः** मुजफ्फरनगर में नशे में धुत हेड कांस्टेबल द्वारा शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की हत्या के विरोध में उत्तर प्रदेश राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान पर माध्यमिक शिक्षक संघ जिला इकाई ने यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं के मूल्यांकन का बहिष्कार कर दिया। आक्रोश जताते हुए प्रदर्शन किया।

माध्यमिक शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष संदीप गर्ग और जिला मंत्री रमेशचंद्र की अगुवाई में सोमवार को मुजफ्फरनगर घटना के विरोध में शिक्षक सड़क पर उतर आए। बोर्ड परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य बहिष्कार करते हुए शिक्षकों ने रोष जताते हुए प्रदर्शन किया। शिक्षकों ने राजकीय शिक्षक संघ के आह्वान का समर्थन किया। शिक्षकों ने मूल्यांकन केंद्र परिसर में श्रद्धांजलि सभा करते हुए दिवंगत शिक्षक को पुष्पांजलि दी। माध्यमिक शिक्षक संघ के मंडलीय मंत्री मेजर मिथलेश कुमार पांडेय ने हत्यारोपी को फांसी की सजा देने की मांग की । मृतक के परिवार के एक सदस्य को नौकरी और पांच करोड़ का मुआवजा दिलाए जाने की मांग की। जरूरत पड़ी तो मूल्यांकन कार्य का पूरी तरह से बहिष्कार किया जाएगा। इस मौके पर राजेश तिवारी, संतोष द्विवेदी, पूर्व जिला मंत्री अजीत सिंह, मंगल प्रसाद, रणविजय सिंह, सत्येंद्र कुमार, बृजमोहन सिंह आदि रहे।



मूल्यांकन कार्य का बहिष्कार करते शिक्षक। अमृत विचार

# महिलाओं को मतदान के प्रति किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता बांदा,

**अमृत विचारः** राजकीय महिला महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम, द्वितीय व तृतीय इकाई द्वारा आयोजित सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन छात्राओं ने विभिन्न मोहल्लों में जाकर लोगों को खासकर महिलाओं को मतदान करने के लिए जागरूक किया।

महिला महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ.दीपाली गुप्ता के मार्गदर्शन में तीनों इकाई कार्यक्रम अधिकारी डा. सबीहा रहमानी, ज्योति मिश्र व अंकिता तिवारी की अगुवाई में सोमवार को मिशन शक्ति के तहत महिलाओं को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। तीनों इकाइयों की स्वयंसेवी छात्राओं ने अहिर मोहाल, दरी मोहाल, बारी मोहाल में जाकर महिलाओं को महिला सशक्तीकरण के साथ मतदान के महत्व के बारे में जानकारी दी गई और कहा कि लोकसभा चुनाव में अपने मताधिकार का प्रयोग अवश्य करें। इसके अलावा द्वितीय व तृतीय इकाई की छात्राओं चेतना, मानसी, शगुफ्ता, गीतांजलि, स्नेहा, अंशिका, दुर्गा ने महिला सशक्तीकरण तथा तृतीय इकाई की छात्राओं शिवानी, खुशबू मोहिनी आदि ने बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ विषय पर नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। महिला थाना प्रभारी एवं मुख्य वक्ता अनुपमा तिवारी ने मिशन शक्ति एवं महिला सशक्तीकरण पर अपने विचार व्यक्त किए। नोडल अधिकारी डॉ.सबीहा रहमानी ने कहा कि यह योजना महिलाओं के विकास की प्रतिबद्धता को साकार रूप देगी। डॉ.ज्योति मिश्रा एवं डॉ .अंकिता तिवारी भी मौजूद रहीं।

### जमीन के विवाद में दंपति पर हमला

**बांदा।** बिसंडा थाना क्षेत्र के ओरन गांव निवासी हीरालाल पुत्र रामबिशाल के मकान के बगल में पड़ी जमीन पर पड़ोसी महिला कब्जा करने के उद्देश से मवेशी बांधने लगी थी। रविवार की शाम हीरालाल ने इसका विरोध किया। इसी बात को लेकर विवाद हो गया। शोर गुल सुनकर मौके पर पहुंचे पड़ोसियों ने किसी तरह समझा बुझाकर मामले को शांत कराया। हीरालाल ने घटना की तहरीर पुलिस को दी। पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं किया। सोमवार को हीरालाल (45) उसकी पत्नी सुनैना (42) घर से मवेशियों को चारा रखने जा रही थी। तभी रास्ते में महिला समेत चार लोगों ने दंपति के ऊपर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। जिससे दोनों लोग लहूलुहान हो गए। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

# चंदेल ने कहा, अबकी बार 400 पार

संवाददाता, तिंदवारी (बांदा)

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी के तत्वावधान में कस्बे के रामप्रताप दीक्षित डिग्री कालेज में आयोजित जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम में प्रधानों, बीडीसी, डीडीसी, सभासदों समेत वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से फिर एक बार मोदी सरकार, अबकी बार 400 पार का आह्वान किया गया।

जनप्रतिनिधि संवाद कार्यक्रम में पहुंचे हमीरपुर-महोबा-तिंदवारी लोकसभा सीट पर जीत की हैट्रिक लगाने से एक कदम दूर सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल का तिंदवारी की सीमा ग्राम मूंगुस में कार्यकर्ताओं ने फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया। सैकड़ों दोपहिया, चारपहिया वाहनों से अगवानी करने पहुंचे पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ सांसद चंदेल लंबे काफिले के बीच कार्यक्रम स्थल पहुंचे। प्रदेश सरकार के जल शक्ति राज्यमंत्री रामकेश निषाद ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि कांग्रेस और इसके सहयोगी दल अयोध्या में भगवान श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान के राष्ट्रीय महत्व को नहीं समझ पाए। सांसद पुष्पेन्द्र सिंह चंदेल ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कांग्रेस व इंडी-गठबंधन' की स्वार्थ, परिवारवाद, भ्रष्टाचार, नकारात्मक और विकसित भारत के संकल्प के साथ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सुदृढ़ नेतृत्व में एकजुट होने का आह्वान किया। एमएलसी जितेन्द्र सिंह सेंगर ने अयोध्या में भव्य श्री राम मंदिर, जी-20 के सफल आयोजन, नए संसद भवन, नारी शक्ति वंदन अधिनियम, अंतरिक्ष में देश की उड़ान, अर्थव्यवस्था की उड़ान आदि को ऐतिहासिक फैसला बताया।



कार्यक्रम में मौजूद भाजपा प्रत्याशी, राज्यमंत्री व एमएलसी। अमृत विचार

## सार-संक्षेप

### सम्मेलन में गिनाईं डबल इंजन सरकार की उपलब्धियां

**बबेरू, बांदा :** लोकसभा चुनाव को लेकर आयोजित विधान सभा स्तरीय कार्यकर्ता सम्मेलन में लोकसभा प्रभारी समेत सांसद, सदर विधायक और जिला पंचायत अध्यक्ष समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिरकत की। इस मौके पर केंद्र और प्रदेश सरकारों द्वारा संचालित उपलब्धियां गिनाई गईं। कस्बा स्थित मैरिज हाल में सोमवार को विधानसभा स्तरीय भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित हुआ। बांदा-चित्रकूट लोकसभा क्षेत्र प्रभारी बृज किशोर गुप्ता ने कार्यकर्ताओं को बूथ पर जाकर मतदाताओं से संपर्क कर लोकसभा जीतने का मंत्र दिया। सांसद आरके सिंह पटेल ने कहा मोदी-योगी सरकारों ने योजनाओं का लाभ निचले पायदान तक पहुंचाने का काम किया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सुनील पटेल ने कहा कि पीएम मोदी की गारंटी गांव-गांव तक पहुंच गई है। सम्मेलन को सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी, पूर्व विधायक चंद्रपाल कुशवाहा, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष जगराम सिंह, विवेकानंद गुप्ता, अजय सिंह पटेल, जिलाध्यक्ष संजय सिंह आदि ने संबोधित किया। इस मौके पर प्रताप सिंह सचान, रमाकांत पटेल, बच्चा सिंह, सुखदेव प्रसाद वर्मा, विजयपाल सिंह, राम प्रकाश साहू, विजय विक्रम सिंह, विष्णु प्रताप सिंह, महेंद्र यादव, संदीप सिंह, सौरभ शिवहरे, रामनरेश मिश्रा, रामफल त्यागी, सोहन सिंह आदि उपस्थित रहे।



पुलिस हिरासत में पशु चोर। अमृत विचार

### पुलिस ने 30 मवेशी समेत शातिर चोर किये गिरफ्तार

**नरैनी।** मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर आठ पशु तस्करों को गिरफ्तार करते हुए 30 मवेशी बरामद किए। जबकि एक पशु तस्कर पुलिस की घेराबंदी तोड़कर भागने में सफल रहा। पुलिस फरार आरोपी की तलाश में जुट गई है। पकड़े गए तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत तस्कर मवेशियों को काटने के लिए क्रूरता पूर्वक लिए जा रहे थे। मुखबिर की सूचना पर कोतवाली उप निरीक्षक रवि कुमार अपने हमराहियों के साथ मौके पहुंच गए। रमपुरवा गांव के जंगल के रास्ते नदी की तरफ तस्कर 15 पशुओं को ले जाते दिखाई दिए। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए रमपुरवा गांव निवासी संदीप सिंह उर्फ सोनू व उसके भाई कुलदीप पुत्रगण रामचंद्र और छतरपुर जिले के गौरिहार निवासी इंद्रबहादुर उर्फ इंदू को गिरफ्तार कर लिया। जबकि रजोल पुत्र रामचंद्र पुलिस की घेराबंदी तोड़कर फरार हो गया। उप निरीक्षक के मुताबिक गिरफ्तार तस्कर पशुओं को काटने के लिए मध्य प्रदेश व अन्य राज्यों में ले जाते हैं। तीनों तस्करों के विरुद्ध पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के तहत रिपोर्ट दर्ज की गई है। उधर, मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मवेशियों से भरा पिकअप वाहन को करतल रोड पर गोरेपुरवा मोड़ के पास पकड़ लिया। तलाशी के दौरान 15 मवेशी बरामद हुए। कोतवाली पुलिस ने लहुरेटा गांव निवासी आरिफ पुत्र मोहम्मद हफीज, गुलाम पुत्र अब्दुल हफीज, समीर शाह पुत्र मोमीन शाह, गोरेपुरवा निवासी राजबहादुर पुत्र मइयादीन को गिरफ्तार कर लिया। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सुरेश सैनी ने बताया कि तस्करों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है।

### आज सात घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**बांदा।** शासन के निर्देश पर पावर कारपोरेशन आगामी गर्मी के मौसम में भरपूर विद्युत आपूर्ति मुहैया कराने के लिए जर्जर तारों व विद्युत पोलों को बदलने का काम युद्ध स्तर पर कर रहा है। इसी क्रम में बिजनेस प्लान के तहत शहर में विभिन्न फीडरों में 11 हजार लाइन के जर्जर तारों को बदला जा रहा है। 19 मार्च (बुधवार) को शहर के स्टेशन रोड और महेश्वरी देवी विद्युत फीडर की आपूर्ति सुबह 10 से शाम 6 से शाम तक बाधित रहेगी। विद्युत वितरण (नगरीय) अधिशाषी अभियंता प्रकाश वेद पांडेय ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

सफलता — पुत्र को वर्दी में देखकर माता-पिता के छलक पड़े आंसू, गांव वालों ने गाजे-बाजे के साथ किया स्वागत

# दरोगा बने बेटे ने मां को किया सैल्यूट

संवाददाता कमासिन, बांदा

**अमृत विचारः** हर माता-पिता का सपना होता है उनकी औलाद बड़ा आदमी बने और उनका नाम रोशन करे। अगर माता-पिता कम पढ़े-लिखे हों तो औलाद की कामयाबी के मायने और भी बड़े हो जाते हैं। ऐसा ही हुआ है कमासिन में। बेटा जब पुलिस सब इंस्पेक्टर बनने के बाद वर्दी पहनकर घर पहुंचा तो उसने मां को पीकैप पहनाकर सैल्यूट किया। पुत्र को वर्दी में देखकर माता-पिता की आंखों से आंसू की धार बह निकली।

कमासिन कस्बा निवासी योगेंद्र सिंह पुत्र रामकिशोर यादव सोमवार को उप निरीक्षक का प्रशिक्षण पूरा करने बाद घर लौटे तो पड़ोसियों व अन्य ग्रामीणों ने बैंडबाजे के साथ उनका स्वागत किया।

उसे फूल मालाओं से लाद दिया। मां शिवदुलारी ने बेटे के माथे पर तिलक लगाया तो बेटे ने पीकैप उतारकर मां को पहनाते हुए सैल्यूट मारा और पिता के पैर छूकर आशीर्वाद लिया। कहा कि इसके असली हकदार आप लोग ही हो।

मां के मुताबिक योगेंद्र ने यूपी पुलिस में उप निरीक्षक बनने की ठानी और बिना कोचिंग व संसाधनों के उसने घर पर ही दिनरात मेहनत की। 2021 की भर्ती में उसका चयन हो गया। 12 मार्च 2023 को वह ट्रेनिंग पर सुल्तानपुर चला गया। प्रशिक्षण पूरा कर जब वह घर लौटा तो ग्रामीणों ने उसका बैंडबाजे के साथ स्वागत किया और फूल मालाओं से लाद दिया। योगेंद्र ने कहा कि इस सम्मान के असली हकदार मेरे माता-पिता हैं। उन्होंने ही मुझे आगे बढ़ने को प्रेरित किया। माता-पिता के आशीर्वाद की बदौलत दिनरात मेहनत कर इस सफलता को प्राप्त किया।



मां को पीकैप पहनाकर आशीर्वाद लेते योगेंद्र यादव। अमृत विचार

# सागर ने गेट की परीक्षा में हासिल की 75वीं रैंक

कार्यालय संवाददाता बांदा,

**अमृत विचारः** 'कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं हो सकता, जरा तबियत से एक पत्थर तो उछालो' किसी शायर की इन पंक्तियों को चरितार्थ करते हुए शहर के छाबी तालाब रोड निवासी सागर सोनी ने देश की कठिनतम परीक्षाओं में शामिल गेट की परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सागर ने अपनी मेधा की दम पर गेट की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंकिंग 75वीं रैंक हासिल की है।

सागर की इस उपलब्धि से जहां उसका परिवार खुशी से झूम उठा है, वहीं समूचे जिले में बस सागर की प्रतिभा की ही चर्चा हो रही है। सागर के पिता उमेश सोनी शहर में ज्वैलर्स की दुकान खोले हैं, वहीं माता अंजना सोनी साधारण गृहणी हैं। पिता उमेश बताते हैं कि सागर शुरू से ही पढ़ाई में होशियार रहा है, उसने शहर के सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज से हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की पढ़ाई पूरी करने के बाद आईईटी लखनऊ से इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में बीटेक किया और गेट की ऑनलाइन तैयारी में जुट गया। सागर की मेहनत का ही नतीजा है कि गेट-2024 की परीक्षा में ऑल इंडिया रैंक 75 लाकर उसने परिवार के साथ जिले का भी नाम रोशन किया है। उसका चयन पावरग्रिड कॉरपोरेशन में एक्जीक्यूटिव इंजीनियर के पद पर हुआ है। सागर ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरुजनों को दिया है।



सागर को मिठाई खिलाते माता-पिता। अमृत विचार




सुन्नी

इफ्तार (मंगलवार) 06 :27 बजे | सहरी (बुधवार) 04 :50 बजे

नोट : रोजेदारों की सुविधा के लिए सहरी का समय एक दिन आगे का दिया जा रहा है।

## एक नजर

### चार जुआरी गिरफ्तार

**महोबा।** पुलिस अधीक्षक द्वारा जुआ, सट्टा खेलने वालों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कबरई क्षेत्र में चार जुआरियों को गिरफ्तार किया है। उपनिरीक्षक रामेंद्र कुमार गौतम को जुआ खेल रहे संजय, हसन, मानवेंद्र व विक्रम निवासी ग्राम मकरबई कबरई को पकड़ लिया। पुलिस ने मालफड़ और जामा तलाशी से लगभग 6100 रुपये व ताश के पत्ते बरामद किए है। सभी अभियुक्तों के खिलाफ धारा 13 जुआ अधिनियम के तहत अभियोग दर्ज किया गया है।

### बिना अनुमति न छापें प्रचार सामग्री

**महोबा।** भारत निर्वाचन आयोग ने हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत जिले की दो विधानसभा क्षेत्र महोबा और चरखारी के निर्वाचन की घोषणा के बाद से आदर्श आचार संहिता लागू कर दी है। लोकसभा चुनाव 2024 पंपलेट, पोस्टर, मुद्रण एवं प्रकाशन लोक प्रतिधित्व अधिनियम 1951 के धारा 127क के उपबंधों द्वारा विनिमित किया गया हैं जिले के सभी प्रिंटिंग प्रेस स्वामियों को निर्देशित किया गया है कि किसी भी निर्वाचन पंपलेट या पोस्टर प्रकाशक द्वारा मुद्रित ऐसी सामग्री पर मुद्रक और प्रकाशक के नाम व पते का स्पष्ट रुप से उल्लेख करें।

### दबंग ने ग्रामीण को पीटा

**महोबा।** ग्राम शाहपहाड़ी में मामूली विवाद के चलते दबंगों ने एक ग्रामीण की मारपीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। ग्रामीणों के बीच बचाव के बाद घायल को परिजनों द्वारा जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका परीक्षण किया गया, लेकिन हालत में सुधार न होने पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया। शहर कोतवाली के ग्राम शाहपहाड़ी निवासी हरिदास (31) पुत्र शिवप्रसाद का गांव के ही एक युवक से खेत पर बकरी चले जाने को लेकर विवाद हो गया, जिस पर दबंग ने ग्रामीण को मारपीट कर घायल कर दिया। शोर शराबा सुन आसपास के ग्रामीण वहां पहुंच गए और बीच बचाव किया गया। परिजनों द्वारा घायल को जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां पर उसे मेडिकल कालेज झांसी के लिए रेफर कर दिया गया।

# भाजपाई बने पूर्व राज्यमंत्री का स्वागत

## खन्ना, चिचारा और कबरई में भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से लाद दिया

कार्यालय संवाददाता, महोबा



समर्थकों के साथ पूर्व राज्यमंत्री सिद्ध गोपाल साहू। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भाजपा में शामिल हुए पूर्व राज्यमंत्री सिद्धगोपाल साहू का गृह जिले में जबरदस्त स्वागत हुआ। सपा छोड़कर लखनऊ में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक की मौजूदगी में उन्होंने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की थी। शहर में लोगों ने फूलों की वर्षाकर उनका स्वागत किया। छंगा चौराहा पर आतिशबाजी की गई।

2002 के विधानसभा चुनाव में महोबा विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी के विधायक चुने गए सिद्धगोपाल साहू की बढ़ती लोकप्रियता को देखते हुए सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव ने उन्हें सपा सरकार में खनिज राज्यमंत्री के पद से नवाजा था। लगभग 22 साल तक सपा की सेवा करने के बाद पिछले 2022 के विधानसभा चुनाव में सिद्धगोपाल साहू का सपा से टिकट काटकर कांग्रेस से आए मनोज तिवारी को टिकट दे दिया, इसके बाद भी वह सपा से जुड़े रहे, लेकिन पार्टी की बैठकों व अन्य कार्यक्रमों में उन्हें खास तबज्जो न दिए जाने से वह नाराज हो गए। इतना ही नहीं उनके सपा के टिकट पर चुनाव के समय तमाम सपाईयों द्वारा समर्थन करने के बजाय विरोध भी किया जाता रहा, जिससे वह 2012 के विधानसभा चुनाव में 350 वोटों से चुनाव हार गए थे।

तबज्जो न दिए जाने से वह पार्टी में रहकर अपने आप को उपेक्षित महसूस कर रहे थे और मोदी की नीतियां उनको प्रभावित कर रही थीं। ऐसे में सपा से नाता तोड़कर वह भाजपा में शामिल हो गए। भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने के बाद अब अपने गृह नगर लौटे पूर्व राज्यमंत्री का जिले की सरहद खन्ना, चिचारा और कस्बा कबरई सहित जगह- जगह जोरदार स्वागत किया गया। वैकवर्ड तबके में अच्छी पकड़ रखने वाले सिद्धगोपाल साहू के भाजपा में शामिल हो जाने से भाजपा को लोकसभा चुनाव में इसका अच्छा लाभ मिलेगा। उन्होंने गृहनगर आने के बाद भाजपा के तमाम नेताओं से भी मुलाकात की और अपनी टीम से भाजपा प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में जुटने का आहवान किया।

### पहले चुनाव में बन गए थे नगर पंचायत अध्यक्ष

साधारण परिवार में पैदा हुए सिद्धगोपाल साहू के पिता गल्ला कारोबारी थे, लेकिन सिद्धगोपाल को राजनीति के प्रति विशेष रुचि थी। उन्होंने 1995 में बहुजन समाज पार्टी से राजनीति की शुरूआत की, इसके बाद बसपा से ही नगर पंचायत कबरई अध्यक्ष का टिकट मिलने पर वह पहली दफा में नगर पंचायत करई के चेयरमैन निर्वाचित हुए। सिद्धगोपाल साहू ने इसके बाद पीछे मुडकर नहीं देखा और 2002 में समाजवादी पार्टी में शमिल हुए साथ ही सपा भी विधानसभा का टिकट भी पा लिया। 2002 में सपा मुखिया मुलायम सिंह यादव ने विधानसभा में साहू वोट काफी कम संख्या में होने के बाद भी सिद्धगोपाल साहू पर भरोसा जताया और वह सपा मुखिया के भरोसे पर खरे उतरे थे, लेकिन नेताजी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पद से हटने से बाद से उनकी उपेक्षा होने लगी, जिससे अब उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया है।

# स्नातक में करें अधिक मेहनत, इसी से खुलता रोजगार का रास्ता : निदेशक

कार्यालय संवाददाता, महोबा



भोजन ग्रहण करतीं छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय शिविर के तीसरे दिन एनएसएस के स्वयंसेवक और सेविकाओं ने साफ- सफाई के बावत लोगों को जागरूक किया साथ ही साफ - सफाई न रखने से होने वाले नुकसान के बावत भी बताया। एनएसएस शिविर के प्रति छात्र-छात्राओं में विशेष उत्साह नजर आया। शिविर के मौके पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि महोबा डा. अभय कुमार यादव रहे। मुख्य अतिथि का जोरदार तरीके से स्वागत किया गया। शिविर दौरान छात्र छात्राओं ने भोजन ग्रहण किया।

एनएसएस शिविर को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि उपनिदेशक कृषि ने कहा कि छात्र- छात्राओं को आगे बढ़ने के लिए स्नातक शिक्षा के दौरान अधिक मेहनत करना चाहिए। इस डिग्री के बाद ही नौकरी के रास्ते खुल जाते हैं। बुंदेलखंड क्षेत्र में दलहन तिलहन उत्पादन के आकड़े देखते हुए कहा कि इसको कृषि का हब बनाने की सरकार की योजना है। हम सभी को कृषि को अधिक से अधिक महत्व देना चाहिए, क्योंकि बुंदेलखंड में 75 से 80 प्रतिशत लोग आज भी कृषि पर आधारित हैं। हम लोग जितनी अधिक मेहनत कर सकते हैं उनकी अधिक धनराशि अर्जित कर सकते हैं।

डा. अनवर आलम ने विश्व बाजार में मुद्रा का मूल्य कैसे तय होता है और महंगाई व मुद्रा स्फीति का पारस्पर संबन्ध क्या है। बैंकिंग प्रणाली का संचालन और नियमन कैसे होता है इन विषयों पर अपना व्याख्यान दिया। डा. एलसी अनुरागी ने पंचायती राज में ग्रामीण विकास पर विस्तार पर जानकारी दी। इस मौके पर स्वयंसेवियों ने शहर की गली-गली जाकर जलसंरक्षण एवं बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ विषय पर लेखन करके जागरुकता का संदेश दिया। भित्ति लेखन संदेश का सबसे सशक्त माध्यम है। जिले के नोडल अधिकारी एवं एनएसएस प्रथम इकाई अधिकारी ने समाजसेवा करने की प्रेरणा दी। महाविद्यालय के तमाम प्रवक्ता और छात्र छात्राएं मौजूद रही।

- एनएसएस शिविर के दौरान छात्र- छात्राओं में दिखा सेवा करने का विशेष उत्साह

# लोस चुनाव में जुटेंगे सपा छात्रसभा के पदाधिकारी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव में जीत हासिल करने के लिए राजनीतिक दल अपने फ्रंटल संगठनों की इकाई का गठन भी तेजी से कर रहे हैं। समाजवादी पार्टी छात्रसभा के जिलाध्यक्ष गंगा सिंह यादव ने छात्रसभा के तीन जिला महासचिव, दस जिला उपाध्यक्ष, 21 जिला सचिव, आठ नगर अध्यक्ष, दो विधानसभा अध्यक्ष और चार ब्लाक अध्यक्ष सहित छात्र सभा कार्यकारिणी का गठन किया। कार्यकारिणी गठन के मौके पर समाजवादी की नीतियों को जनजन तक पहुंचाने और सपा कांग्रेस गठबंधन प्रत्याशी के पक्ष में चुनाव कार्यों में जुटने का आहवान किया गया।

समाजवादी छात्र सभा जिला कार्यकारिणी में विकास कुशवाहा प्रमुख महासचिव, रोविंन सोनी और लतीफ कुरैशी का महासचिव बनाया गया। दीपनारायण सिंह कोषाध्यक्ष, अनुज ठाकुर, सैफ अली, मोहित यादव, कुलदीप अनुरागी, राकेश यादव, अंकुश यादव, मृत्युंजय शुक्ला को जिला उपाध्यक्ष बनाया गया। पंकज वर्मा, अर्सिल खान, अरुण, हर्ष चौरसिया, अनशुल यादव, खेमचंद्र कुशवाहा, रोहित प्रजापति, अनस अली, रबी श्रीवास, सुधीर वर्मा को जिला सचिव बनाया गया।

शत्रुघ्न अनुरागी, उमेश राजपूत, ज्ञानेंद्र राजपूत, विक्रम राजपूत, प्रिस पाठक, कुणाल श्रीवास, सागर यादव, धीरेंद्र पाल, सुमित सिंह सहित एक दर्जन से अधिक सदस्य बनाए गए।

- समाजवादी छात्रसभा की कार्यकारिणी का किया गया गठन

# लोकसभा चुनाव: नेताओं के पाला बदलने का सिलसिला हुआ तेज

कार्यालय संवाददाता, महोबा



भाजपा की सदस्यता ग्रहण करने वालों का स्वागत करते पदाधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की हलचल तेज होने के साथ ही पार्टियों में पाला बदलने का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे ज्यादा नेता और कार्यकर्ता सपा, बसपा छोड़कर भाजपा में शामिल हो रहे हैं। भाजपा ने तो ज्वानिंग कमेटी तक बना दी है। भाजपा की ज्वानिंग कमेटी के संयोजक चक्रपाणि त्रिपाठी ने सोमवार को एक दर्जन से ज्यादा दूसरे दलों से भाजपा में आए लोगों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराने के बाद उन्हें भाजपा का गमछा डालकर उनका स्वागत किया।

भाजपा की ज्वानिंग कमेटी का गठन हो जाने के बाद कमेटी पदाधिकारी अब तेजी से दूसरे दलों से आ रहे कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाने में जुटे हुए हैं, जबकि एक पखवाड़ा पहले बेलाताल क्षेत्र के बड़े पैमाने पर ग्राम प्रधानों, क्षेत्र पंचायत सदस्यों व विभिन्न दलों से आए पार्टी कार्यकर्ताओं को भाजपा की सदस्यता दिलाई गई। भाजपा में शामिल होने के बाद दूसरे दलों से आए जनप्रतिनिधि व अन्य लोग भी खासा खुश हैं।

ज्वानिंग कमेटी के संयोजक ने भाजपा कार्यालय महोबा में भाजपा जिलाध्यक्ष अवधेश गुप्ता की मौजूदगी में सपा के पूर्व प्रधान पनवाड़ी आशाराम यादव, नकरा के राजेश अनुरागी, क्षेत्र पंचायत सदस्य नकरा के जगत सिंह सहित आधा दर्जन विभिन्न दलों से आए कार्यकर्ताओं ने भाजपा में अपना विश्वास जताते हुए सदस्यता ग्रहण कर ली। पार्टी को मजबूत करने का भरोसा दिलाया।

- प्रधान और पूर्व प्रधान ने थामा भाजपा का दामन

# ईमानदारी से जकात निकले तो कोई भूखा नहीं सोएगा

कार्यालय संवाददाता, महोबा



मौलाना आफाक।

**अमृत विचार।** काजी-ए-शहर मौलाना कारी आफाक हुसैन का कहना है कि जिस दिन ईमानदारी के साथ घर-घर से जकात निकलने लगेगी उस दिन से जिले में कोई भी भूखा नहीं रहेगा जकात मिस्कीन, गरीबों और मुफलिसों को दी जाती है। जकात से मदरसे भी चलते हैं जहां पर गरीब बेसहारा बच्चों को खानपान से लेकर मुफ्त में शिक्षा दी जाती है।

मौलाना ने कहा कि सैकड़ों साल पहले भी बैतुलमाल कायम था। जहां पर पैसे को एकत्र किया जाता था और जरूरत पड़ने पर गरीबों बेसहारों को दिया जाता था बैतुलमाल से बिना ब्याज के कर्ज भी दिया जाता था। उन्होंने कहा कि जकात इस्लाम का पुल है। जिस माल की जकात निकाल दी जाती है। वह माल महफूज रहता है। जकात न देने वालों का हश्र के दिन बुरा हाल होगा, क्योंकि अल्लाह ताआला ने साहबे निसाब पर जकात फर्ज की है, जिससे कोई भी गरीब भूखा न रहे और दूसरों की तरह वह भी त्योहारों को खुशी से मना सके।

काजी ए शहर ने कहा कि रोजे का दारोदादार नियत पर है।

उन्होंने कहा कि रोजी की बहुत बड़ी फजीलत है। अल्लाह ताआला फरमाता है की रोजा रखने वालों की जगह वह खुद है अल्लाह ताआला रोजेदार बंदों से बेपनाह मोहब्बत करता है। रोजदार की हर दुआ कबूल करता है।

# हर घर जल पहुंचाने के लिए खोदी सड़क

संवाददाता जैतपुर, महोबा



खोदी गई सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नमामि गंगे योजना के तहत हर घर जल पहुंचाने के लिए पाइप लाइन डालने के चक्कर में जगह- जगह सड़कों को खोद दिया गया है, ये सड़कें अब ग्रामीणों के लिए मुसीबत बन गई है। लेवा ग्राम पंचायत के प्रधान ने ग्रामीणों के साथ सोमवार को खंड विकास अधिकारी जैतपुर को शिकायती पत्र देकर सड़कों की जल्द से जल्द मरममत कराए जाने की मांग की है।

विकासखंड जैतपुर की ग्राम पंचायत लेवा प्रधान रामरती ने बीडीओ जैतपुर फूलचंद सिंह से मुलाकात कर ऊबड़ खाबड़ सड़क के बावत अवगत कराते हुए सड़क का निर्माण कराए जाने की मांग की है। बीडीओ को दिए गए शिकायती पत्र में आरोप लगाया कि ग्राम पंचायत लेवा में पिछले साल विधायक निधि से प्राथमिक विद्यालय के पास सीसी रोड का निर्माण कराया था। नई सीसी को एक साल के अंदर ही पाइप लाइन बिछाने के चक्कर मो तोड़ डाला।

ग्राम पंचायत की सड़क गड्ढा युक्त हो जाने से थोड़ी सी बारिश होने पर सड़कों पर पानी भर जाता है। इसी तरह बस्ती की मुख्य सड़क पर गहरी खुदाई कर देने से हैंडपंपों का पानी रास्ते में जाने से सड़क पर बने गड्ढों पर पानी भर जाता है। प्राथमिक विद्यालय में बूथ बनाया गया, लेकिन विद्यालय मार्ग की सड़क पर जगह-जगह गड्ढे होने के कारण लोकसभा चुनाव में वाहनों के आवागमन में भारी असुविधा का सामना करना पड़ेगा। जल निगम के अधिशाषी अभियंता संदेश सिंह तोमर का कहना है कि इसकी जानकारी नहीं है, दो दिन के अंदर पाइप लाइन डालकर सड़क की मरम्मत करा दी जाएगी।

- प्रधान ने बीडीओ को पत्र सौंपकर समस्या से कराया अवगत, निजात की मांग

# तमंचा के साथ तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**महोबा।** जिले के अलग- अलग थाना क्षेत्रों की पुलिस ने तीन लोगों को तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। थाना महोबकंठ प्रभारी निरीक्षक राधेश्याम वर्मा द्वारा उपनिरीक्षक देवेंद्र पांडेय के नेतृत्व में पुलिस टीम ने क्षेत्र गश्त लगाते समय ग्राम भूरा तिराहा के समीप से रमेश राजपूत (35) पुत्र माखनलाल निवासी ग्राम कनकुआ महोबकंठ को 12 बोर तमंचा व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है।

शहर कोतवाली पुलिस ने राहुल ढाबा कबरई रोड के पास से अनिल अहिरवार (22) पुत्र कालीचरन अहिरवार निवासी ग्राम पसवारा महोबा को 12 बोर तमंचा व कारतूस सहित पकड़ा है। थाना कबरई पुलिस ने ग्राम बघवा खोड़ा के पास से तमंचा व कारतूस सहित देवकरन कुशवाहा (34) पुत्र छोटा कुशवाहा निवासी ग्राम बघवा कबरई को पकड़ा है।

# अनुमति से ही करें जनसभा और निकालें जुलूस

कार्यालय संवादाता, महोबा



बैठक में जानकारी देते जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

- राजनीतिक दलों के अध्यक्षों के साथ जिला निर्वाचन अधिकारी ने की बैठक
- चुनाव आचार संहिता के नियमों का पालन करने की सीख पदाधिकारियों को दी

**अमृत विचार।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 की घोषणा के बाद जिला निर्वाचन अधिकारी मृदुल चौधरी व अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने कलेक्ट्रेट सभागार में राजनीतिक दलों के जिलाध्यक्ष एवं प्रतिनिधियों के साथ बैठक की। कहा कि चुनाव आचार संहिता का पालन करें। बिना अनुमति के न जनसभा करें और न ही कोई जुलूस निकालें।

बैठक में जिला निर्वाचन अधिकारी नें कहा कि लोकसभा निर्वाचन 2024 को पूरे पारदर्शी निष्पक्ष व स्वस्थ तरीके से संपन्न कराने को प्रशासन प्रतिबद्ध है। जनपद में रैली, जनसभा, रोड शो, और पदयात्रा करने के लिए अनुमति लेनी होगी। उन्होंने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से कहा कि रोड शो, रैली, साइकिल रैली, पदयात्रा या जनसभा के आयोजन से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। इस दौरान किसी भी राजनितिक दल व किसी अन्य के द्वारा किसी भी प्रकार की रैली, रोड शो, जनसभा नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि लोगों को अधिक से अधिक मतदान करने के लिए स्वीप/मतदाता जागरूक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रेरित किया जा रहा है, इसके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में आदर्श बूथ बनाए जा रहे हैं।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि निर्वाचन के दौरान कैश मूवमेंट न हो, जांच के दौरान यदि नकद धनराशि पकड़ी जाती है तो उसे सीज कर दिया जायेगा। उन्होंने सभी राजनैतिक दलों के पदाधिकारियों से कहा कि निर्वाचन के दौरान निर्धारित गाइडलाइंस का पालन सुनिश्चित किया जाए, जनपद में आदर्श आचार संहिता लागू है बैनर पोस्टर आदि हटवाने का कार्य प्रारंभ है। जनपद में समस्त विधानसभा के अंतर्गत मैदानों को चिन्हित किया गया है। जहां पर चुनाव सभा अनुमति लेने के बाद ही आयोजित की जा सकेगी। अपर पुलिस अधीक्षक सत्यम ने बताया कि आदर्श आचार संहिता 16 मार्च से लागू हो गई है। निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का भली भांति अध्ययन कर ले, ऐसी कोई भी लापरवाही ना करें। इससे प्रशासन को सख्त कार्रवाई करनी पड़े। उप जिला निर्वाचन अधिकारी राम प्रकाश ने आदर्श आचार संहिता, चुनाव में अनुमति शिकायत आदि की जानकारी दी। इस मौके पर एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, एसडीएम कुलपहाड़ अनुराग प्रसाद, डिप्टी कलेक्टर मृत्युंजय मिश्रा सहित अन्य अधिकारीगण एवं राजनैतिक दलों के पदाधिकारी गण उपस्थित रहे।

**महिला सशक्तिकरण** | रोशन सिंह बदन सिंह गायत्री महाविद्यालय के दो दिवसीय एनएसएस शिविर का हुआ समापन

# हर जिम्मेदारी बखूबी निभा सकती हैं महिलाएं : प्राचार्य

कार्यालय संवाददाता, महोबा



एनएसएस शिविर के दौरान मौजूद छात्राएं। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रोशन सिंह बदल सिंह गायत्री महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक व सेविकाओं द्वारा ग्राम बीला दक्षिण में लगाए गए शिविर में महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम अधिकारी सहित तमाम छात्राओं द्वारा महिलाओं को पुरुषों के बराबर लाने, महिला का उत्थान सहित तमाम विषयों पर विचार व्यक्त किया।


मुख्य अतिथि ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर गोष्ठी की शुरुआत की। एनएसएस छात्राओं ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। छात्राओं द्वारा गीत संगीत की बेहतरीन प्रस्तुति भी दी गई। एनएसएस छात्र- छात्राओं ने ग्राम का भ्रमण कर ग्रामीणों को अपने बच्चों को शिक्षित बनाए जाने के लिए भी जागरूक किया।

ग्राम बीलादक्षिण में आयोजित एनएसएस शिविर की शुरुआत महाविद्यालय के प्राचार्य ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण किया। छात्रा चंचल यादव द्वारा सरस्वती वंदना प्रस्तुत की गई, इसके बाद महिला सशक्तिकरण पर गोष्ठी का आयोजन किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने कहा कि आज भी कई जगहों पर महिलाओं को पुरुषों की भांति कार्य करने से रोका जाता है और उन्हें गृहणी बनाते हुए परिवार और घर संभालने तक सीमित किया जाता है, लेकिन महिलाएं घर परिवार के साथ साथ अन्य जिम्मेदारियों को बखूबी निभाने में सक्षम होती हैं, बस जरूरत है एक मौके की। कार्यक्रम अधिकारी डा. आदित्य प्रकाश खरे ने कहा कि महिलाओं को पुरुषों के बराबर लाने के लिए महिला सशक्तिकरण में और अधिक तेजी लाने की आवश्यकता है। महिलाओं का उत्थान राष्ट्र की प्रगति है।

उन्होंने कहा कि महिला पुरुष के बीच असमानता कई समस्याओं को उत्पन्न करती है। लैंगिक असमानता भारत में मुख्य सामाजिक मुद्दा है, जिसमें महिलाएं पुरुषवादी प्रभुत्व देश में पिछड़ती जा रही हैं। कहा कि ग्रामीण और शहरी महिलाओं के बीच के अंतर को समाप्त करके महिलाओं की स्थिति को सशक्त बनाकर अंतर को मिटाना बेहद जरूरी है। छात्रा तपस्या तिवारी ने कहा कि प्राचीनकाल में महिलाओं की सम्मानजनक स्थिति थी, लेकिन आज महिलओं में ही एकता नही है। कहा कि हर बेटी अगर सास को मां समझने लगे और प्रत्येक सास अपनी बहू को बेटी तो समाज में एकरूपता का भाव उत्पन्न हो जाएगा। इस मौके पर समीना बनो, पूनम सिंह, कल्याण सिंह, संदीप बुघोलिया, रामाधार पाल, छात्र रितिका, मोहिनी विश्कर्मा, अंशिका सहित महाविद्यालय के तमाम लोग मौजूद रहे। दो दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन महाविद्यालय के प्राचार्य डा. ज्ञान सिंह ने किया, जबकि कार्यक्रम का संचालन मीनाक्षी विश्वकर्मा द्वारा किया गया।

# कुरान सर्वाधिक पढ़ी जाने वाली किताब

कार्यालय संवाददाता, महोबा



हाफिज कारी सलीम का स्वागत करते लोग। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रमजान में खत्मुल कुरान का सिलसिला शुरू हो गया है। सबसे पहले शहर के मगरियापुरा की मस्जिद में हाफिज कारी सलीम साहब ने कुरान सुनाकर तरावीह खत्म की। इसी दिन शहर के मिल्कीपुरा में हाफिज कारी मुअज्जम साबरी ने खत्मुल कुरान किया। इसके बाद मदन सागर वाली मस्जिद में भी तरावीह खत्म हुई। खत्मुल कुरान के मौके पर मौलानाओं ने रोजे की फजिलत बताते हुए रोजे की अहमियत बनाई।

मगरियापुरा की मस्जिद में खत्मुल कुरान के मौके पर कारी सलीम साहब ने खिताब करते हुए कहा कि दुनिया में सबसे ज्यादा पढ़ी जाने वाली किताब कुरान है। इस कुरान में अल्लाह तआला ने हर चीज का जिक्र किया है। इंसानों के लिए हिदायत का तरीका कुरान में बताया है, इस्लाम के सारे कानून कुरान में मौजूद हैं। अल्लाह तआला ने कुरान को याद करने वालों के लिए कुरान बहुत आसान कर दिया है, इसलिए कुरान को सीने में दस से 15 साल के बच्चे याद करके बसा लेते है। उन्होंने कहा कि लोग कुरान की खुद तिलावत करें और बच्चों को भी कुरान की तिलावत करने की हिदायत दें। कुरान की तिलावत करने से तमाम परेशानी दूर हो जाती है।

खत्मुल कुरान के मौके पर हाफिज सलीम साहब को नजराने के तौर पर 55 हजार रुपये दिया गया। इसके अलावा तमाम लोगों ने मुसाफा कर उनका सम्मान किया। मगरियापुरा की मस्जिद छह दिन की तरावीह होने के कारण भारी भीड़ जुटी। मुजफ्फर हुसैन अंसारी, फरीद अंसारी, राजू अंसारी, गुलजार खान, शकील अंसारी, तौफीक, शानू सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

- मगरियापुरा की मस्जिद में खत्मुल कुरान के मौके पर किया खिताब

## एक नजर

### जिला बदर अपराधी गिरफ्तार हुआ

**हमीरपुर।** अपराध नियंत्रण एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान में गुंडा एक्ट के तहत ग्राम बजेहटा निवासी जिला बदर अपराधी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। थाना ललपुरा के उप निरीक्षक राजेश कुमार यादव ने बताया कि बजेहटा गांव निवासी जितेंद्र सिंह को जिला मजिस्ट्रेट की अदालत ने पिछले 27 दिसंबर को छह माह के लिए जिला बदर किया था। लेकिन जिला बदर घोषित अपराधी क्षेत्र में ही रह रहा था। सोमवार को उन्होंने कांस्टेबल कन्हैया त्रिपाठी के साथ उसे गांव से ही दबोच लिया। गुंडा नियंत्रण अभियोग पंजीकृत कर न्यायालय भेजा गया है।

### युवक पर छेड़छाड़ का आरोप पुलिस को दी गई तहरीर

**मौदहा (हमीरपुर)।** कस्बे निवासी महिला ने अपने मोहल्ले के युवक पर फोन में अश्लील बातें तथा रास्ते में छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली पुलिस को तहरीर दी। नगर के उपरौस निवासी एक महिला ने कोतवाली मौदहा में तहरीर दी है कि मोहल्ला निवासी युवक उसे फोन कर उससे अश्लील बातें करता है इसके अलावा आरोपी रास्ते में निकलने चलने में छेड़खानी करने से नहीं चूकता है।

# सांसद जी! राठ को औद्योगिक क्षेत्र घोषित कराएं, सुविधाएं भी दिलाएं

## राठ में आयोजित सांसद-व्यापारी संवाद गोष्ठी में बताई गईं समस्याएं

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** उप्र उद्योग व्यापार मंडल की ओर से उत्सव पैलेस में व्यापारी सांसद संवाद गोष्ठी का आयोजन किया गया। संवाद गोष्ठी के मुख्य अतिथि सांसद पुष्पेंद्र सिंह चंदेल ने व्यापारियों की समस्याएं सुनीं।

व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष केजी अग्रवाल ने सांसद से मांग करते हुए कहा कि राठ एक बहुत ही बड़ा व्यापारिक क्षेत्र है। इसमें लगभग 20 दाल मिल एवं बड़े सोरटेक्स प्लांट हैं। परंतु राठ के आसपास इंडस्ट्रियल एरिया घोषित न होने के कारण व्यापारियों को बहुत ही असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। यदि बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे के नीचे जखेड़ी के आसपास का एरिया औद्योगिक क्षेत्र घोषित किया जाए तो यहां के व्यापारियों को बहुत अधिक सहूलियत होगी। यहां पर अन्य इंडस्ट्री भी स्थापित की जा सकेंगी। इससे क्षेत्र का विकास होगा। युवा उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष प्रदीप कुमार गुप्ता ने मांग की कि पिछले कुछ समय से जीएसटी के अधिकारी व्यापारियों को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। किसी के द्वारा फर्जी शिकायत करने के वाद जीएसटी विभाग के अधिकारी व्यापारियों पर उत्पीड़न की कार्रवाई करते हैं इसे तत्काल रोका जाए। इस दौरान सांसद पुष्पेंद्र चंदेल ने व्यापारियों को आश्वस्त किया कि औद्योगिक क्षेत्र की बहुत ही अच्छी मांग है। वह वादा करता हैं कि मुख्यमंत्री से मिलकर चुनाव बाद यहां पर एक औद्योगिक क्षेत्र घोषित कराया जाएगा। उन्होंने प्रदेश सरकार के द्वारा स्थापित बुंदेलखंड एक्सप्रेस-वे, जल व्यवस्था, विद्युत व्यवस्था एवं विभिन्न भारत सरकार एवं प्रदेश सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख किया।


निवर्तमान सांसद पुष्पेंद्र सिंह को मुकुट पहनाकर सम्मानित करते व्यापारी।

इस दौरान उप्र उद्योग व्यापार मंडल के व्यापारियों ने सांसद को मुकुट पहनाकर उनका सम्मान किया। विधायक मनीषा अनुरागी, जिला पंचायत अध्यक्ष जयंती राजपूत, भाजपा जिलाध्यक्ष सुनील पाठक समेत व्यापारी काशी प्रसाद गुप्ता, कैलाश चंद्र अग्रवाल, डा. रामगोपाल गुप्ता, शिवशरण सोनी, उमाशंकर गुप्ता, प्रमोद बजाज, मनोज आनंद, राजकुमार अग्रवाल, अंकित अग्रवाल, रविंद्र अग्रवाल, राजेश अग्रवाल समेत अनेक व्यापारी रहे।

# जुलूस और सभा के लिए जरूर लेनी होगी अनुमति

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

- जून तक के लिए जिलाधिकारी ने लगाई धारा-144

**अमृत विचार।** जिला मजिस्ट्रेट राहुल पांडेय ने लोकसभा चुनाव के मद्देनजर धारा-144 दंड प्रक्रिया संहिता को माह जून तक के लिए लागू कर दिया है। ऐसे में अब सभा, जुलूस आदि के लिए सक्षम अधिकारी से अनुमति लेनी पड़ेगी। यदि अनुमति के बिना जुलूस,सभा आदि का आयोजन करता है तो वह दंडनीय अपराध होगा और आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन होगा।

जिला मजिस्ट्रेट की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में 20 मई को मतदान, चार जून को मतगणना होगी। वहीं 24 मार्च को होलिका दहन व 25 मार्च को होली का पर्व व पांच अप्रैल को रमजान का अन्तिम शुक्रवार (अलविदा) तथा 11 अप्रैल को ईद-उल-फितर का त्योहार मनाया जाएगा। इसके अतिरिक्त 14 अप्रैल को डा.भीमराव आंबेडकर का जन्मदिन, नवरात्र तथा 17 अप्रैल को रामनवमी, 21 अप्रैल को महाबीर जयंती का पर्व मनाया जाएगा। निर्वाचन कार्यक्रम को शांतिपूर्वक सम्पन्न कराने व त्योहारो में शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर धारा-144 दंड प्रक्रिया संहिता की अवधि बढ़ाते हुए लागू किया जाना अति आवश्यक प्रतीत होता है। अपर जिला मजिस्ट्रेट अथवा उप जिला मजिस्ट्रेट की पूर्व अनुमति के कहीं भी पांच या पांच से अधिक व्यक्ति एकत्रित नहीं होंगे और न ही एक साथ घूमेंगे। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात कर्मियों, पूजा/प्रार्थना स्थलों पर नमाज, पूजा अथवा प्रार्थना कर रहे लोगों पर लागू नहीं होगा और दाह संस्कार के लिए शव यात्रा पर भी यह आदेश लागू नहीं होगा। वहीं जनपद में कोई भी व्यक्ति बिना पूर्व अनुमति कोई आग्नेयस्त्र, लाठी, डंडा, कांता, फरसा, तलवार, ज्वलशील पदार्थ, शस्त्र आदि लेकर नहीं चलेगा। यह आदेश ड्यूटी पर तैनात सुरक्षा कर्मियों एवं बिना लाठी के सहारे नहीं चल पाने वाले वृद्ध व दिव्यांगों पर लागू नहीं होगा।

# सीसीटीवी कैमरे जरूर लगवाएं

**हमीरपुर।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए क्षेत्राधिकारी श्रेयस त्रिपाठी ने मौदहा सर्किल पुलिसकर्मियों के साथ रूट मार्च किया। व्यापारियों को ऑपरेशन त्रिनेत्र फेज-2 के तहत सीसीटीवी कैमरे लगवाने को प्रेरित किया। कहा कि कैमरे लग जाने से अपराधियों और अराजकतत्वों को पकड़ने में आसानी होगी।

क्षेत्राधिकारी ने नगर क्षेत्र में स्थित क्रिटिकल मतदान केंद्र नारायच, मुटनी, मदारपुर, छिरका, खंडेह, रीबन एवं करहिया में फ्लैग मार्च किया। इस दौरान आमजन से शांतिपूर्ण व निर्भीक होकर मतदान करने की अपील की गई। आमजन को भरोसा दिलाया गया कि पुलिस, प्रशासन निष्पक्ष व सकुशल चुनाव संपन्न कराए जाने के लिए प्रतिबद्ध है। चुनाव को प्रभावित करने वाले व्यक्ति के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मौदहा वासियों को संपूर्ण सुरक्षा का एहसास कराया गया। दुकानदारों/व्यापारियों से वार्ता कर ऑपरेशन त्रिनेत्र फेज-2 के अंतर्गत अधिक से अधिक कैमरे लगवाने के लिए प्रेरित किया गया।

# चुनाव बाद बनेगी सड़क, अनशन खत्म

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

- एसडीएम ने अनशनकारियों को जूस पिलाकर खत्म कराया अनशन

**अमृत विचार।** पक्की सड़क बनवाने के लिए आमरण अनशन पर बैठक ग्रामीणों ने सोमवार को अनशन खत्म कर दिया। अनशनकारी की हालत खराब हो गई। इसकी जानकारी होने पर एसडीएम राजेश चंद्र मौके पर पहुंचे और चुनाव बाद सड़क बनवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने जूस पिला कर अनशन समाप्त करवाया।

ब्लाक की ग्राम पंचायत गऊघाट छानी के परसदवा डेरा की पक्की सड़क बनवाने के लिए ग्रामीणों ने गांव में बीते 12 मार्च से क्रमिक अनशन शुरू कर दिया था। अनशन के दूसरे दिन विभागीय अधिकारियों के मध्य हुई प्रथम वार्ता विफल रही। जिसके बाद अनशनकारियों ने 15 मार्च से आमरण अनशन (भूख हड़ताल) शुरू कर दी थी। जिसके बाद एसडीएम राजेश चंद्र अपनी टीम के साथ 15 मार्च को देर रात अनशन स्थल पहुंचे थे। लेकिन दूसरे दौर की वार्ता भी विफल रही थी। जिसके बाद अनशनकारियों ने अनशन जारी रखा। रविवार को अनशन के छठवें दिन पुनः एसडीएम द्वारा ठोस आश्वासन मिलने पर अनशनकारियों ने अनशन को समाप्त कर दिया। आमरण अनशन में बैठे बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत के जिला उपाध्यक्ष राजेंद्र निषाद ने बताया कि आचार संहिता का पालन करते हुए पूर्ण आश्वासन पर अनशन को समाप्त कर रहे है। लेकिन यदि जल्द ही समस्या का समाधान नहीं हुआ तो पुनः हम लोग मुख्यालय में आकर अनशन करेंगे। भूख हड़ताल में बैठे कृष्णा निषाद ने बताया कि आजादी के बाद से सड़क के लिए तरस रहे है। अब उम्मीद की किरण जगी है, उम्मीद है जल्द ही समस्या का समाधान हो जाएगा। इस मौके पर बुंदेलखंड नव निर्माण सेना भारत में राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय तिवारी, एडवोकेट विवेक निगम, इंजी.अरविंद मिश्रा, लाली पाल, छोटेलाल वर्मा, रविकरण पाल, साहबदीन, लाल सिंह यादव, राम आसरे पाल सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।


अनशनकारियों को जूस पिलाते एसडीएम राजेश चंद्र। अमृत विचार

# डॉक्टर से रंगदारी वसूलने में दो आरोपी गिरफ्तार हुए

संवाददाता, मौदहा

- चिकित्सक ने लूट का आरोप लगाया था

**अमृत विचार।** नगर में रविवार की शाम धर्मशाला में आयुर्वेद चिकित्सक के साथ कार सवार पांच लोगों ने लूट की घटना को अंजाम दिया था। चिकित्सक ने अन्य लोगों के साथ मिलकर एक आरोपी को दबोच लिया और पिटाई की। पुलिस ने लूट होने से इंकार कर रंगदारी मांगने व वसूलने का मामला दर्ज कर दो आरोपियों को पकड़ा।

रविवार की शाम थाना चौराहा के समीप जमुना धर्मशाला में सोनू भट्ट पुत्र कृष्ण लाल निवासी वीर बंगड़ा जिला कैथल, हरियाणा अपने साथी प्रदीप कुमार के साथ हर माह की तरह पिछले रविवार को अपने मरीजों को आयुर्वेदिक दवाएं दे रहा था। तभी एक कार सवार पांच बदमाश धर्मशाला पहुंचे और सोनू भट्ट को धमकाते हुए उससे 8000 रुपये व मोबाइल छीन लिया था। सोनू भट्ट ने घटना का विरोध कर लोगों की मदद से एक आरोपी को पकड़ उसके साथ मारपीट की और पुलिस के हवाले कर दिया था। घटना के बाद सोनू भट्ट ने इस घटना की तहरीर कोतवाली में दी थी। जिस पर पुलिस ने लूट की घटना को नकारते हुए आरोपी रमेश कुमार जाट पुत्र रनवीर सिंह ग्राम करौड़ा जिला कैथल तथा जितेंद्र जाट पुत्र मेवा सिंह ग्राम हाट जनपद जिंद, हरियाणा के खिलाफ रंगदारी वसूलने का मामला दर्ज किया था।

## सार-संक्षेप



सूरजपुर में कार्यक्रम प्रस्तुत करतीं छात्राएं। अमृत विचार

### पर्यावरण और जैव विविधता पर रखे विचार

**हमीरपुर।** राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई दो के सप्त दिवसीय शिविर के तीसरे दिन के कार्यक्रम को ग्राम पंचायत सूरजपुर में आयोजित किए गए। इस शिविर की शुरुआत बौद्धिक सत्र के साथ हुई। जिसमें डॉ. विद्या सिंह ने पर्यावरण और जैव विविधता विषय पर अपना विचार रखा। उन्होंने कहा कि जिस तीव्र गति से पौधों, मछलियों, पक्षियों, उभयचर प्राणियों के जीवन पर संकट आ रहा है। इससे मानव सभ्यता पर संकट आ जाएगा। हमें सभी प्राणियों को बचाने के लिए आगे आना होगा। हमारे भोजन से लेकर अर्थव्यवस्था तक के लिए जैव विविधता महत्त्वपूर्ण है। इसके परिस्थितिकीय मूल्यों से स्वयं सेवक समाज के लोगों को अवगत करें। भोजन सत्र में सभी ने मिलकर खाना पकाया और साथ बैठक भोजन किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. शिल्पी राय ने कहा की पर्यावरण को संतुलित रखने ने लिए हम सभी को वृक्षों को संरक्षित करने पर ध्यान देना होगा, यदि हम एक पेड़ काटते हैं तो उसके एवज में कम से कम पांच पेड़ लगाएं। जिसमें एक दो पेड़ तो तैयार हो ही जाएंगे।

### अनुबंधित बस के चालक से हुआ विवाद

**हमीरपुर।** शहर के बस स्टैंड पर रोडवेज की बसों को सड़क पर खड़ी कर सवारियां भरने से जाम लगता है। इसी के चलते रोडवेज डिपो के कर्मियों को बस स्टैंड पर लगाया गया है। सोमवार को स्टैंड पर किदवई नगर डिपो में अनुबंधित बस आई। चालक मनोज कुमार ने बस बीच रोड में खड़ी कर दी। सवारियां भरने पर जाम लगते देख स्थानीय डिपो के कर्मियों ने बस में डंडा मारकर आगे बढ़ाने को कहा तो चालक झगड़ा करने पर आमादा हो गया। कर्मियों से विवाद में बस स्टैंड पर भारी भीड़ लग गई। विवाद में कहता दिखा बस में गार्ड ने डंडा क्यों मारा। फिलहाल डिपो के जिम्मेदारों ने विवाद को सुलझाकर अनुबंधित बस को रवाना किया।

### पीएचसी में लगा हेल्थ एटीएम ठप

**सुमेरपुर(हमीरपुर)।** कस्बे के नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में लाखों रुपये की कीमत से लगाई गई हेल्थ एटीएम मशीन महीनों से बंद पड़ी है। इससे अब महज वजन ही तौला जा रहा है। मजबूरी में मरीजों को बाहर से महंगे दामों में जांचें करानी पड़ रही है। मरीजों को तुरंत जांच उपलब्ध कराने के मकसद से कस्बे के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में करीब दो साल पहले हेल्थ एटीएम मशीन लगाई गई थी। लेकिन मौजूदा समय में यह मशीन मरीजों के लिए बेमकसद साबित हो रही है। वर्तमान समय में इससे सिर्फ लोग अपना वजन ही तौला रहे हैं। जबकि इस मशीन से बीपी, शुगर, ऑक्सीमीटर, थर्मामीटर, हीमोग्लोबिन, वजन व हाइट की जांच की सुविधा है। सोमवार को जांच के लिए पहुंचे एनके यादव, संतोष कुमार, गोलू, दीपक यादव, उषा देवी ने बताया कि मशीन बंद होने से जांच नहीं हो सकी। जिससे मजबूरी में बाहर से महंगे दामों में जांच करानी पड़ी है। प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ.पुष्पेंद्र कुमार ने बताया कि कॉटेज खत्म होने व टेक्नीशियन के न होने से जांच प्रभावित हो रही है। अधिकारियों को पत्राचार किया गया है। जल्द ही हेल्थ एटीएम मशीन चालू कर दी जाएगी।

### स्पेलर से युवक का हाथ कटा

**कुरारा (हमीरपुर)।** बेरी गांव निवासी मोहनलाल द्विवेदी पुत्र मनोज द्विवेदी सोमवार को लाही का तेल पिराने के लिए गांव स्थित चक्की पर गया था। पिराई के दौरान कोल्हू की चपेट में आ जाने से उसका एक हाथ बुरी तरह घायल हो गया। जिसकी जानकारी परिवारीजनों को होने पर उसे आनन–फानन में उसे जिला अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने इलाज करने के बाद कानपुर रेफर कर दिया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइक सवार घायल

**कुरारा (हमीरपुर)।** थाना क्षेत्र के पतारा श्रमदान के पास कालपी हमीरपुर हाईवे में अज्ञात ट्रक चालक द्वारा बाइक सवार को टक्कर मारने पर घायल के पिता ने अज्ञात ट्रक चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। थाना क्षेत्र के भटपुरा गांव निवासी भूरा पुत्र भगवानदीन ने थाने में दी तहरीर में बताया कि बीते शनिवार को मेरा पुत्र नंदलाल व उसका साला राजेंद्र बाइक से हमीरपुर जा रहे थे तभी अज्ञात ट्रक द्वारा लापरवाही व तेजी से चलाते बाइक में टक्कर मार दी जिससे बाइक में सवार मेरा पुत्र नंदलाल व उसका साला राजेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गए जिनको राहगीरों की मदद से आनन फानन जिला अस्पताल उपचार के लिए ले गए थे जहां मेरे नंदलाल की हालत गंभीर होने पर कानपुर हैलट के लिए रेफर कर दिया है।


नवीन गल्ला मंडी का निरीक्षण करते अधिकारी। अमृत विचार

# मंडी में लिया व्यवस्था का जायजा

संवाददाता, सुमेरपुर(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव का बिगुल बजते ही प्रशासनिक अमले ने अपनी तैयारियों को तेज कर दिया है। सोमवार को अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त की अगुवाई में एडीएम नमामि गंगे, अपर पुलिस अधीक्षक, एसडीएम सदर ने नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों के रवाना होने पुलिस बल के नवीन गल्ला मंडी में रुकने आदि की विधिवत निरीक्षण करके मौके पर मौजूद पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को अपर जिलाधिकारी राजस्व एवं वित्त अरुण कुमार मिश्रा, एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक मायाराम वर्मा, एसडीएम सदर पवन प्रकाश पाठक ने सोमवार को दोपहर बाद नवीन गल्ला मंडी का दौरा करके स्ट्रांग रूम, पोलिंग पार्टियों के रवाना होने वाले स्थल, स्ट्रांग रूम की सुरक्षा में लगने वाले अर्धसैनिक बलों के ठहरने आदि की निरीक्षण करके मंडी सचिव को स्ट्रांग रूम की शटरों की मरम्मत करने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान पीडब्ल्यूडी के अधिशाषी अभियंता, थानाध्यक्ष राकेश कुमार, मंडी के प्रधान लिपिक राकेश वर्मा, मंडी सहायक सुनील ओझा आदि मौजूद रहे।

# क्षेत्र की तीन सड़कों पर गड्ढे ही गड्ढे

सरीला(हमीरपुर)

**अमृत विचार।** तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाली सरीला- छिबौली व जरिया सड़क की अत्यंत दयनीय स्थिति है। इस सड़क पर वाहनों का संचालन मुश्किल हो रहा है। जनप्रतिनिधियों को इसकी सुध भी नहीं है।

सरीला से छिबौली चार किलोमीटर व सरीला से जरिया सात किलोमीटर, खेड़ा शिलाजीत सड़क लगभग पांच किलोमीटर उखड़ी पड़ी है। इन सड़कों पर वाहनों का संचालन मुश्किल हो रहा है। यह तीनों सड़कें तहसील मुख्यालय को जोड़ने वाली सड़कें है। राठ से छिबौली होते हुए सरीला, उरई से गोहाण्ड होते हुए सरीला जरिया मार्ग से होकर प्राइवेट बसों का संचालन होता है। निजी वाहनों का आवागमन भी भारी पैमाने पर होता है। मगर सड़के उखड़ी होने की वजह से क्षेत्रीय लोगों को परेशानी होती है। जरिया व छिबौली मार्ग पर गड्ढे व बड़ी-बड़ी गिट्टी होने से आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं। खेड़ा शिलाजीत मार्ग का भी उखड़ना शुरू हो गया है। पवई से अमगांव तक उखड़ी सड़क गड्ढों में तब्दील हो गई है। यह मार्ग राठ जाने के लिए सीधा व सुगम होने के कारण अधिकांश निजी वाहन इसी मार्ग से गुजरते थे। लेकिन अब लोग इस सड़क पर जाने से भी डरते हैं। क्षेत्र की खराब सड़कें विकास में भी बाधक बनी हुई हैं। पूर्व बार संघ अध्यक्ष राम सेवक सिंह सहित अधिवक्ताओं व क्षेत्र के लोग कई बार सड़कें चौड़ीकरण व निर्माण की मांग आला अफसरों व जनप्रतिनिधियों से कर चुके हैं। लेकिन इसका स्थायी समाधान नहीं हो सका है।

इन सड़कों को गड्ढा मुक्त करने के नाम पर लीपापोती कर के रस्म अदायगी की जा रही है। जबकि रोज इन सड़कों से आला अफसर व जनप्रतिनिधि भी गुजरते हैं।


गड्ढा मुक्त सरीला–जरिया मार्ग। अमृत विचार

### मार्गों पर पुलियों के निर्माण से मिली राहत

**सरीला(हमीरपुर)।** बरसों से टूटी पड़ी नगर की मार्गों की कई पुलियों का निर्माण होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। नगर के मुख्य मार्ग सहित वार्डों की सड़कों में वर्षों से पुलिया टूटी पड़ी थी। जिससे नगर के लोगों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ती थी। नालियों का पानी भी सड़कों पर जमा होता था। नगर पंचायत अध्यक्ष पवन कुमार अनुरागी ने बताया कि चार पुलियों का निर्माण कराया गया है।

# प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से होंगी

**मौदहा (हमीरपुर)।** मकरावं स्थित सुंदरलाल शिवहरे महाविद्यालय के प्राचार्य महेश गुप्ता ने बताया की बुंदेलखंड विश्वविद्यालय झांसी के अंतर्गत बीए, एमए की प्रयोगात्मक परीक्षाएं आज से महाविद्यालय में आयोजित की जाएंगी। जिसमें बीए पंचम सेमेस्टर के शिक्षा शास्त्र विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 19 मार्च को सुबह 10 बजे संपन्न होगी।

इसी तरह बीए तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर के राजनीति विज्ञान विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 20 मार्च बुधवार को संपन्न होगी। बीए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के भूगोल विषय की प्रयोगात्मक परीक्षा 21 मार्च गुरुवार को, बीए पंचम सेमेस्टर भूगोल की प्रयोगात्मक परीक्षा 22 मार्च शुक्रवार को आयोजित होगी। उक्त सभी परीक्षाएं निर्धारित तिथि को सुबह 10 बजे आयोजित की जाएगी। राजनीतिक विज्ञान के विभागाध्यक्ष डॉ.शिवकुमार ने सभी छात्र छात्राओं से कॉलेज उपस्थित होकर प्रयोगात्मक परीक्षाओं में प्रतिभाग करने की अपील की है।

**खुशखबरी** सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में दिया गया कार्डधारकों को खाद्यान्न

# पहली मॉडल शॉप से राशन वितरण शुरू

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

- ई- पॉश मशीनों से बांटा जा रहा है राशन

**अमृत विचार।** मनरेगा योजना से बिदोखर मेदनी में तैयार जनपद की पहली मॉडल शॉप (उचित दर राशन दुकान) के माध्यम से कार्डधारकों को सीसीटीवी की निगरानी में राशन वितरण किया गया। कार्ड धारकों को बैठने व पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

विकासखंड क्षेत्र के बिदोखर मेदनी में सरकार के मंशारूप गांव में मनरेगा व राज्य वित्त से करीब नौ लाख रुपए खर्च कर उचित दर राशन दुकान व जन सुविधा केंद्र का निर्माण कराया गया है। माह मार्च में इसी मॉडल शॉप से कार्ड धारकों को राशन वितरण किया गया। जिससे कार्ड धारकों को किसी तरह की समस्याओं से नहीं जूझना पड़ा। ग्राम प्रधान लालाराम यादव ने बताया कि बीते दो मार्च को मुख्यमंत्री ने इस मॉडल शाप को लोकार्पण किया था। शाप में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे भी लगाए गए हैं। इसके साथ ही कार्ड धारकों को बैठने व पेयजल की सुविधा भी मुहैया कराई गई है। वहीं राशन विक्रेता मधु गुप्ता ने बताया कि इस माह अन्त्योदय कार्ड धारकों को होली की चीनी तीन किग्रा,ज्वार एक किग्रा, बाजरा 6 किग्रा,गेहूं 14 किग्रा, चावल 14 किग्रा वितरित किया गया है। वहीं 627 पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट ज्वार एक किग्रा,बाजरा एक किग्रा,गेहूं एक किग्रा व दो किग्रा चावल वितरित किया गया है। कार्ड धारकों को सारी व्यवस्थाएं चकाचक मिलने पर खुशी जताई है।


मॉडल शॉप से राशन लेने के लिए बैठीं महिलाएं। अमृत विचार

# पेड़ों का मूल्यांकन किया अब बिक्री का रास्ता साफ

संवाददाता, मौदहा(हमीरपुर)

- ग्रामीणों ने प्रधान व वन विभाग की मिलीभगत का लगाया आरोप

**अमृत विचार।** तालाबों के सुंदरीकरण के दौरान लगाए गए डेढ़ सौ से अधिक पेड़ों की बिक्री के लिए पंचायत विभाग ने वन विभाग से अनुमति के साथ मूल्यांकन शुल्क जमा किया। कुछ ग्रामीणों ने उप जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर प्रधान और वनविभाग द्वारा मिली भगत कर कम मूल्यांकन कर हरे पेड़ कटवाएं जाने का आरोप लगाया है। इतना ही नहीं कटवाए गए हजारों रुपये मूल्य के पेड़ों की कीमत कौड़ियों में आकलन कर सरकारी धन का बंदर बांट करने का आरोप लगाया है। डीएफओ अनिल कुमार श्रीवास्तव ने पतले पेड़ों के कारण कम मूल्य की बात कही है।

कुछ ग्रामीणों ने एसडीएम को दिए शिकायती पत्र में बताया कि वर्ष 2005 में तत्कालीन ग्राम प्रधान ने सुंदरीकरण के चलते तालाब की भीठ और खलिहान की जमीन पर बबूल और यूकेलिप्टस के सैकड़ों पेड़ लगाए थे। तत्कालीन ग्राम प्रधान द्वारा तालाब खुदाई के साथ वृक्षारोपण कराया। अब मौजूदा प्रधान ने इनकी बिक्री के लिए वन विभाग को 10 हजार रुपये मूल्यांकन शुल्क देकर बिक्री की अनुमति प्राप्त की है। प्रधान का कहना है कि सुखी विलायती बबूल व यूकेलिप्टस के जो वृक्ष हैं उनका पूरा मूल्यांकन कर लिया गया है।

**कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)** स्वच्छ सर्वेक्षण 2023

पत्रांक: 1502 /न0पा0प0–राठ/म्यू0सू0/2023–24 दिनाँक 15.01.2024

सूचना प्रकाशन
(नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 147 के अन्तर्गत)

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नांकित आवेदक / आवेदकों द्वारा इस नगर पालिका परिषद के गृहकर अभिलेखों में नवीन कर निर्धारण / नामान्तरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये है। नाम दाखिल किये जाने वाले व्यक्ति का नाम तथा नाम खारिज किये जाने वाले व्यक्ति का नाम पता सहित निम्नानुसार अंकित है उपरोक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को आपत्ति हो तो यह अपनी आपत्ति सूचना प्रकाशन तिथि से 30 दिवस के अन्दर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है बादम्याद अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय कर निर्धारण / नामान्तरण कार्यवाही कर दी जाएगी। जिसका उत्तरदायित्व नगर पालिका परिषद राठ का नहीं होगा।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम जो दाखिल होना है | विक्रेता / भवन स्वामी का नाम जो खारिज होना है | मुहल्ला | वार्ड सं0 | कर निर्धारण / नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री रविन्द्र सिंह पुत्र लाल दिवान | श्री शकूर बेग पुत्र मिठ्ठू बेग | लुधियातपुरा –1 | 06 | पंजीकृत विक्रय पत्र |

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ – हमीरपुर

# चिलेहटा के जंगल में मिट्टी में दबा मिला नरकंकाल, फैली सनसनी

## पिता ने कपड़े देखकर की शिनाख्त, बीते साल घर से गायब हुआ था युवक

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** बिवांर थाना क्षेत्र के चिलेहटा जंगल में पिछले शनिवार को लकड़ी काटने गए बांधुर खुर्द गांव निवासी पिता को उसके बेटे का आधा अधूरा मिट्टी में दबा कंकाल मिला। इससे सनसनी फैल गई। पीड़ित के पिता ने कंकाल की शिनाख्त अपने बेटे के रूप में की है।



अरविंद।



घर के बाहर गुमसुम बैठीं परिवार और पड़ोस की महिलाएं। अमृत विचार

बांधुरखुर्द गांव निवासी चंद्रपाल वर्मा को गांव की जंगल में बनी गौशाला से कुछ दूरी पर आधा-अधूरा मिट्टी में दबा एक कंकाल मिला। जिसमें उसके बेटे द्वारा पहने गए कपड़ों में टीशर्ट और लोवर से शिनाख्त की है। एक साल पहले पुत्र अरविंद (20) लापता हो गया था। पीड़ित ने शनिवार को थाना बिवांर जाकर बताया तो पुलिस ने अगले दिन रविवार को वहां जाने का आश्वासन दिया। पुलिस ने कंकाल को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

पीड़ित चंद्रपाल वर्मा ने बताया कि उसका पुत्र बीते वर्ष 10 मार्च 2023 को होली की रात गायब हुआ था। बताया बहुत ढूंढने पर जब कोई जानकारी नहीं मिली तो 17 मार्च को थाना बिवांर में गुमशुदगी की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस गुमशुदगी दर्ज करने में हीलाहवाली करती रही। थाना प्रभारी ने राकेश सरोज ने बताया कि रिपोर्ट थाने में छह अप्रैल 2023 को दर्ज हुई थी। यहां एक खास पेंच यह है कि पीड़ित पिता के अनुसार ठीक उसी रात पड़ोस के गांव छेड़ी बसायक की एक युवती थाना कबरई के सिचौरा गांव निवासी एक युवक के साथ घर से भागी थी और उसी युवक के साथ अरविंद को भी दिन के समय देखा गया था। पीड़ित चंद्रपाल ने बताया कि लड़की भागने के चार महीनों बाद दोनों युवक-युवती बरामद कर लिए गए थे। हालांकि पुलिस ने इस मामले में कुछ भी बताने से इनकार कर दिया। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उसने थाने के अनगिनत चक्कर लगाए, लेकिन पुलिस ने कोई खास दिलचस्पी नहीं ली और उसके पुत्र को नहीं खोज सकी और जिसका अंजाम उसके पुत्र की मौत के रूप में उसके सामने आया। पीड़ित के अनुसार उसने सारे घटनाक्रम की कड़ियां जोड़ते हुए थाना बिवांर में उसके पुत्र के अपहरण और हत्या की आशंका भी जताई थी। थाना प्रभारी राकेश सरोज ने बताया कि कंकाल का पोस्टमार्टम और डीएनए टेस्ट करवाया जाएगा। तभी इस नर कंकाल की सही से पुष्टि हो सकेगी। मृतक दो भाइयों में छोटा था जो पिता के साथ खेती-बाड़ी के कामों में हाथ बंटाता था। लापता पुत्र की ऐसी दर्दनाक मौत से माता पिता सहित परिजन बेहाल हैं।

# अपना दल एस के जिलाध्यक्ष महेंद्र का किया गया स्वागत

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** अपना दल एस के जिलाध्यक्ष महेंद्र मंत्री सरीला के जनपद मुख्यालय पहुंचने पर कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। नगर के समाजसेवी जलीस खान, आदि सचान, आवेश पठान, शहजादे खान, सुरेश निषाद, राजाराम निषाद, फकरूद्दीन, कमालउद्दीन, हेमन्त मिश्रा, संदीप तिवारी सहित दर्जनों कार्यकर्ताओं ने फूलमाला पहनाकर जिलाध्यक्ष बनने पर बधाई दी। अभी तक महेंद्र राजपूत कार्यवाहक जिलाध्यक्ष के तौर पर पार्टी का कार्यभार संभाले थे, लेकिन लोकसभा चुनाव को देखते पार्टी ने जिलाध्यक्ष नियुक्त कर लोधी वोट बैंक में अपनी पकड़ मजबूत करने के लिए की जिम्मेदारी सौंपी है। इसके पूर्व महेंद्र राष्ट्रीय लोधी महासभा के राष्ट्रीय महासचिव के पद पर कार्य कर चुके हैं। मौजूदा समय में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद पर रहकर लोधी समाज को एकजुट किए हैं। इसके पहले नगर पंचायत जिला पंचायत व विधान सभा के चुनावों में किंगमेकर की भूमिका निभा चुके हैं। अपना दल एस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने हमीरपुर का जिलाध्यक्ष बनाया है। वह लोधी समाज के अलावा सर्व समाज में भी अपनी पकड़ मजबूत बनाए हैं।



अपना दल के जिलाध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

## सार-संक्षेप



शिक्षक की हत्या के विरोध में ज्ञापन देते शिक्षक। अमृत विचार

### शिक्षक हत्याकांड के दोषी को सजा दिलवाने की मांग

**उरई।** राजकीय हाईस्कूल के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार की सिपाही ने गोली मारकर हत्या कर देने के विरोध में माध्यमिक शिक्षक ने राजकीय इंटर कालेज उरई में शोकसभा की। बाद में दर्जनों शिक्षकों ने कलेक्ट्रेट पहुंचकर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट को सौंपकर पीड़ित शिक्षक के परिवार को आर्थिक सहायता एवं दोषी को कड़ी से कड़ी सजा दिलवाये जाने की मांग उठाई। माध्यमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष महेश द्विवेदी के नेतृत्व में अध्यापक भारत सिंह प्रदेश सचिव शिक्षक महासभा, दीपक पांडेय शिक्षक महासभा, राजेंद्र दुवे विद्या मंदिर कोंच सहित दर्जनों शिक्षकों ने शिक्षक हत्या के विरोध में कलेक्ट्रेट पहुंच कर मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपते हुए बताया कि राजकीय हाईस्कूल महगांव जनपद वाराणसी के शिक्षक धर्मेंद्र कुमार अपने साथी शिक्षक के साथ प्रदेश के विभिन्न जनपदों के मूल्यांकन केन्द्रों पर गये थे। आरोप लगाया कि 17 मार्च की रात्रि मुजफ्फरनगर पहुंचे थे तथा एसडी इंटर कालेज का दरवाजा बंद होने के कारण गाड़ी में ही आराम कर रहे थे उनके साथ डियूटी में लगे मुख्य आरक्षी चंद्रप्रकाश के द्वारा शिक्षक धर्मेंद्र को गोली मार दी गयी, जिससे शिक्षक की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

### छह माह में ही ध्वस्त हो गई सीसी रोड

**सुमेरपुर (हमीरपुर)।** जिला पंचायत के निर्माण कार्यों में किस कदर का भ्रष्टाचार हो रहा है। इसका नमूना विदोखर पुरई में छह माह पूर्व बनी सीसी मार्ग पर देखा जा सकता है। यह मार्ग जगह जगह से फट गया है। अपर मुख्य अधिकारी ने जांच टीम गठित कर भुगतान में रोक लगा दी है। गत नवंबर माह में जिला पंचायत की ओर से ग्राम पंचायत विदोखर पुरई में रूपेंद्र यादव के दरवाजे से दिगंबर प्रजापति के दरवाजे तक सीसी मार्ग का निर्माण कराया गया था। बताते है कि जिस समय अवर अभियंता एमबी के लिए मौके पर पहुंचे और उन्होंने उसकी हालत देखी तो एमबी करने से मना कर दिया और दोबारा मरम्मत करने के निर्देश दिए। वहीं ठेकेदार ने खानापूर्ति के लिए दोबारा मरम्मत कर दिया। लेकिन सीसी मार्ग छह माह में ही पुन: जवाब देने लगी है। गांव निवासी रूपेंद्र यादव, देवीदीन, उस्मान खान आदि ने बताया कि सीसी मार्ग के निर्माण में मानकों की धज्जियां उड़ाई गई है। यही कारण है कि यह जगह-जगह से फट गई है। जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी ने बताया कि शिकायत मिली है। जांच के लिए कमेटी गठित की गई है और भुगतान में रोक लगा दी गई है।



सीसी सड़क में पड़ी दरार। अमृत विचार

### लोकतंत्र सेनानी भरत लाल का निधन

**बरगढ़ (चित्रकूट)।** गढ़वा गंजरी निवासी लोकतंत्र सेनानी भरत लाल सिंह का 78 वर्ष की आयु में सोमवार को निधन हो गया। वह कई दिनों से बीमार चल रहे थे। उनके पैतृक गांव में राजकीय सम्मान के साथ सलामी देकर अंतिम संस्कार किया गया। ग्रामीणों ने उनको याद करते हुए बताया कि इमरजेंसी के दौरान आवाज उठाने पर उन्हें जेल भेज दिया गया था। सपा सरकार ने समाजसेवियों को लोकतंत्र सेनानी का दर्जा दिया था। उनके निधन पर शोक व्याप्त हो गया।



सदर बाजार कालपी स्थित मस्जिद में तकरीर पेश करते हाफिज अनीस।

### रोजा रखने और नमाज पढ़ने की नसीहत

**कालपी जालौन।** सदर बाजार कालपी स्थित मस्जिद-ए-नूर में बीती रात तराबीह मुकम्मल होने पर रोजादारों तथा नमाजियों की मौजूदगी में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हाफिजों तथा इमामों ने सच्चाई नेकी तथा ईमानदारी पर चलने की नसीहत दी। रमजान माह के अवसर पर धर्म नगरी कालपी की दर्जन भर से अधिक मस्जिदों में इस्लामिक किताब कुरान शरीफ का पाठ किया जा रहा है। हजारों नमाजियों की मौजूदगी में मस्जिदों में तराबीह सुनने के लिए मौजूदगी होती है। सदर बाजार कालपी स्थित मस्जिद-ए-नूर में तराबीह हाफिज अनीस के द्वारा पढ़ाई गई। इमाम अरशान रजा, मो. आज्जिन साजिद खान, मस्जिद इंतजामिया कमेटी के सदर फैशन चिश्ती, मेंबर कमेटी अध्यक्ष आरिफ खान, समीर, फैसल, शाहबान, राजा, मुन्ना शेरू, आशिफ वाजिद समेत भारी संख्या में मौजूद नमाजियों के द्वारा हाफिज अनीस को हार पहनाकर कर सम्मान से नवाजा गया। कार्यक्रम में तकरीर करते हुए कहा कि इस पाक महीने रमजान माह में अल्लाह अपने बंदों पर बहुत मेहरबान रहता है। एक नेकी के बदले 70 गुना से अधिक शवाव हासिल होता है। उन्होंने नमाज पढ़ने तथा रोजा रखने के लिये नसीहत दी।

### बैठकों में नहीं आने वालों पर होगी कार्रवाई

**चित्रकूट।** पत्रकार समाज कल्याण समिति की जिला इकाई की बैठक रविवार को रामशैया में हुई। इसमें संगठन के कामकाज की समीक्षा की गई और विस्तार पर बल दिया गया। संरक्षक श्याम सुंदर मिश्र, डॉ. प्रभाकर सिंह, जिलाध्यक्ष रामचंद्र तिवारी ने खेद व्यक्त किया कि पदाधिकारी बैठकों में भी उपस्थित नहीं होते। ऐसे ही चलता रहा तो संगठन पर भी इसका प्रतिकूल असर पड़ेगा। चेतावनी दी कि संदेहास्पद गतिविधियों पर ऐसे पदाधिकारी मंथन करें अन्यथा कठोर निर्णय लेने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। बैठक में प्रकाश ओझा, हरी नारायण पांडेय, गणेश शुक्ला, अभिषेक ओबेरॉय, कुशल प्रधान आदि मौजूद रहे। संचालन मुकेश तिवारी ने किया।

### दिखा मगरमच्छ, मचा हड़कंप

**उरई।** थाना सिरसा कलर गांव के गंदे नाले में जानवर चरा रहे चरवाहों ने गंदे नाले में पानी के बाहर मगरमच्छ देखा, मगरमच्छ देख चरवाहा रामबाबू दहसत में आ गया और जानवरों को नाले किनारे छोड़ कर गांव की ओर दौड़ा। रास्ते में मिले अन्य चरावाहों और खेतों में फसल की कटाई कर रहे किसान और मजदूरों को मगरमच्छ के नाले में होने की जानकारी दी। वह दौड़ते-दौड़ते गांव पहुंचा और ग्रामीणों को जानकारी दी। यहां बड़ी संख्या में मगरमच्छ देखने वालों की भीड़ लग गई। इसके बाद ग्रामीणों में दहासत का माहौल है। नाले के आस पास फसलों की कटाई छोड़ किसान और मजदूर गांव लौट गए है। ग्रामीणों ने पुलिस और वनविभाग को मगरमच्छ होने की जानकारी दी है। समाचार लिखने तक कोई भी पुलिस अधिकारी व वनविभाग का कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा था। इकट्ठा होने वाली भीड़ ने वीडियो बनाकर शोशल मीडिया पर वॉयरल कर दी।



नाले से निकला मगरमच्छ।

### मारपीट कर घायल किया

**कुरारा।** थाना क्षेत्र के उमराहट गांव में दो पक्षों में जमकर मारपीट हुई। पीड़ित पक्ष ने एक आरोपी के खिलाफ गाली गलौज मारपीट व जान से मारने की धमकी देने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। उमराहट गांव निवासी महेंद्र कुमार पुत्र वंशीलाल ने थाने में दी तहरीर में बताया कि रविवार को दोपहर 2:30 बजे वह अपने दरवाजे के बाहर खड़ा था, तभी पड़ोसी बाबू उर्फ मोखम पुत्र मौजीलाल उसे देखकर अकारण गाली गलौज करने लगा। विरोध करने पर लाठी डंडे से मारपीट कर गंभीर चोट पहुंचाई हैं।

### जवानों ने पैदल मार्च कर भयमुक्त मतदान का संदेश दिया

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** लोकसभा चुनाव के मद्देनजर कस्बे में सोमवार को अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी की अगुवाई में प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप पटेल, थाना पुलिस एवं अर्धसैनिक बल ने विभिन्न मार्गों पर पैदल गश्त की। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि प्रत्येक दशा में चुनाव आयोग के दिशा निर्देशों का पालन कराया जाएगा।

## एक नजर

### ई- रिक्शा की टक्कर से बाइक सवार घायल

**राठ (हमीरपुर)।** राठ कस्बे के कांशीराम कॉलोनी का निवासी रविंद्र पुत्र बृजेंद्र जोक मोटरसाइकिल से वापस अपने घर लौट रहा था तभी राठ कस्बे के सैना स्थित नहर बाईपास पर तेज रफ्तार एक ई रिक्शा ने उसकी मोटरसाइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। हुए हादसे में बाइक पर सवार युवक रविंद्र सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसके बाद मौके पर पहुंची 108 एंबुलेंस के द्वारा उसे तत्काल इलाज हेतु राठ के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायल रविंद्र का प्राथमिक उपचार कर उसकी नाजुक हालत को देखते हुए उसे नजदीकी मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर कर दिया।

### नकदी व जेवरात चोरी

**राठ (हमीरपुर)।** जलालपुर थाने के रिरुआ गांव निवासी रंजीत पत्नी हरिकृष्ण ने थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह अपने घर के दरवाजे की बाहर से कुंडी लगाकर पड़ोस में रह रही अपनी जेठानी के घर में सब्जी लेने के लिए गई हुई थी। बताया कि जब वह सब्जी लेकर वापस अपने घर लौटी तो उसके घर के अंदर से गांव का रिंकू नाम का एक युवक निकलता हुआ दिखाई दिया। जिसे देखकर वह अचानक दहशत में आकर भयभीत हो गई। बताया कि रिंकू ने उसके घर में रखे 42700 रुपये के अलावा सोने के जेवरातों की चोरी कर घटना को अंजाम दिया है। महिला ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

### चार लोगों पर जानलेवा हमले की रिपोर्ट दर्ज

**सरीला (हमीरपुर)।** इटैलिया बाजा गांव में महेश राजपूत व राज सिंह के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। शनिवार देर रात महेश राजपूत का पुत्र अमरेन्द्र (35) के हाथ में गोली लगने से घायल हो गया था। परिजनों ने घटना की सूचना थाना पुलिस को दे दी थी। घायल अमरेंद्र को सीएचसी राठ से उरई मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया था। थानाध्यक्ष प्रिंस दीक्षित ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच जमीनी विवाद चल रहा है। घायल युवक के पिता की तहरीर पर गांव के राज सिंह, कमलेश बलवीर व बीरबल के विरुद्ध हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। घटना की जांच चल रही है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में पांच लोग घायल

**पौथिया (हमीरपुर)।** राठ हमीरपुर मार्ग में छानी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। सूचना पर पहुंची 108 एम्बुलेंस से सभी को छानी सीएचसी में भर्ती कराया।

सोमवार शाम करीब चार बजे बिवांर थाना क्षेत्र के छानी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों की आमने सामने भिड़ंत हो गई। जिसमें जमुना प्रसाद (45) पुत्र घसीटा, विजय (26) पुत्र रामजस निवासी निवादा तथा रोहित (41) पुत्र अशोक, शौरभ (28) पुत्र अवधेश व सोनू वर्मा (27) पुत्र रामौतार निवासी बिवांर घायल हो गए। दोनों बाइक सवार हेलमेट नहीं लगाए थे। सूचना पर पहुंची एम्बुलेंस 108 के ईएमटी हरिओम सचान व पायलट अजय कुमार ने सभी घायलों को छानी अस्पताल में भर्ती कराया।

# अधिकारी के तबादले तक हड़ताल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

**अमृत विचार।** डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन व प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग बार एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में पीठासीन अधिकारी परिवार न्यायालय के खिलाफ अधिवक्ताओं की हड़ताल 28वें दिन भी जारी रही।



धरने पर बैठे अधिवक्ता। अमृत विचार

क्रमिक अनशन में रोशनी त्रिपाठी, सुधा कुशवाहा, श्रद्धा देवी, शीलू गुप्ता, अंजना बैठीं। धरने में प्रोग्रेसिव बार अध्यक्ष राजेंद्र वीर सिंह चौहान ने कहा आचार संहिता को देखते निकलने वाला अधिवक्तों का जुलूस कार्यक्रम स्थगित किया जाता है। क्रमिक अनशन व हड़ताल यथावत चलती रहेगी। वरिष्ठ अधिवक्ता भगवानदास दीक्षित, कृपाशंकर सिंह, लक्ष्मीनारायण त्रिपाठी, सुरेश शर्मा (सुन्ना शर्मा) जन्मेजय सिंह, सूर्य किशोर तिवारी, देवेन्द्र शुक्ला, रामदत्त यादव, धर्मेन्द्र दत्त बाजपेयी, महेश प्रसाद गुप्ता, अनिल शुक्ला, राधेश्याम, संन्दीप चन्देल आदि कई अधिवक्ता पाठक, गुलाब गणों ने संबोधित किया। महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ला ने कहा कि बार कौंसिल ऑफ उप्र की तरफ से यहां के आन्दोलन के सम्बन्ध में पहल कर दी गई है। यदि होली के त्योहार तक पीठासीन अधिकारी का स्थानान्तरण नहीं होता तो अधिवक्ताओं का प्रादेशिक सम्मेलन बुलाया जाएगा।

शैलेन्द्र प्रजापति, अजय पाण्डेय, राम सिंह राजपूत, देव प्रसाद त्रिपाठी, रामगोपाल गुप्ता, ओमप्रकाश राजपूत, दुर्गेश मिश्रा, शैलेन्द्र सचान, कृष्ण चन्द्र सिंह, गोविन्द राम द्विवेदी, ओम प्रकाश द्विवेदी, अजय पालीवाल, दीपक, दृगपाल, हिमांशु श्रीवास्तव, रघुपति प्रसाद शर्मा, अजय शर्मा, आशीष मिश्रा, इन्द्रपाल यादव, जयपाल राजपूत समेत तमाम अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# मायके में रह रही विवाहिता ने लगाई फांसी, थमीं सांसें

**पहाड़ी (चित्रकूट)।** एक विवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। बताया जाता है कि वह तीन माह से मायके में रह रही थी।

थानांतर्गत सिकरी सानी निवासी आशा देवी पुत्री राजबहादुर कोटार्य का विवाह करीब पांच वर्ष पूर्व ललित कुमार निवासी अघरोरी थाना बिसंडा (बांदा) से हुआ था। उसके दो पुत्र हैं।

बताया जाता है कि वह तीन माह पूर्व से मायके में रह रही थी। सोमवार की सुबह परिजन खेत गए थे तब उसने घर सूना पाकर फांसी लगाकर जान दे दी। प्रभारी निरीक्षक श्याम प्रताप सिंह पटेल, निरीक्षक अपराध शिव आसरे हल्का प्रभारी परशुराम यादव ने घटनास्थल पहुंचकर शव को उतरवाया और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में अनियमितता का आरोप

संवाददाता, मानिकपुर (चित्रकूट)

**अमृत विचार।** राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय में व्याप्त अनियमितताओं से अभिभावक परेशान हैं। बच्चों के हित में ये खुलकर तो नहीं बोलते पर दबी जुबान यहां की अव्यवस्थाओं को लेकर मांग करते हैं कि कोई अधिकारी यहां आकर मुआयना करे।

कस्बे में दो दशक से पंडित दीनदयाल उपाध्याय राजकीय आश्रम पद्धति विद्यालय पेट्रोल पंप के सामने संचालित है। बुंदेलखंड का अति पिछड़ा क्षेत्र मानिकपुर होने के कारण यहां गरीब आदिवासियों के बच्चों को शिक्षित करने के उद्देश्य से सरकार ने यह महत्वाकांक्षी संस्था खोली है। अभिभावकों का कहना है कि जहां सरकार इन बच्चों की बेहतरी के लिए प्रतिवर्ष भोजन, कपड़ा, जूते-मोजे दवाइयां आदि में लाखों रुपये खर्च कर रही है वहीं जिम्मेदारों द्वारा लापरवाही बरती जा रही है। अभिभावकों ने नाम छिपाते हुए आरोप लगाया कि बच्चों को मीनू के अनुसार भोजन न देकर मनमानी तरीके से परोसा जा रहा है। खाना बनाने में निर्धारित सिलेंडरों के इस्तेमाल पर भी सवालिया निशान लगाए। उधर, इस संबंध में जब प्रभारी प्रधानाध्यापक हेमचंद्र गुप्ता से बात की गई तो उनका कहना था कि उनको कुछ दिनों के लिए चार्ज दिया गया है। बाकी पूरा सबकुछ जिला समाज कल्याण अधिकारी देखते हैं। जब इस संबंध में जिला समाज कल्याण अधिकारी ज्ञानेंद्र सिंह भदौरिया से बात की गई तो उनका कहना था कि जब प्रधानाध्यापक का प्रभार दिया गया है तो उनको ही सब कुछ जानकारी होनी चाहिए।

# अवैध असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का किया भंडाफोड़

**महोबा।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बारात पहाड़ी में पुलिस ने घेराबंदी कर अवैध रूप से चल रही असलहा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। पुलिस कीछापामार कार्रवाई के दौरान पुलिस ने असलहा बनाते हुए दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया। उनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में हड़कंप मचा हुआ है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बारात पहाड़ी में अवैध असला बनाने की फैक्ट्री की जानकारी मिलने पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक नरेंद्र प्रताप सिंह, एसआई सतपाल सिंह, एसआई सत्यवेंद्र भदोरिया, कांस्टेबल प्रवीण यादव, अभिषेक आदि पुलिस टीम ने अवैध असला बनाने वाली फैक्ट्री की घेराबंदी की। अपने को चारों तरफ से घिरा देखकर असला बनाने वाले दो लोगों को गिरफ्तार कर लिया।

# तीन दुकानों से भरा गया खाद्य सामग्री का नमूना

संवाददाता, राठ (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** होली का त्योहार नजदीक आते ही बाजार में मिलावटी खाद्य सामग्री की भरमार होने लगी है। सोमवार को खाद्य विभाग की टीम ने मिलावटी खाद्य सामग्री पर रोक लगाने को लेकर दुकानों में छापा मारा। टीम के कस्बे में आते ही मिलावटी सामान बेचने वालों की दुकानें बंद हो गईं। टीम ने तीन दुकानों पर पहुंच कर खाद्य सामग्री के नमूने भरे।

सोमवार को खाद्य विभाग के रामऔतार सिंह यादव सहायक आयुक्त, मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी मनोज कुमार जासवाल, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आरके निरंजन, भैया लाल प्रजापति ने बजरिया के पास स्थित दिलीप गुप्ता की किराने की दुकान पर छापा मारा। टीम ने दुकान से काली मिर्च और कलौंजी का नमूना भरा। इसके बाद टीम ने उरई रोड़ स्थित हरिओम गुप्ता की दुकान पर पहुंच कर मैंदा का नमूना भरा। टीम ने उरई बस स्टैंड़ के पास स्थित मनोज गुप्ता की दुकान पर जाकर छोला का सैंपल भरा। टीम की इस कार्रवाई से मिलावटी खाद्य सामग्री बेंचने वालों में सारा दिन हड़कंप मचा रहा।



अभियान चलाकर एक दुकान से नमूना लेते अधिकारी। अमृत विचार



छात्रा को सम्मानित करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

# अलंकरण समारोह में छात्राएं सम्मानित

**हमीरपुर।** शहर स्थित राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं प्रतिभा अलंकरण समारोह का आयोजन आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि पीजी कॉलेज महोबा के प्राचार्य प्रो.सुशील बाबू व विशिष्ट अतिथि के रूप में चंद्रभूषण तिवारी मौजूद रहे। प्राचार्य डॉ.राजकुमार व धीरेन्द्र सिंह चौहान ने मुख्य अतिथियों का माल्यार्पण किया।इस मौके पर प्राचार्य डॉ.राजकुमार ने कहा कि असफलता को आप सभी हार नहीं बल्कि चुनौती के रूप में लिया करें और निरंतर अभ्यास करते हुए प्रगति पथ पर आगे बढ़ती रहें। महाविद्यालय की वार्षिक प्रगति आख्या डॉ.सबा कौसर ने पढ़ी। मुख्य अतिथि सुशील बाबू ने कहा कि छात्र अपने गुरु का मार्ग वाहक होता है। वह गुरु द्वारा बताए गए मार्ग पर चलकर ऊंचा मुकाम हासिल कर सकता है। नारी शक्ति को नमन करते हुए कहा कि यह महिला सशक्तिकरण का समय है।

**क्रिकेट प्रतियोगिता** — झुमरी तलैया में कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट का क्वार्टर फाइनल मैच

# तिरही ने छक्का मारकर भोगनीपुर को हराया

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

**अमृत विचार।** कस्बा के झुमरी तलैया तालाब में कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में क्वार्टर फाइनल मैच खेला गया। जिसमें नन्ना तिरही ने एक विकेट खोकर सिक्स मारकर गिरधरपुर भोगनीपुर को हराकर मैच जीत लिया ।

कस्बा के झुमरी तलैया तालाब में सोमवार को कुरारा प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट में नन्ना तिरही व गिरधरपुर भोगनीपुर टीम के बीच 12 ओवर का मैच खेला गया। जिसमें नन्ना तिरही कालपी टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 8 विकेट खोकर 148 रन बनाये। जिसमें छोटू ने 32, धर्मेंद्र ने 21, आशु 19, मनीष 20 ने रन बनाए। वही जवाब में उतरी गिरधरपुर भोगनीपुर टीम ने 10 विकेट खोकर 148 रन बनाये। दोनों टीमों ने बराबर बराबर रन बनाए। जिसके बाद सुपर ओवर में मैच का फैसला हुआ। जिसमें गिरधरपुर भोगनीपुर के दोनों खिलाड़ी बिना रन बनाए ही आउट हो गए। वही नन्ना तिरही ने एक विकेट खोकर छह रन बनाकर मैच जीत लिया। मैन आफ द मैच मुकीम खान को दिया गया। दूसरा सेमीफ़ाइनल मैच कदौरा व नन्ना तिरही टीम के बीच खेला गया। जिसमें नन्ना तिरही टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 7 विकेट खोकर 152 रन बनाए। जवाब में उतरी कदौरा टीम ने 6 विकेट खोकर 158 रन बनाकर चार विकेट से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अर्जुन सिंह को दिया गया। मैच में मोहन भदौरिया, दीपक द्विवेदी ने कमेंट्री व स्कोरर मनीष पांडे रहे। एम्पायर लाला, धनंजय धर्म सेना रहे। इस मौके पर टूर्नामेंट अध्यक्ष पप्पन पालीवाल, कोषाध्यक्ष धीरेन्द्र भीष्म देव, शीलू गुप्ता, सन्तु सिंह आदि मौजूद रहे।



क्रिकेट टूर्नामेंट में मैच खेलते खिलाड़ी। अमृत विचार

# मतदान केंद्रों पर बिजली, पानी और शौचालय का बेहतर इंतजाम जरूरी

## जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने अतरेहटी केंद्र का किया निरीक्षण



अतरेहटी बूथ का निरीक्षण करने पहुंचे जिला निर्वाचन अधिकारी। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को निष्पक्ष, पारदर्शी व शांतिपूर्ण ढंग से कराने हेतु सोमवार को विकासखंड माधौगढ़ के प्राथमिक विद्यालय अतरेहटी बूथ का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी को निर्देशित किया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बूथों पर जरूरी सुविधाएं जैसे बिजली, पेयजल, शौचालय, रैंप आदि व्यवस्थायें उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की समस्याएं हैं, तो उन्हें समय पूर्ण कराया जाए। उन्होंने कहा कि दिव्यांग वोटरों की सुविधा के लिए व्हीलचेयर एवं वॉलिंटियर्स की व्यवस्था अभी से ही सुनिश्चित कर ली जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन एक महत्वपूर्ण कार्य है, इसलिए संबंधित अधिकारी व कर्मचारी अपनी निर्वाचन ड्यूटी के प्रति सजक व सतर्क रहते हुए अपने दायित्वों का निर्वहन करें। उन्होंने कहा कि समय रहते सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को पूर्ण कर लिया जाए, जिससे मतदान के समय किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी बूथों पर स्वयं निरीक्षण करें, जो भी कमी पाए जाए उसे पूर्ण कर लिया जाए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही क्षम्य नहीं की जाएगी यह सुनिश्चित रहे। इस अवसर पर परियोजना निदेशक शिवाकांत द्विवेदी, उप जिलाधिकारी माधौगढ़ विश्वेश्वर सिंह, क्षेत्राधिकार शैलेंद्र कुमार बाजपेई, जिला विद्यालय निरीक्षक राजकुमार पंडित आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## पुलिस ने बैंक व एटीएम में लगे अलार्म चेक किए

**उरई।** प्रभारी निरीक्षक थानाध्यक्ष कुठौन्द कृष्ण कुमार सरोज द्वारा पुलिस टीम के साथ थाना चौकी क्षेत्र में पड़ने वाले बैंकों, एटीएम एवं विभिन्न वित्तीय संस्थानों में चेकिंग की गयी। चेकिंग के दौरान बैंक में लगे अलार्म एवं सीसीटीवी कैमरों को चेक किया गया कि सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नहीं। शाखा प्रबंधक से इस सम्बन्ध में वार्ता की गयी। बैंक ड्यूटी में लगे पुलिसकर्मियों को चेक कर सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने हेतु निर्देश दिये गये। बैंक परिसर में संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की गयी एवं अनावश्यक रूप से बैठे व्यक्तियों को बैंक परिसर से बाहर किया गया।



बैंक और एटीएम की चेकिंग करते प्रभारी निरीक्षक। अमृत विचार

## ट्रेन से टकराकर गिरा अधेड़, हो गई मौत

**कालपी।** कालपी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जोल्हूपुर निवासी 47 वर्षीय कृषक कढ़ोरे पुत्र हीरालाल अपने खेत की फसल देखने गया हुआ था, रात करीब 9 बजे रेलवे लाइन की पटरी किनारे से गुजर रहा था। इसी दौरान ट्रेन की चपेट में आकर घटनास्थल पर ही कढ़ोरे की दर्दनाक मौत हो गई। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक कामता प्रसाद, ज्ञान भारती चौकी इंचार्ज जितेंद्र सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना स्थल का जायजा लिया। पुलिस ने शव को कब्जे मिलेगा पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। जब यह खबर गांव पहुंची तो कोहराम मच गया।

मृतक कढ़ोरे के दो पुत्र एवं पत्नी ने बताया कि की कढ़ोरे को कान से कम सुनाई देता था। ट्रेन की आवाज वह सुन नही पाए और ट्रेन की चपेट में आ कर मौत हो गई। वहीं मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

## पुलिस ने हत्या के तीन आरोपी पकड़े

कार्यालय संवाददाता, उरई



पुलिस की गिरफ्त में हत्या के आरोपी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** 15 मार्च को शराब पार्टी के दौरान हुई हत्या का उरई कोतवाली पुलिस ने पर्दाफाश कर दिया। पुलिस ने तीन हत्यारोपियों को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार 15 मार्च 2024 की शाम को राठ रोड स्थित मौनी मंदिर के पास फुटपाथ में पत्थर की चकिया और सिलबट्टा बेचकर जीवन यापन करने वाले अखिलेश के दोस्तों ने शराब पार्टी के दौरान गोली मारकर हत्या कर दी थी। अखिलेश की मृत्यु हो जाने पर तीनों दोस्त मौके से फरार हो गए थे। कोतवाली पुलिस और सर्विलांस टीम ने तीनों हत्या के आरोपी रामजी नाई पुत्र राजकुमार नाई, मूल निवासी ग्राम गुजराई थाना अकबर पुर जिला कानपुर देहात, हाल मुकाम शीतला माता मंदिर के पास उरई, बॉबी नाई पुत्र भागीरथ, निवासी ग्राम टीकर थाना डकोर जालौन, हरिराम गुप्ता पुत्र शिव नारायण गुप्ता, निवासी मौनी मंदिर के पीछे उरई को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की। तीनो आरोपियों को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

- तीन दिन पूर्व शराब पार्टी में दोस्त की गोली मारकर की थी हत्या, आरोपियों को जेल भेजा

पुलिस ने हत्या के आरोपियों के पास से दो तमंचे 315 बोर के बरामद किए हैं। मालूम हो कि जिला मुख्यालय उरई के भीड़ भाड़ वाले इलाके में दिन दहाड़े हुई हत्या और गोली कांड से घटना स्थल से चार कदम की दूरी पर स्थित मौनी मंदिर में सैकड़ों की संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं में भगदड़ मच गई थी। आस-पास के दुकानदार दुकानें छोड़ कर भाग गए थे। एसपी इरज रजा ने इस हत्या का संज्ञान लिया और कोतवाली पुलिस को हत्या के आरोपियों को शीघ्र गिरफ्तार करने के निर्देश दिए थे।

## टूटते पांच परिवारों की पुलिस ने की काउंसिलिंग साथ रहने को राजी हुए

**उरई।** वैचारिक मतभेद की वजह से टूटने वाले परिवार के विवादों को पुलिस निरन्तर सुनकर, उनकी काउंसिलिंग कर समझा-बुझा कर बिखरने से बचाया जा रहा है। इसीक्रम में सायरा पत्नी अबरार बेग निवासी मुस्ताजाबाद इटौरा थाना कदौरा, छाया पत्नी अनूप निवासी कांशीराम कालोनी उरई कोतवाली उरई, साधना पत्नी मोनू निवासी लहरियापुरवा डूडा कालोनी उरई, वन्दना पत्नी वीरपाल निवासी ग्राम सरीला थाना जरिया जनपद हमीरपुर, रागिनी पत्नी रामशरण निवासी ग्राम मवई मौखरी कोतवाली उरई जनपद जालौन का (पति-पत्नी विवाद) समझौता करवाकर टूटते परिवार को जोड़ा गया। टीम में महिला परिवार परामर्श केन्द्र की उप निरीक्षण पूनम यादव प्रभारी, महिला का. प्रियंका, का. उर्मिला यादव, नसीम खां, विनोद पाठक, मंजूरानी, अरविन्द दीक्षित, राजेश कुमार शर्मा, भानूप्रकाश, अन्जू शर्मा आदि रहे।



परिवार परामर्श केंद्र में काउंसिलिंग की गई। अमृत विचार

## लोकतंत्र में बताई दिव्यांगों की भूमिका

संवाददाता कालपी जालौन

**अमृत विचार।** नेशनल सेंटर फॉर प्रमोशन आफ एंप्लॉयमेंट फॉर डिसेबल्ड पीपल (एनसीपीईडीपी) के फेलो कोर कमेटी सदस्य जाविद खान ने कहा कि देश में लगभग 1 करोड़ से अधिक पंजीकृत दिव्यांग मतदाता हैं। लोकसभा चुनाव 2024 हो रहा है। ऐसे में यह जरूरी है कि दिव्यांगजनों की आवाज उठाई जाये। ऐसा सिर्फ इसलिए नहीं है। क्योंकि उनका एक बड़ा वोट बैंक है, बल्कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि दिव्यांगजन भी वस्तुओं और सेवाओं के बड़े उपभोक्ता हैं और इस प्रकार सामाजिक-आर्थिक विकास तथा सकल घरेलू उत्पाद में महत्वपूर्ण योगदान करते हैं। कालपी विधानसभा क्षेत्र के बबीना तथा तगारेपुर गांव में संस्था की ओर से आयोजित कार्यक्रम में शामिल लोगों को अवगत कराते हुए उन्होंने कहा कि दिव्यांगता घोषणापत्र में विभिन्न हितधारकों के साथ राष्ट्रीय एवं क्षेत्रीय स्तर पर हुए व्यापक परामर्श में उभरे मुद्दों को शामिल किया गया है। जो पूरे भारत में दिव्यांग समुदाय की गंभीर चिंताओं और मांगों को समाहित करता है। कहा कि दिव्यांग लड़कियों और महिलाओं के लिए डिजिटल साक्षरता और स्मार्टफोन पहुंच के लिए एक उपयोजना स्थापित करें, ऐसी नीतियों की घोषणा करें जो समान भागीदारी को बढ़ावा दें और दिव्यांग महिलाओं और लड़कियों को हिंसा और दुर्व्यवहार से बचाएं। पैरा एथलीटों के लिए यूनिवर्सल डिजाइन के सिद्धांतों के आधार पर अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे की स्थापना करें। वर्ष 2029 तक दिव्यांग बच्चों का नामांकन बढ़ाने शिक्षा से जोड़ने की बात कही।



दिव्यांग मतदाता जागरुकता शिविर में जानकारी देते कमेटी सदस्य। अमृत विचार

## चुनावः मुस्लिम क्षेत्र में पहुंचे इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी

कार्यालय संवाददाता, उरई

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी के तौर पर जालौन-गरौठा व भोगनीपुर लोकसभा सीट से सपा के पूर्व मंत्री नारायणदास अहिरवार को टिकट देकर मैदान में उतार दिया है। जबकि बहुजन समाज पार्टी अभी तक अपने प्रत्याशी की घोषणा नहीं कर सकी है। भाजपा पहले ही निवर्तमान सांसद एवं केन्द्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा को टिकट देकर मैदान में उतार चुकी है। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार का जनपद में आते ही इंडिया गठबंधन के नेताओं ने फूल मालाएं डालकर भव्य स्वागत कर मतदाताओं से जनसंपर्क शुरू किया। इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी नारायणदास अहिरवार ने अपने समर्थकों के साथ मुस्लिम बाहुल्य क्षेत्र बजरियां में पहुंचकर जनसंपर्क कर सहयोग देने की अपील की। उनके साथ पूर्व सपा जिलाध्यक्ष वीरपाल सिंह यादव, जीवन बाल्मीकि, पूर्व जिलाध्यक्ष चौ. श्याम सुन्दर, शहर कांग्रेस रेहान सिद्दीकी, आमीन भाई, चुन्ना रिजवी, लाखन सिंह, मदन यादव, रामरतन प्रजापति, हबीब हसन, दीपू वर्मा, फैजानुल हक, कांग्रेस पार्टी के पूर्व ब्लाक प्रमुख कुठौंद अशोक द्विवेदी आदि थे।

- पदाधिकारियों ने किया स्वागत बसपा के प्रत्याशी अभी तय नहीं

## ग्रामीण बोले, गांव में नहीं चले ठेका

कार्यालय संवाददाता, उरई

- जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर ग्रामीणों ने उठाई आवाज
- आधी रात तक अराजकतत्वों का रहता है जमावड़ा

**अमृत विचार।** चुर्खी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम विनौरा वैध के निवासियों ने कलेक्ट्रेट में डीएम को ज्ञापन सौंपकर गांव के अंदर से शराब ठेका हटवाने की मांग की है।

गांव के दयाल सिंह, बृजेंद्र, भागीरथ, फिरोज, रविन्द्र, छुन्ना गुर्जर, ममता देवी, उमादेवी, प्रीती, चांदनी, पीरबानो, सावित्री, कमरुन, जगरानी सहित अन्य ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट पहुंच कर जिलाधिकारी को ज्ञापन देते हुए बताया कि गांव के अंदर वस्ती में स्कूल के पास रामशंकर पुत्र छोटे लाल के मकान में देशी शराब का ठेका खुला है, जिसमें पूरे दिन, आधी रात तक अराजकतत्वों का जमावड़ा बना रहता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई शराबी नशे की हालत में गालीगलौज करने के साथ ही वहां से निकलने वाली लड़कियों और महिलाओं से अशलील हरकतें करने से नहीं चूकते हैं। इससे पूरे गांव का माहौल खराब होता जा रहा है। जबकि स्कूल, मंदिर के आसपास शराब का ठेका खोलना निषिद्ध किया गया है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि जनहित में शराब का ठेका गांव के अंदर से हटवाया जाए।



शराब ठेका हटाने की मांग को लेकर ज्ञापन देने पहुंचे ग्रामीण। अमृत विचार

## अधिकारियों, कर्मचारियों के अवकाश पर लगी रोक

कार्यालय, संवाददाता उरई,

**अमृत विचार।** जिला निर्वाचन अधिकारी राजेश कुमार पांडेय ने लोकसभा चुनाव को देखते हुए जनपद में कार्यरत समूह क व ख के अधिकारियों व कर्मचारियों को बिना पूर्व लिखित अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ने के आदेश दिए हैं। आवश्यकता होने पर संबंधित अधिकारी अपना अवकाश प्रार्थना पत्र विभागीय जनपद स्तरीय अधिकारी / कार्यालयाध्यक्ष की संस्तुति सहित उप जिला निर्वाचन अधिकारी के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी को प्रेषित करने के बाद ही जा सकते हैं। डीएम ने कहा यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू होकर निर्वाचन प्रक्रियाएं समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा।

## सात प्रतिष्ठानों से भरे गए खाद्य पदार्थों के सैंपल

संवाददाता, कालपी (जालौन)

**अमृत विचार।** होली के पर्व को दृष्टिगत रखकर सोमवार को उपजिलाधिकारी के नेतृत्व में सीओ तथा खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम के द्वारा सैट प्रतिष्ठानो से खाद्य पदार्थो के नमूने भरने की कार्रवाई की गई। चेकिंग अभियान की खबर सुनकर कई मिलावट खोर दुकानदार अपने-अपने शटर गिराकर रफू चक्कर हो गए।

- एसडीएम, सीओ के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने चलाया चेकिंग अभियान

उपजिलाधिकारी हिमांशु पटेल, क्षेत्राधिकारी डॉ. देवेंद्र कुमार पचौरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आलोक कुमार, जतिन कुमार, कन्हैया लाल की संयुक्त टीम ने मुख्य बाजार टरननगंज में औचक निरीक्षक करके संजय माथुर की दुकान से किशमिश का नमूना भरा, बबलू स्पेलर की दुकान से सरसो के तेल का नमूना लिया। सफीक होटल से खोवा से सैम्पल, अरविंद सोनी की दुकान से मैदे का नमूना, फुलावर मिष्ठान से गुझिया का सैम्पल, बड़ा बाजार स्थित गबड़े हलवाई की दुकान से हलबे का नमूना भरकर राजकीय प्रयोगशाला में परीक्षण करने के लिए भेज दिया गया है।

उपजिलाधिकारी ने दुकानदारों को निर्देश देते हुए कहा की प्रतिष्ठा में स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा जाए। गंदगी या अखाद्य पदार्थों का अपमिश्रण ना करें। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि परीक्षण रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। मिलावट पाए जाने पर दोषी दुकानदार के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

चेकिंग की खबर सुनकर कई दुकानदार अपने-अपने शटर गिराकर रफूचक्कर हो गए। टीम के जाने के बाद दुकानदार अपने-अपने प्रतिष्ठान खोलकर बैठ गए।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

### सूचना

सूचित किया जाता है कि मेरा नाम रिलाइन्स निपान लाइफ एन्श्योरेंश को लि. पालिसी संख्या 19798957 में रफीक अहमद पुत्र कुदरत अली दर्ज हो गया है। जबकि मेरा सही नाम शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली है। अतः मेरा सही नाम शफीक अहमद ही पढ़ा व समझा जाये।
**शफीक अहमद पुत्र कुदरत अली**
पता- 438 गुल्लावीर रोड पानी टंकी सलारगंज, बहराइच

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम MOHAMMAD SHANU था अब मने बदलकर अपना नाम IMRAN HUSAIN रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। MRAN HUSAIN S/O: LAIQ HUSAIN, R/O: MEHNDI GANJ KARBALA, BAZAR KHALA, LUCKNOW

### दिव्य कृपाल महाविद्यालय गोसवां मल्लावाँ हरदोई

**में आवश्यकता है**
स्नातक सहा0 आचार्य समाज शास्त्र –01 पद, स्नातक रसायन विज्ञान –01 पद, स्नातक/परास्नातक वनस्पति विज्ञान –01 पद तथा स्नातक / परास्नातक भूगोल में–01 पद व परास्नातक हिन्दी –01 पद
**योग्यता व वेतन यूजीसी व ल0वि0वि0 मानक के अनुसार।**
**आवेदन –**
divyakripalpgcollege@ gmail.com,पर भेजें
**प्रबन्धक**
**श्री राकेश कुमार वर्मा**
मो–9919486606

### शिव मूरत सिंह महाविद्यालय त्रिशुण्डी, भादर, अमेठी

**आवश्यकता है**
**प्रवक्ता पद हेतु**
भूगोल 02 पद अर्थ शास्त्र 02पद
**वेतनमान व योग्यता- यूजीसी/उ0 प्र0 शासन/विश्व विद्यालय परिनियमावली अनुसार**
नोट–इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि से 21 दिनों के भीतर समस्त प्रमाण पत्रों की छाया प्रति एवं फोटो के साथ आवेदन करे।
**प्रबन्धक**
**प्रबीन कुमार सिंह**
मो–9793367812

### सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम BASDEV PRAJAPATI था अब मैने बदलकर अपना नाम BASDEV रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। BASDEV S/O:HARIPAL R/O: CHANDIPUR KHURD, AMBEDKAR NAGAR

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं **मनोज कुमार यादव पुत्र विजय कुमार, निवासी–549/213/1, बड़ा बरहा, थाना आलमबाग, लखनऊ** मैने अपने पुत्र सुमन यादव जोकि अपराधिक प्रवृत्ति का है एवं मेरे कहने–सुनने में नहीं है वह मेरे व मेरे परिवार वालों के साथ अमर्यादित व्यवहार करता रहता है, इसके कृत्यों से परेशान होकर अपनी समस्त चल व अचल सम्पत्ति के बेदखल करता हूँ। और भविष्य में उसके द्वारा किये गये कृत्यों के लिए यह स्वयं जिम्मेदार होगा, मुझसे व मेरे अन्य परिवार वालों से कोई वास्ता व सरोकार न होगा।

### अदालती सूचना

जयराम द्वारा अधिकृत लाल सिंह
बनाम
श्री प्रमोद कुमार पांडे
निवासी मकान संख्या 435, नानकारी, कल्याणपुर लगातार मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में प्रत्येक तारीखों में गैर हाजिर रहे हैं इस बाबत कई बार समन भी कोर्ट की ओर से भेजा गया लेकिन उपरोक्त प्रतिवादी हाजिर नहीं हुए। आपको ज्ञात करा दें मु. सं. 12024 मैथा तहसील कानपुर देहात न्यायालय उप जिलाधिकारी (न्यायिक) की अदालत में दिनांक 19/03/ 2024 दिन मंगलवार को आपकी पत्रावली जयराम बनाम प्रमोद कुमार पांडे विचाराधीन है। नियत तारीख पर आप प्रमोद कुमार पांडे पुत्र ऊदन उर्फ श्यामलाल पांडे समय 12 बजे उपस्थित हों।

**किया जागरूक** | राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम और द्वितीय इकाई के शिविर में छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता का दिया संदेश

# तुफैलपुरवा में चला स्वच्छता अभियान, सभासदों ने भी किया योगदान

कार्यालय संवाददाता उरई

**अमृत विचार।** गांधी महाविद्यालय उरई में संचालित राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम तथा द्वितीय इकाई के विशेष शिविर के पांचवें दिन छात्र-छात्राओं ने वृहद स्वच्छता अभियान चलाकर स्वच्छता का सन्देश दिया। स्वयंसेवकों ने प्रातः 07 बजे योग किया। अल्पाहार के पश्चात प्रथम इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनू कुमार मिश्र तथा द्वितीय इकाई के कार्यक्रम अधिकारी डॉ धर्मेन्द्र कुमार के मार्गदर्शन में समस्त स्वयंसेवकों ने तुफैलपुरवा के वार्ड संख्या 06 में सफाई अभियान चलाया। इसमें वार्ड संख्या 06 के सभासद रविन्द्र राजपूत एवं वार्ड संख्या 11 के सभासद नरेश चौधरी ने छात्र छात्राओं के साथ साफ सफाई में सहयोग किया। सभी छात्र छात्राओं ने हम सबने ठाना है, भारत को स्वच्छ बनाना है, आदि नारों से वहां के निवासियों के मध्य जागरूकता रैली भी आयोजित की। द्वितीय सत्र में तम्बाकू निषेध कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला तम्बाकू नियन्त्रण प्रकोष्ठ की जिला सलाहकार डॉ तृप्ति यादव एवं जिला चिकित्सालय के मनोचिकित्सक डॉ महेश ने छात्र छात्राओं को तम्बाकू जनित रोगों के विषय में प्रशिक्षण दिया। सभी छात्र छात्राओं ने तम्बाकू सेवन न करने के लिए शपथ ली। कार्यक्रम अधिकारी डॉ मोनू कुमार मिश्र ने संचालन किया, डॉ धर्मेन्द्र कुमार ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर रितेश कुमार, भूपत प्रसाद, प्रमोद कुमार, संतोष दीक्षित, विशाल वर्मा, अभय राजे, रोहित वर्मा, राहुल वर्मा, सौम्या, मधु वर्मा, कपिल, शैलेंद्र आदि मौजूद थे।




तम्बाकू जागरुकता कार्यक्रम में पोस्टर के साथ अतिथि। अमृत विचार

## रैली निकाली, जल संरक्षण का बताया महत्व

संवाददाता कोंच जालौन

**अमृत विचार।** मथुरा प्रसाद महाविद्यालय कोंच के एनएसएस के सात दिवसीय विशेष शिविर के चौथे दिन का प्रारंभ हुलका देवी मंदिर ग्राम पड़री में सरस्वती वंदना व लक्ष्य गीत से शुरू हुआ। इसके उपरांत स्वयंसेवक तथा सेविकाओं ने कार्यक्रम अधिकारी महेंद्र मिश्रा एवं डॉ अल्पना सिंह के नेतृत्व में महिला जागरुकता विषय पर मंदिर परिसर से लेकर ग्राम पड़री तक रैली निकाली। रैली में सौम्या, कृष्णा, हनी, महेंद्र, करण, राहुल, भूपेंद्र, रागनी, नंदनी, खुशी, सैकी, महक, शिव, विकास, आकाश, अमन, दीक्षा, रोली, सरफुद्दीन, अरशद, आयशा, विंदवासनी, मुस्कान, रक्षा, मेघा आदि स्वयंसेवक तथा सेविकाओं कैंप स्थल पर वापस आए और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। बौद्धिक सत्र में मुख्य अतिथि मथुरा प्रसाद महाविद्यालय की संस्कृत विभाग की प्राध्यापक डॉ मधुरलता द्विवेदी रहीं। उन्होंने महिला अधिकार एवं जागरुकता विषय पर स्वयं सेवियों को जागरूक किया। इसके उपरांत जल संरक्षण विषय पर संगोष्ठी हुई। शिविर में शामिल छात्राओं ने रस्सी कूद, खाना बनाना तथा लाठियां भांज कर रोचक प्रस्तुति दी, जिनकी जमकर सराहना हुई। कार्यक्रम का संचालन नजरीन ने किया।



महिला जागरुकता के लिए छात्राओं ने पड़री गांव में निकाली रैली। अमृत विचार

## एक नजर

### बलवा का आरोपी पकड़ा

फतेहपुर। बिन्दकी कोतवाली पुलिस ने पारादान गांव निवासी रवि प्रकाश पुत्र रामकुमार के खिलाफ बलवा, मारपीट का मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### मारपीट के दो आरोपी दबोचे

**फतेहपुर।** हुसेनगंज पुलिस ने रहमत दौलतपुर गंभीरी गांव निवासी मोहित तिवारी पुत्र अंजू तिवारी उर्फ प्रवेश कुमार के खिलाफ एससी एसटी, मारपीट समेत कई धाराओं में मामला दर्ज किया था। जिसके बाद से आरोपी की गिरफ्तारी के लिए पुलिस तलाश कर रही थी। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है। उधर, औंग पुलिस ने शादीपुर गांव निवासी राजा सिंह पुत्र शिव कुमार सिंह के खिलाफ मारपीट, छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया था। वह फरार चल रहा था। सोमवार को पुलिस ने आरोपी की गिरफ्तारी कर कोर्ट में पेश किया है।

### एप बन रहा प्रधानों के जी का जंजाल


**फतेहपुर।** एनएमएमएस के माध्यम से मस्टर रोल भरने की प्रक्रिया के अमल में आते ही प्रधानों-सचिवों के चेहरों पर चिंता साफ देखी जा सकती है। चूंकि इस पर माइनस हुई मजदूरों की हाजिरी प्रधान, कार्यदायी संस्था के मत्थे आ जाता है। हालांकि जानकार बताते हैं आठ मजदूरों की जगह 46 की हाजिरी चढ़ा खेल करने वाले एप प्रक्रिया का ज्यादा विरोध कर रहे हैं।

# हर विस क्षेत्र में बनेंगे दो महिला बूथ

## दिव्यांग व युवा बूथ बनाने की प्रक्रिया तेज, कुछ मतदेय स्थलों पर होगी वेब कास्टिंग

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- लोकसभा चुनाव को लेकर तैयारियों में जुटा प्रशासन



**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्वक संपन्न कराने के लिए प्रशासन की ओर से हरसंभव कोशिश की जाएगी। निर्वाचन की शुचिता बनाए रखने को प्रशासन की ओर से कुछ मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी तो वहीं हर विधानसभा क्षेत्र में दो महिला बूथ बनेंगे। मॉडल, दिव्यांग और युवा बूथ भी बनाए जाएंगे।

आयोग की ओर से निर्वाचन की तारीख घोषित हो चुकी है। साथ ही प्रशासन भी अलर्ट मोड में आ गया है, जिले में 20 मई को वोट डाले जाएंगे। छह विधान सभाओं में सदर, हुसेनगंज, जहानाबाद, बिंदकी, खागा, अयाह-शाह वाली लोकसभा क्षेत्र में 19.35 लाख मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में दो महिला बूथ बनाए जाने की प्रक्रिया चल रही है। जिस पर महिला कर्मचारियों की ही तैनाती होगी।

दिव्यांग और युवा बूथ प्रति विधानसभा एक-एक बनेगा तो वहीं मॉडल बूथ प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में पांच-पांच स्थापित किए जांएगे। लोकसभा निर्वाचन में कुछ मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग कराई जाएगी। जिसमें क्रिटिकल और बर्नेबल मतदेय स्थल सम्मिलित रहेंगे। निर्वाचन से संबंधित गतिविधियों पर सतर्क नजर रखने को उड़नदस्ते, वीडियो सर्विलांस टीम का गठन किया जा चुका है। निर्वाचन की घोषणा के साथ ही यह टीमें सक्रिय हो जाएंगी। टीमों की ओर से जिन वाहनों का प्रयोग किया जायेगा उनमें जीपीएस लगाया जाएगा, जिससे कि लोकेशन मुख्यालय पर स्थित नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हा सके। चुनाव को लेकर प्रशासनिक अफसर तेजी से लगे हुए हैं।

### दिव्यांग वोटरों को मिलेगी सहूलियत

- दिव्यांग मतदाताओं की सहूलियत के लिए मतदेय स्थलों पर समुचित इंतजाम किए जा रहे हैं। सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेट को जिम्मेदारी दी गई है कि वह अपने अपने क्षेत्र के मतदेय स्थलों पर यह जरूर देखें कि कहीं पर रैंप की व्यवस्था तो आधी अधूरी नहीं है। समय से पूर्व उसे पूरा कर लिया जाए।

# जिले में 23 हजार वोटर पहली बार डालेंगे वोट

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- 18 से 19 आयु वर्ग के हैं ये मतदाता, इस बार दर्ज हुआ सूची में नाम

**अमृत विचार।** आने वाले लोकसभा निर्वाचन में पहली बार मतदान करने वाले युवाओं की भी महत्वपूर्ण भूमिका होगी। करीब 23000 मतदाता पहली बार वोट डालेंगे। यह मतदाता 18 से 19 आयु वर्ग के हैं। इन मतदाताओं में पहली बार वोट डालने का उत्साह नजर आ रहा है।

पिछले पांच साल में जिले में करीब 34 हजार मतदाताओं की संख्या बढ़ी है। जिससे वर्तमान में 19.35 लाख मतदाताओं की संख्या हो गई है। इसमें 10.38 लाख पुरुष और 08.57 लाख महिला मतदाता हैं। लेकिन दोआबा के 23 हजार युवा मतदाताओं में चुनाव को लेकर उत्साह ज्यादा नजर आ रहा है। वहीं इस बार घर बैठे बैलेट बाक्स से मतदान की सुविधा को लेकर करीब 31 हजार बुजुर्ग मतदाता (85 से सौ वर्ष) खासे उत्साहित है। बीएलओ इन बुजुर्गों वोटरों से सहमित पत्र (फार्म-12) भराने को इनके घरों की कुंडी खटखटा रहे हैं। लोक सभा चुनाव को लेकर

लोगों के बीच चर्चाएं तेजी पकड़ रही हैं। युवा वोटरों का कहना रहा कि पहली बार मतदाता सूची में नाम दर्ज कराया गया है। कोशिश होगी कि अपने बूथ में पहली बार अपना पहला वोट देंगे।

# जेसीबी मालिक ने घर में घुसकर परिवार को पीटा

**फतेहपुर।** बिजली पोल पर जेसीबी से टक्कर मारने के विरोध में जेसीबी मालिक ने समर्थकों संग परिवार को घर में घुसकर पीटा। हमले में दंपति व बेटा घायल हो गए। पुलिस ने जेसीबी मालिक समेत चार के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

खखरेरू थाना क्षेत्र के तेंदुआ गांव निवासी पुरुषोत्तम उर्फ पुत्तन मिश्रा जेसीबी मालिक हैं। उनका ड्राइवर छोटू गांव में किसी काम से जा रहा था। रास्ते में राहुल सोनी अपने घर के बाहर खड़ा था। राहुल का आरोप है कि चालक ने जेसीबी से बिजली पोल में टक्कर मार दी। रास्ता संकरा होने से जेसीबी लाने को रोका भी था। इसी बात पर चालक से कहासुनी हो गई।

आरोप है कि कुछ देर बाद जेसीबी मालिक पुरुषोत्तम मिश्रा अपने पुत्र आशीष मिश्रा, भतीजों कार्तिक, हर्ष के साथ लाठी-डंडे लेकर उसके घर पहुंचे और गाली गलौज की। राहुल का आरोप है कि मना करने उसे पीटने लगे। बीच बचाव करने आए पिता उमाशंकर व मां गीता देवी को लाठी-डंडों से पीटकर लहूलुहान कर दिया। राहुल के अनुसार पुरुषोत्तम रिवाल्वर भी लिए था। प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार राव ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

# मौरंग खनन में लगे चार ट्रैक्टर सीज

संवाददाता फतेहपुर

- एडीएम ने टीम के साथ की छापेमारी, लगाया जुर्माना
- जयराम नगर, बहुआ रोड और जोनिहा बाईपास में हुई चेकिंग



एडीएम ने ट्रैक्टरों की जांच कर की कार्रवाई।

**अमृत विचार।** कृषि कार्य की जगह व्यवसायिक कार्य और मौरंग लादकर चलने वाले ट्रैक्टर-ट्रॉलियों पर जिला प्रशासन ने अभियान चलाकर कार्रवाई की है। एडीएम और एएसपी के नेतृत्व में टीम ने छापेमारी करते हुए चार ट्रैक्टर-ट्रॉली को अवैध रूप से मोरंग खनन करते हुए पकड़कर सीज कर दिया और लाखों रुपये का जुर्माना लगाया है।

शहर के जयराम नगर, बहुआ रोड और जोनिहा बाईपास पर एडीएम अविनाश त्रिपाठी, एडीएम विजय शंकर मिश्रा के नेतृत्व में एसडीएम सदर प्रभाकर त्रिपाठी, सीओ सिटी वीर सिंह, एआरटीओ परिवहन लक्ष्मीकांत ने टीम के साथ छापेमारी करते हुए 40 वाहनों को रोककर चेक किया। इसमें चार ट्रैक्टर-ट्रॉली में अवैध रूप से ओवरलोड मौरंग लादकर ले जा रहे थे। टीम ने चारों ट्रैक्टरों को सीज कर तीन लाख दस हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।

एडीएम अविनाश त्रिपाठी ने बताया कि शासन के निर्देश पर कृषि कार्य के लिए पंजीकृत होने के बाद ट्रैक्टर ट्रॉली से व्यवसायिक कार्य करने पर कार्रवाई की जा रही है। साथ ही कागज के अलावा हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगे होने पर चार ट्रैक्टर-ट्रॉलियों को सीज किया गया। इन पर परिवहन विभाग ने दो लाख रुपये और खनिज विभाग ने एक लाख 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। चारों ट्रैक्टर-ट्रॉली को सीज कर राधा नगर थाने में खड़ा करा दिया। एएसपी विजय शंकर मिश्रा ने बताया कि ट्रैक्टर-ट्राली सहित अन्य वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाना जरूरी है। यह नियम सभी तरह के वाहनों के लिए अनिवार्य है।

# मैच के दौरान मतदान की शपथ

संवाददाता फतेहपुर



मैत्री मैच के बाद लोगों को मतदान की दिलाई गई शपथ। अमृत विचार

**अमृत विचार।** मतदाता जागरुकता अभियान के तहत स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सी इंदुमती के निर्देश पर स्वीप आइकॉन डॉ. अनुराग श्रीवास्तव और टीबी चैंपियन आशीष कुमार के नेतृत्व में इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी व टीबी एलिमिनेशन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में मैत्री क्रिकेट मैच व मतदाता जागरुकता अभियान चलाया गया।

इसके तहत एनटीईपी व टीबी चैंपियन के बीच राजकीय इंटर कॉलेज मैदान में क्रिकेट खेला गया। सबसे पहले इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन द्वारा दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया फिर टॉस किया। मतदाता जागरुकता के तहत आयोजित क्रिकेट मैच कुल 15 ओवर का रखा गया। इसमें एनटीईपी ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी की और 92 रन बनाए और विजेता रहे। वहीं टीबी चैंपियन 61 रन ही बना पाए। इसके बाद स्वीप आइकॉन द्वारा मैच देखने आए दर्शकों को मतदान करने के लिए शपथ दिलाई गई। स्वीप आइकॉन अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि 20 मई को मतदान होगा। उस दिन सबसे पहले अपने मतदान केंद्र पर जाकर वोट दो उसके बाद सारे काम। विजेता व उपविजेता टीम के सभी खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र व मेडल पहनाकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम के कप्तान प्रवीण कुमार व उपविजेता टीम के कप्तान शशी मिश्र को ट्रॉफी प्रदान की गई। दिलीप, अजीत सिंह, राकेश, विष्णु, चैतन्य कुमार, भक्तदास, दानिश, राशिद, मुकुल, अजय, वसीम, राजेश, गोपाल मौजूद रहे।

# शौचालय का काम बंद होने से वकीलों में रोष

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- डीएम के हस्तक्षेप के बाद दूर हो सका अवरोध

**अमृत विचार।** बिंदकी तहसील परिसर में पुरुष व महिला शौचालय न होने से ग्रामीणों इलाके से आये लोगों को परेशानी उठानी पड़ती थी। इस समस्या को देख वकीलों ने मामले से जिलाधिकारी को अवगत कराया। जिलाधिकारी ने शौचालय निर्माण के आदेश नगर पालिका परिषद बिंदकी को दिए। शौचालय निर्माण भी शुरू करा दिया गया लेकि पालिका प्रशासन ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिससे वकीलों में आक्रोश व्याप्त है। उन्होंने एसडीएम से मिलकर निर्माण कार्य पूरा कराये जाने की मांग की है।

पूर्व अधिवक्ता संघ अध्यक्ष बिंदकी विप्र नारायन तिवारी, सुनील तिवारी एडवोकेट आदि प्रतिनिधि मंडल एसडीएम बिंदकी से मिलकर अवगत कराया कि तहसील क्षेत्र में 426 गांव आते हैं लेकिन तहसील परिसर में पुरूष व महिला शौचालय, मूत्रालय की कोई व्यवस्था नहीं है। मामले से अधिवक्ता प्रतिनिधि मण्डल ने जिलाधिकारी को अवगत कराया। उन्होंने पालिका प्रशासन बिंदकी को निर्माण के निर्देश किए थे। तहसील परिसर में तीन पुरूष व दो महिला शौचालय इतने ही मूत्रालय का निर्माण कार्य ठेकेदार द्वारा कराया जा रहा था। जिस पर पालिका प्रशासन बिंदकी ने रोक लगा दी।

# मूल्यांकन पूरा करने की जद्दोजहद

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- तीसरे दिन भी चारों केंद्रों में तेजी से जांची गईं कॉपियां
- दो केंद्रों में हाईस्कूल तो दो में चेक हो रहीं इंटर की कॉपियां




राजकीय इंटर कॉलेज में जांची जा रहीं कॉपियां। अमृत विचार

**अमृत विचार।** यूपी बोर्ड की परीक्षाओं के बाद मूल्यांकन का कार्य तेजी से शुरू कर दिया गया है। तीसरे दिन सोमवार को इस काम में खासी तेजी भी आ गई। मूल्यांकन के तीसरे दिन कुल मिलाकर 82,583 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। जबकि अधिकांश संख्या में परीक्षक भी मूल्यांकन केंद्रों पर पहुंच रहे हैं।

जिले में चार मूल्यांकन केंद्र बनाए गए हैं, उनमें दो परीक्षा केंद्रों पर हाईस्कूल की कॉपियां जांची जा रही हैं। राजकीय इंटर कॉलेज में सोमवार को इंटर की 3311 और राजकीय बालिका इंटर कॉलेज में सोमवार को 7431 कांपियों का मूल्यांकन किया गया कुल मिलाकर इंटर की अब तक 26,474 कॉपियां जांची जा चुकी हैं।

इसी तरह हाईस्कूल की कॉपियों में एएस इंटर कॉलेज में हाईस्कूल की 8620 तथा सदाशिव इंटर कॉलेज रेलबाजार में हाईस्कूल की सोमवार को 10064 कॉपियां जांची गई। इन्हें मिलाकर हाईस्कूल की कुल 56109 कॉपियों का मूल्यांकन किया जा चुका है। चारों मूल्यांकन केंद्रों पर परीक्षक तैनात किए गए हैं। उनमें अधिकांश परीक्षा पहुंच रहे हैं।

# 26 अप्रैल से छह मई तक होगी नामांकन प्रक्रिया

कार्यालय संवाददाता, फतेहपुर

- जिला निर्वाचन अधिकारी ने जारी किया कार्यक्रम
- 20 मई को मतदान तो चार जून को होगी मतगणना

**अमृत विचार।** लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने के बाद जिला प्रशासनिक स्तर पर भी तैयारियां तेज हो गईं हैं। सोमवार को जिला निर्वाचन अधिकारी ने भी जिले के चुनाव कार्यक्रम को जारी कर दिया है। नामांकन प्रक्रिया 26 अप्रैल से शुरू होकर छह मई तक पूरी की जाएगी।

जिलाधिकारी, जिला निर्वाचन अधिकारी सी.इंदुमती ने बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी लखनऊ के निर्देश पर फतेहपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में समाविष्ट विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 238-जहानाबाद, 239-बिन्दकी, 240-फतेहपुर, 241-अयाह शाह, 242-हुसैनगंज, 243-खागा के नामांकन से लेकर नाम वापसी तक की कार्यवाही 26 अप्रैल से 06 मई तक कलेक्ट्रेट परिसर में सम्पन्न होगी। जिले में पांचवे चरण में चुनाव होने हैं। जिसके तहत निर्वाचन की अधिसूचना 26 अप्रैल को जारी होगी। नामांकन करने के लिए अंतिम तिथि 03 मई, नाम निर्देशनों की संवीक्षा के लिए 04 मई, नाम वापसी के लिए अंतिम तिथि 06 मई और मतदान 20 मई दिन सोमवार को होगा। उसके बाद मतगणना 04 जून को कराया जाएगा। बताया कि छह जून के पूर्व निर्वाचन प्रक्रिया पूरी कर ली जाएगी। लोकसभा सामान्य निर्वाचन कलेक्ट्रेट परिसर में नामांकन, संवीक्षा, नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन से संबंधित समस्त कार्य रिटर्निंग ऑफिसर के द्वारा किया जाएगा।

# वारदात कर भाग रहे दो बदमाश पकड़े

**फतेहपुर।** बकेवर थाना क्षेत्र के कोसा गांव निवासी सूरज यादव, पत्नी ममता और दो बच्चों के साथ घाटमपुर थाना क्षेत्र के नौरंगा गए थे। वह शाम को बाइक से लौट रहे थे। बकेवर क्षेत्र के डारी खुर्द गांव के पास स्थित भट्ठा के निकट ओवरटेक करके बाइक सवार बदमाशों ने रोकने का प्रयास किया। बाइक न रोकने पर टक्कर मारकर गिरा दिया। दंपति व बच्चे बाइक से गिरकर घायल हो गए।

बताया कि इसी दौरान बाइक सवार आरोपियों ने महिला के गले से मंगलसूत्र और कान के झाले खींच लिए और फरार हो गए। युवक सूरज यादव ने मुस्तैदी दिखाते हुए आगे गांव के परिचतों और पुलिस को सूचना दी। वह भी बाइक सवारों के पीछे बाइक से भागा। बैठका चौराहे पर पुलिस और ग्रामीणों की मदद से दो बाइक सवारों को धर दबोचा गया। पुलिस ने दोनों बदमाशों की पहचान घाटमपुर थानाक्षेत्र निवासी मुन्ना व अरुण के रूप में की है।

# खखरेरु-कोट मार्ग पर हो रहे हादसे

संवाददाता, खागा फतेहपुर

**अमृत विचार।** सड़क सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार हर दिन एक गाइडलाइन पेश कर रही है तथा उच्चधिकारीयों को सख्त निर्देश दिए जाते हैं जिससे आए दिन हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर विराम लगाया जा सके। लेकिन सरकार के फरमान सिर्फ हवा हवाई साबित हो रहें हैं। जिम्मेदार चैन की नींद सो रहे हैं।

खखरेरु से कोट मार्ग इस समय खरपतवार से पूरी तरह ढका हुआ है। उगे खरपतवार से मार्ग की दोनों पटरियां पूरी तरह ढकी हुई हैं। जिससे आए दिन बड़ी से बड़ी दुर्घटनाएं देखने को मिल रहीं हैं। इस मार्ग पर चलने वाला हर व्यक्ति हर दिन मौत को दावत देता है।

मार्ग पर अचानक जंगली जानवर व अन्ना पशुओं से टकरा कर लोग दुर्घटना का शिकार हो रहें हैं। यहां तक की बीते माहों में इसी मार्ग पर नीलगाय से टकरा कर पति व पत्नी की मौत हो चुकी है।



कुछ इस तरह से सड़क के दोनों साइड उगी हैं झांड़ियां। अमृत विचार

### अंधा मोड़ बना दुघर्टना का सबब

इधर कोट रोशनपुर मार्ग पर अंधा मोड़ होने की वजह से कई राहगीरों ने अपनी जान गंवाई है। फिर भी आज तक इस मार्ग पर एक रेडियम बोर्ड की व्यवस्था तक नहीं कराई गई। जिसके लिए रोशनपुर व दरियापुर के ग्रामीणों ने खागा तहसील में पिछले वर्ष लिखित शिकायत पत्र भी दिया था। जिसमें ग्रामीणों ने रेडियम बोर्ड लगाने की मांग की थी। आज तक रेडियम बोर्ड की व्यवस्था नहीं कराई गई। जहां आज भी कई हादसे हो रहे हैं। मार्ग पर रेडियम बोर्ड का ना होना व बारिश से उगे खरपतवार से चल रहे राहगीरों पर कहीं ना कहीं मौत का साया बरकरार रहता है। जबकि कुछ दिन पहले सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने सख्त आदेश देते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया गया था कि मार्ग पर बने कमरतोड़ ब्रेकर को तत्काल हटवाया जाए। लेकिन वह फरमान भी हवा हवाई साबित हुआ इसी मार्ग पर अनगिनत कमरतोड़ ब्रेकर बने हैं फिर भी जिम्मेदारों के कानों पर जूं तक नहीं रेंगती।

**क्या कहना रहा क्षेत्रीय ग्रामीणों का :** क्षेत्र के कोट, कुल्ली, दरियापुर, रोशनपुर, शिवपुरी, रहमतपुर समेत अन्य गांवों के लोगों ने गहरा रोष व्यक्त किया। इनका कहना रहा कि इस जटिल समस्या का समाधान जल्द होना चाहिए। जिससे हो रही दुर्घटनाओं से आम जनता को निजात मिले सके।

## सार-संक्षेप

### पुलिस ने दबोचे पांच वारंटी

**बिन्दकी।** कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में न्यायलय से काफ़ी समय से फरार चल रहे राजेंद्र कुमार पुत्र रामप्रकाश निवासी पिपरी व रवि प्रकाश को खजुहा चौकी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। वहीं जोनिहा चौकी पुलिस ने राम पुत्र सोनिया निवासी ठिठौरी गिरफ्तार किया। बिन्दकी चौकी पुलिस ने पिंकू उर्फ़ बबलू पुत्र जगजीवन निवासी पुरानी बिन्दकी को गिरफ्तार किया। इसी तरह खूंटा गांव निवासी रामखेलवान को गिरफ्तार किया गया है। सभी को पुलिस ने कोर्ट में पेश किया है।

### बकरी चोरों से किसान भिड़ा

**औंग।** थाना क्षेत्र के थानपुर निवासी विनोद कुमार पासवान खेती करते हैं। उन्होंने बताया की रोज की तरह वह खेत में बनी झोपड़ी में सो रहे थे। देर रात कुछ चोर पहुंचे और बकरी चोरी करने लगे। नींद खुलने पर उसने शोर मचाया तो एक चोर से भिड़ंत हो गई। तभी दूसरे चोर ने किसान में हाथ में तमंचे की बट से वार कर दिया। जिससे वह डर गया और चोर एक बकरा लेकर चार पहिया वाहन से भाग निकले। उसने बताया कि तीन बदमाश थे।

प्रवेश प्रारम्भ
प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

मिली जिम्मेदारी

कुंवरपुर रोड स्थित एक संस्थान में संगठन की बैठक का आयोजन, प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग हुए शामिल

# रामजी को आदर्श व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष की जिम्मेदारी

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर



आदर्श व्यापार मंडल के नए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष ने एक बैठक की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन में फेर बदल करते हुये नगर अध्यक्षों तथा महामंत्री पद पर मनोनीत किया।

सोमवार को नगर के कुंवरपुर रोड स्थित एक संस्थान में मुख्य अतिथि के रूप में आए आदर्श व्यापार मंडल के प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग व जिलाध्यक्ष अभिनव यादव ने एक बैठक की। इसमें प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप गर्ग ने तहसील अध्यक्ष निरंजन श्रीवास्तव, नगर अध्यक्ष रामजी गुप्ता, महामंत्री सौरभ गुप्ता व महिला मोर्चा नगर अध्यक्ष पद के लिए शालनी श्रीवास्तव को चुना गया। वहीं लोगों ने रामजी गुप्ता को आदर्श व्यापार मंडल को नगर अध्यक्ष व सौरभ गुप्ता को महामंत्री बनाये जाने पर खुशी जाहिर करते हुए फूल मालाओं से लादकर का स्वागत किया। सभासद आनंद कुमार, दीपक पाल, सैम्बल जैकब, सुरेंद्र गुप्ता, कबीर सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# सोसायटी ने किया जिला कार्यकारिणी का गठन

संवाददाता, बिन्दकी फतेहपुर

**अमृत विचार।** जिला कार्यकारिणी की घोषणा एवं संगठन की दूसरी वर्षगांठ व पदाधिकारी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें बनाए गए पदाधिकारियों का स्वागत किया गया। नगर के ललौली चौराहे के समीप एक प्रतिष्ठान पर प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट रामसिंह व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजू गोस्वामी की अगुवाई में पदाधिकारी सम्मान समारोह हुआ। वहीं जिला कार्यकारिणी बनाते हुए नव निर्वाचित जिला सनातन धर्म संरक्षक सुरेन्द्र महाराज, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष मंजू गोस्वामी, जिला उपाध्यक्ष प्रतिभा द्विवेदी को संगठन मजबूत करने पर बल दिया गया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष सुधीर सिंह, जिला उपाध्यक्ष प्रताप सिंह चौहान, धर्मेंद्र शर्मा, जिला सचिव अनुज परिहार, प्रदीप शर्मा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

परोक्षे कार्यहन्तारं प्रत्यक्षे प्रियवादिनम्।
वर्जयेत्तादृशं मित्रं विषकुम्भं पयोमुखम् ॥

पीठ पीछे काम बिगाड़ने वाले या सामने प्रिय बोलने वाले मित्र को मुंह पर दूध रखे हुए विष के घड़े के समान त्याग देना चाहिए ।

## संपादकीय

# महत्वपूर्ण कदम

निष्पक्ष चुनाव कराने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए चुनाव आयोग ने लोकसभा चुनाव से पहले सोमवार को छह राज्यों के गृह सचिवों, बंगाल के डीजीपी राजीव कुमार, मिजोरम और हिमाचल प्रदेश के सामान्य प्रशासनिक विभाग के सचिव को हटा दिया है। जिन छह राज्यों के गृह सचिव हटाए हैं, उसमें गुजरात, उत्तर प्रदेश, बिहार, झारखंड, हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड शामिल हैं। चुनाव आयोग आम तौर पर संसदीय और विधानसभा चुनावों के दौरान ऐसी कार्रवाई करता है, जब हितों के टकराव या ऐसे अधिकारियों द्वारा सभी के लिए समान अवसर को बाधित करने की संभावना का मुद्दा सामने आता है। चुनावों से पहले, चुनाव आयोग राज्यों को चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े उन अधिकारियों को स्थानांतरित करने का निर्देश देता है। यदि राज्यों द्वारा ऐसे अधिकारियों का स्थानांतरण नहीं किया जाता है, तो चुनाव आयोग उन्हें हटाने का आदेश देता है। जानकारों के मुताबिक पश्चिम बंगाल के डीजीपी को स्थानांतरित करने का निर्णय इसलिए लिया गया क्योंकि अधिकारी को पहले भी राज्य में 2016 के विधानसभा चुनाव और 2019 के लोकसभा चुनावों के दौरान सक्रिय चुनाव प्रबंधन-संबंधी ड्यूटी से हटा दिया गया था। लोकतंत्र में सभी दलों के लिए समानता की मांग की जाती है और स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव उन अवसरों को सुनिश्चित करते हैं। दरअसल मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार कई मौकों पर चुनाव के दौरान समान अवसर बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की अखंडता सुनिश्चित करने पर जोर दे चुके हैं।

आयोग की इस कार्रवाई को इन्हीं प्रयासों के रूप में देखा जा रहा है। मौजूदा चुनाव प्रणाली कई चुनौतियों का सामना कर रही है जो इसकी 'स्वतंत्र एवं निष्पक्ष' प्रकृति के बारे में संदेह उत्पन्न करती हैं। सोशल मीडिया पर चलने वाले राजनीतिक अभियान कभी-कभी देश के विभिन्न हिस्सों में धार्मिक और सामाजिक तनाव पैदा कर देते हैं जो निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया को प्रभावित करते हैं। भारत निर्वाचन आयोग को यह सुनिश्चित करने के लिए वृहद प्रयास करना चाहिए कि चुनाव में सत्तारूढ़ दल को अन्य दलों की तुलना में अनुचित लाभ प्राप्त नहीं हो रहा हो। निर्वाचन आयोग को तकनीकी नवाचार, वैधानिक सुधार, जन जागरुकता और वैश्विक सहयोग को शामिल करते हुए एक रणनीति के माध्यम से चुनौतियों का समाधान करने की आवश्यकता है। लोकतांत्रिक मूल्यों को बनाए रखने और चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए चुनावी अखंडता, समावेशिता और जवाबदेहिता को बढ़ाना महत्वपूर्ण है।

# गोवा पुर्तगाली अतीत से सनातन की ओर



विवेक शुक्ला
वरिष्ठ पत्रकार

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है।



गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं।

गोवा की इमेज इस तरह की बनाई जाती रही कि मानो ये भारत में यूरोप का कोई अंग हो। हां, गोवा पर लंबे समय तक पुर्तगाल का नियंत्रण रहा। उसका असर होना लाजिमी है। पर अब गोवा अब अपने सनातन और भारतीय मूल्यों से जुड़ने को बेकरार है। शताब्दियों लंबे विदेशी प्रभाव और हस्तक्षेप के बावजूद गोवा लगातार भारतीय परंपरा के साथ जुड़ा रहा। जिस गोवा के सांस्कृतिक आकर्षण को लेकर कभी एलेक पद्मसी जैसे दिग्गज लेखक कहते थे कि समुद्र के किनारे भारत का यह हिस्सा वेस्टर्न कल्चर का ईस्टर्न गेटवे है, वह गोवा आज सनातन और अध्यात्म के साथ अपने सांस्कृतिक डीएनए पर नाज कर रहा।

बात करें गोवा की तो वहां की मौजूदा स्थिति के बारे में बात करने के लिए जरूरी है कि हम थोड़ा तारीख के पुराने पन्नों की तरफ लौटें। इस बात में कहीं कोई दो राय नहीं कि भारतीय स्वाधीनता संघर्ष को विचार और नेतृत्व की एक सीध में देखने की चूक जाने-अनजाने खूब हुई है। पर यह चूक आज दीर्घायु नहीं बल्कि दिवंगत है। भारतबोध की समझ और रोशनी में भारतीय राष्ट्रीय आंदोलन को देखने की ललक आज हर तरफ देखी जा रही है। ललक की इस लाली में जहां स्वाधीनता को लेकर भारतीय मूल्य की गहरी जड़ों की हम शिनाख्त कर पाए हैं, वहीं गोवा मुक्ति संघर्ष जैसे सुनहरे पन्ने भारत के गौरवशाली इतिहास से प्रमुखता से जुड़ रहे हैं। गोवा को पुर्तगालियों के 450 सालों के राज से 19 दिसंबर 1961 को आजादी मिली थी जब भारतीय सेना ने कार्रवाई करते हुए सिर्फ 36 घंटे में गोवा को आजाद कराया था। तब से हर साल 19 दिसंबर को गोवा मुक्ति दिवस मनाया जाता है। समाजवादी चिंतक और राजनेता डॉ. राममनोहर लोहिया की चर्चा किए बगैर गोवा की आजादी की बात अधूरी ही रहेगी। लोहिया जी ने 18 जून, 1946 को मडगांव में पुर्तगाली औपनिवेशिक सत्ता के खिलाफ गोमंतकों में संघर्ष करने का आह्वान किया था। गोवा के लोग अपने को लोहिया जी का ऋणी मानते हैं, जबकि डॉ.लोहिया कहा करते थे-मेरा गोवा पर नहीं, गोवा का मुझ पर ऋण है। गोवा भारतीय आस्था और परंपरा का स्वर्ण कलश बनके जगमगा रहा है, वह अभूतपूर्व है। बड़ी बात यह कि गोवा की इस चमक में विरासत और विकास का वह गुणसूत्र भी हमें दिखता है, जिसकी बात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों हर मंच से कर रहे हैं।

बेशक, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत आज जब अपने प्रदेश की परंपरा और संस्कृति के बारे में बात करते हैं तो यह साफ दिखता है कि वे अपने प्रदेश के विकास और समृद्धि के बीज सनातन मूल्य में देखते हैं, भारत की अध्यात्म यात्रा में देखते हैं। राजनीतिक तौर पर देखें तो गोवा वह राज्य है, जहां जनसंघ के जमाने से भारतीय जनता पार्टी की जड़ें गहरी रही हैं। पंडित दीनदयाल उपाध्याय अक्सर कहा करते थे कि गोवा ने न सिर्फ पुर्तगालियों के खिलाफ लंबा संघर्ष किया, बल्कि गुलामी के खिलाफ भारतीय मूल्य और संस्कार का शानदार आदर्श भी दुनिया के सामने रखा। गौरतलब है कि अंग्रेजों ने भारत पर करीब दो सौ साल शासन किया, लेकिन गोवा के लोगों ने साढ़े चार सौ साल तक पुर्तगालियों को सहा।

इतिहास बताता है कि तमाम प्रतिकूलताओं के बावजूद गोवा भारत का वह हिस्सा है, जहां मंदिरों का पुनर्निर्माण हुआ। 16वीं शताब्दी में जो मंदिर पुर्तगालियों ने नष्ट किया था, उस सप्त कोटेश्वर मंदिर को छत्रपति शिवाजी ने बनवाया। आज जब सावंत सरकार ने छत्रपति शिवाजी महाराज द्वारा बनवाए गए इस मंदिर के पुनरुद्धार का बीड़ा उठाया है तो यह निस्संदेह एक बड़ी सांस्कृतिक पहल है। श्रेय देना होगा वहां के मुख्यमंत्री डॉ. सावंत को कि वे यह सब शोर-शराबे के बजाय धीर और प्रशांत चित्त के साथ कर रहे हैं। उनका संकल्प और उनकी प्रतिबद्धता गोवा के सांस्कृतिक इतिहास का ऐसा आख्यान साबित होने जा रहा है, जिसका मूल्यांकन महज राजनीतिक आधार पर नहीं किया जा सकता।

गोवा के संबंध में यह महत्वपूर्ण है कि यहां की लगभग 60 प्रतिशत जनसंख्या हिंदू है। ईसाइयों की संख्या 28 प्रतिशत है। खास बात यह है कि यहां के ईसाई समाज में भी हिंदुओं जैसी सामाजिक व्यवस्थाएं और परंपराएं हैं। यहां की निर्माण और वास्तु परंपरा में हिंदू प्रभाव साफ दिखाई देता है। मंगेशी मंदिर, शांता दुर्ग मंदिर, महादेव मंदिर, चंद्रेश्वर भूतनाथ मंदिर, ब्रह्मा मंदिर, महालसा नारायणी मंदिर, महालक्ष्मी मंदिर, सप्तकोटेश्वर मंदिर और कामाक्षी मंदिर आदि हिंदू आस्था से लंबे समय से जुड़े रहे हैं। 1000-1200 साल पहले तक तो स्थिति यह थी कि गोवा की सांस्कृतिक पहचान कोंकण काशी के रूप में थी।

पिछले एक दशक में देश में विकास और समृद्धि के जो आख्यान लिखे गए, आज गोवा उसका महत्वपूर्ण हिस्सा है। यह सौ प्रतिशत घरों में नल से जल और बिजली आपूर्ति करने वाला देश का पहला राज्य है। इतना ही नहीं, यह पहला राज्य है कि जहां प्रत्येक गांव में सड़कें हैं। केंद्र सरकार की योजनाएं लागू करने के मामले में भी गोवा बाकियों के लिए नजीर है। पूरे राज्य में उज्ज्वला योजना सौ प्रतिशत लागू की गई। गोवा आज किरोसीन फ्री स्टेट है। यह शत प्रतिशत शौचालय निर्माण वाला देश का पहला राज्य है। ऐसी योजनाओं की संख्या एक दो नहीं, बल्कि 13 हैं जिनमें गोवा बाकी प्रदेशों के मुकाबले शीर्ष पर है।

गोवा की विकास यात्रा की बात करें तो मुख्यमंत्री ने अपने पहले कार्यकाल में हाउसिंग फॉर ऑल, इलेक्ट्रीसिटी फॉर ऑल, फाइनेंशियल सिक्योरिटी फॉर ऑल, हेल्थ फॉर ऑल, इक्यूवमेंट फॉर दिव्यांग, किसान क्रेडिट कार्ड फॉर ऑल समेत कुल दस लक्ष्य निर्धारित किए थे। इन लक्ष्यों की प्राप्ति की दिशा में उठाए गए सकारात्मक कदमों के सुखद नतीजे अब आने लगे हैं। डॉ. सावंत गोवा को लेकर बातचीत में कहते हैं कि अर्थ और आराधना का नया साझा आज गोवा को लेकर एक साथ न सिर्फ कई दूषित पूर्वाग्रहों को तोड़ रहा है, बल्कि भारतीय बोध और संस्कार के साथ अपने गहरे जुड़ाव को भी रेखांकित कर रहा है।

## प्रसंगवश

# धूर्तता की व्याप्ति

धूर्तता राजनीति में ही नहीं, हर क्षेत्र में होती है। नौकरी में, व्यवसाय में, धर्म में, ज्ञान में, लेखन में, पारिवारिक, सामाजिक, व्यावसायिक संबंधों में। न कोई पेशा धूर्त होता है, न कोई क्षेत्र। धूर्त सिर्फ और सिर्फ मनुष्य का विशेषण है। आभासी दुनिया भी वस्तुगत दुनिया का ही आभास है न? हम जो महसूस न करें वह लिख दें, कि इससे ज्यादा लाइक मिलेंगे। या, बिना महसूस किए लाइक का बटन दबा दें कि वह भी दबाता है। या, अहो-अहोवादी टिप्पणी लिख दें कि वह भी लिखता है। इस चक्कर में कभी चित भी लाइक, पट भी लाइक।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

ज्यादा से ज्यादा लोगों को ख़ुश करने का यह रोग तो बढ़ते-बढ़ते धूर्तों, चोरों, डाकुओं, बलात्कारियों तक को खुश करने तक पहुंच सकता है। कहां से आता है यह रोग? अधिक से अधिक लोग हमें अच्छा समझें। क्यों भाई, लोगों के समझने से क्या होगा? देश का प्रधानमंत्री या किसी प्रदेश का मुख्यमंत्री बनना है क्या? नहीं न? तो लोगों के चक्कर में क्या पड़ना। जो समझते हैं, समझते रहें। असली सवाल है, हम अपने को क्या समझते हैं? अपने बारे में हमारी क्या राय है? अपने बारे में तो कभी सोचा ही नहीं। जो भी होंगे, ठीक ही होंगे। जो भी क्या? अपने बारे में एक स्थिर राय हो तो इतने लोगों का वोट बटोरने की क्या ज़रूरत। हमसे ज्यादा हमको दूसरा कौन समझ सकता है। दिन-रात का, भीतर-बाहर का साथ है, भाई। अपने बारे में आश्वस्ति हो तो दूसरों के कांटे पर क्या चढ़ना। उनकी राय गिनकर अपने बारे में राय क्या बनाना। विचार करें तो यह तो अव्वल दर्जे की धूर्तता होगी। पहले तो राय देने वालों के बारे में हमारी क्या राय है? धूर्तों, पाखंडियों, शेख चिल्लियों, झूठों, मक्कारों, मौकापरस्तों, कठमुल्लों की राय के चक्कर में पड़ गए तो हो गया बंटाधार। हर आदमी अपने बारे में भले कोई राय न बना पाए, अमूमन अपने जैसों को ही पसंद करता है। माने, उन्हें ही अच्छा समझता है। अकारण, अनजाने। प्रकृति का खेल कहें या कोई और व्याख्या है? मनोविज्ञान तथ्य या फ़िनॉमिनन उगल सकता है, तथ्य या फ़िनॉमिनन का कारण कहां से लाएगा? लेकिन एक विचित्र बात यह है कि अपने बारे में राय बना पाना सबके वश का रोग नहीं होता। किसी किसी के ही होता है। जिनके होता है उन्हीं में उचित मात्रा में आत्मविश्वास पाया जाता है।

# सीएए के खिलाफ असम और त्रिपुरा में जनाक्रोश क्यों



दिनकर कुमार
वरिष्ठ पत्रकार

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है।

केंद्र सरकार द्वारा नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) नियमों को अधिसूचित करने के कुछ घंटों बाद असम में विरोध प्रदर्शन हुए। सीएए के कार्यान्वयन के लिए नियमों की हालिया अधिसूचना के साथ- जिसके पारित होने से 2019 में पूर्वोत्तर में हलचल मच गई थी - इसके खिलाफ असंतोष की आवाजें तेज हो गई हैं, लेकिन इस बार केवल असम और त्रिपुरा में। ऐसा इसलिए है क्योंकि इन दोनों राज्यों के बड़े हिस्से को छोड़कर पूर्वोत्तर के लगभग सभी क्षेत्रों को सीएए के प्रावधानों से प्रभावी रूप से छूट दी गई है, जो पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से हिंदू, सिख, बौद्ध, जैन, पारसी या ईसाई प्रवासियों को नागरिकता देना आसान बनाता है, जिन्होंने 31 दिसंबर 2014 से पहले भारत में प्रवेश किया था।

अधिनियम में कहा गया है कि यह प्रावधान 'असम, मेघालय, मिजोरम या त्रिपुरा के जनजातीय क्षेत्रों पर लागू नहीं होगा, जैसा कि संविधान की छठी अनुसूची में शामिल है, और बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के तहत अधिसूचित 'द इनर लाइन' के अंतर्गत आने वाले क्षेत्र पर लागू नहीं होगा।'

चार पूर्वोत्तर राज्यों अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, मिजोरम और मणिपुर में इनर लाइन परमिट (आईएलपी) व्यवस्था लागू है। आईएलपी एक विशेष परमिट है जिसके लिए भारत के अन्य हिस्सों के निवासियों को इन राज्यों में प्रवेश करने और किसी भी अवधि के लिए समय बिताने के लिए आवेदन करने और प्राप्त करने की आवश्यकता होती है। शुरुआत में क्षेत्र के जनजातीय पहाड़ी क्षेत्रों के लिए बंगाल ईस्टर्न फ्रंटियर रेगुलेशन 1873 के माध्यम से अंग्रेजों द्वारा शुरू की गई यह प्रणाली स्वतंत्रता के बाद के घोषित उद्देश्य के साथ जारी रही, जिसका उद्देश्य था 'स्थानीय जनजातीय लोगों की रक्षा के लिए अन्य भारतीय नागरिकों को बसने से रोकना'। गौरतलब है कि यह प्रणाली केवल तीन राज्यों-अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड और मिजोरम में लागू थी- सीएए लागू होने के बाद राज्य में विरोध प्रदर्शन के बाद जनवरी 2020 में मणिपुर को इसके दायरे में लाया गया।

पूर्वोत्तर की सात बहनों में से मिजोरम पहले से ही सीएए के दायरे से बाहर है क्योंकि वहां आईएलपी लागू है। शिलांग के आसपास के एक छोटे से हिस्से को छोड़कर पूरा मेघालय तीन अलग-अलग एडीसी के अंतर्गत आता है-खासी, गारो और जैंतिया पहाड़ियों के लिए एक-एक। छठी अनुसूची के तहत असम में तीन एडीसी हैं -बोडोलैंड प्रादेशिक परिषद जो पांच जिलों को कवर करती है, उत्तरी कछार हिल्स स्वायत्त परिषद जो एक जिले को कवर करती है,और कार्बी-आंगलोंग स्वायत्त जिला परिषद जो दो जिलों को कवर करती है। इसी तरह त्रिपुरा में त्रिपुरा जनजातीय क्षेत्र स्वायत्त जिला परिषद है।

मेघालय का अधिकांश हिस्सा छठी अनुसूची के अंतर्गत आने के बावजूद विपक्षी वॉयस ऑफ पीपुल्स पार्टी जैसे समूहों के बीच अभी भी कुछ असंतोष है, जो छठी अनुसूची के तहत नहीं आने वाले क्षेत्रों में सीएए के कार्यान्वयन के खिलाफ है। मेघालय सरकार पहले से ही राज्य भर में आईएलपी व्यवस्था लागू करने पर जोर दे रही है, जो सीएए को निरर्थक बना देगा।

असम (जो बांग्लादेश के साथ 263 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करता है) और त्रिपुरा (जिसकी बांग्लादेश के साथ 856 किलोमीटर की सीमा है) का अधिकांश भाग छठी अनुसूची या आईएलपी शासन के अंतर्गत नहीं आता है। और इसीलिए इन इलाकों में सीएए के खिलाफ असंतोष है। दोनों राज्यों में अप्रवासी विरोधी भावना प्रबल है, जो बांग्लादेश के साथ लंबी सीमा साझा करते हैं और उस समय से पहले से ही पड़ोसी देश से शरणार्थियों का आना जारी है, जब इसे पूर्वी पाकिस्तान के रूप में जाना जाता था। इन प्रवासों का कोई रिकॉर्ड नहीं है। सीएए न केवल स्पष्ट रूप से मुस्लिम शरणार्थियों/प्रवासियों को अपने दायरे से बाहर करता है, बल्कि यह हिंदू शरणार्थियों/प्रवासियों को वैध बनाने का भी वादा करता है। इस प्रकार, यह असमिया जातीय-राष्ट्रवादियों और तेजी से त्रिपुरी आदिवासियों के लिए अपमानजनक है, जो बंगाली बोलने वालों की बढ़ती संख्या से खतरा महसूस करते हैं।

केंद्र अब सीएए को राष्ट्रीय नागरिक रजिस्टर (एनआरसी) से अलग करने का दावा कर रहा है- अवैध आप्रवासियों को बाहर निकालने के लिए, जिसकी मूल रूप से कल्पना की गई थी और केवल असम में लागू किया गया था, लेकिन काम रुका हुआ है।

## सोशल फोरम

# औरतें हर मामले में बेहतर

औरतें हर मामले में आदमियों से बेहतर जज होती हैं। इस बात पर मुझे कभी शक नहीं रहा। ऐसे में यदि कोई औरत वाकई में जज रही हो तो उसकी समझदारी पर उंगली उठाना तो कंटेम्प्ट ऑफ कोर्ट से भी बड़ा जुर्म होगा, यह पक्का है।

औरतें जब भी कुछ करती हैं सोच विचार कर करती हैं। एक बार ठान लें कुछ तो फिर किए बिना मानती नहीं। फायदा नुकसान नहीं देखती वो। उनसे रार मोल लेना ख़तरनाक है। वो यदि आपको निपटाने पर उतर आएं तो पहले से ही मान लें कि आपका काम लगना ही लगना है।



मुकेश नेमा
वरिष्ठ लेखक

औरतें यदि झगड़ बैठे तो फिर आपकी ज़िंदगी में सुकून कब आएगा? आएगा भी कि नहीं ये उनकी मर्ज़ी पर है। झगड़ने के मुद्दे भी वो ही तय करती है और उसूल भी। वो आपसे ऐसे मुद्दों पर भी झगड़ सकती हैं जो आपकी समझ में मुद्दे थे ही नहीं। वो रह-रह कर झगड़ सकती हैं। हो सकता है आप कभी ये गलतफहमी पाल लें कि आप जीत गएं हैं। मामला सुलझ गया है ! आप इत्मीनान से सुस्ताने के मूड में आ जाएं, पर वो अचानक पुरानी बात फिर से दोहराना, तिहराना शुरू कर सकती हैं। आपके खानदान के सारे गड़े मुर्दे उखाड़ कर रहम की अपील करने लगें । आप थक हार कर गिर पड़ें। सफ़ेद झंडा फहरा दें तो वो झंडा फाड़कर उसका डंडा लेकर आपको दौड़ा सकती हैं।

अब फ्रांस की एक समझदार मोहतरमा को ही ले लीजिए। उसने अपने उस पति से जिसने बमुश्किल इससे अपना पीछा छुड़ाया था, फिर घेर लिया। फर्जी कागज बनाए और उससे फिर शादी कर ली। वैसे ऐसा करने के पीछे उसकी जो सोच थी वो बेहद वाजिब सी थी। वो उसे तरक्की करते नहीं देख सकती थी। आदमी को आगे बढ़ने से केवल औरत ही रोक सकती है। इस औरत को अपनी क़ाबिलियत पर पूरा भरोसा था। उसे लगा कोई दूसरी औरत इस काम को उससे बेहतर तरीक़े से अंजाम दे नहीं सकेगी। उसने अपना नज़ला उतारने के लिए एक ही शख़्स को दोबारा चुना।

**-फेसबुक वॉल से**

# स्व अथवा बाहरी प्रेरणा - कौन सी प्रभावशाली



अनिरुद्ध चौहान
सीजीएसटी अधिकारी

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े।

मध्यवर्गीय परिवारों में प्राय, मां-बाप या समाज के लोग अपने बच्चों को अड़ोस-पड़ोस के, अपने आफिस के सहचर, निकटवर्ती रिश्तेदारों के बच्चों की सफलता की कहानी सुनाकर, उनके संघर्षों के किस्से (जो कुछ तो वास्तविक तो बहुत कुछ काल्पनिक भी गढ़ दिए जाते है) सुनाकर सोचते हैं कि इनसे उनका बच्चा कुछ सीखेगा और उन कामयाब किस्सों के नायक-नायिका से प्रेरणा लेकर उन जैसा बनने या उनसे कुछ सीख लेकर आगे बढ़ेगा। मध्य वर्ग तो वैसे भी अधिकतर परेशान ही रहता है। उसके कुछ सपने है, जो वह स्वयं पूरा नहीं कर पाया किंतु अपने बच्चों से कराने हैं। वह उच्च वर्ग की चमक दमक से प्रभावित है पर उन जैसा बन नहीं पा रहा। यह अभिलाषा वह अपने बच्चों से पूरा करना चाहता है। ऐसे में उसको कोई निकटवर्ती रिश्तेदार, आफिस सहचर या पड़ोसी का बच्चा कामयाब हो जाए तो उसको अच्छा जरा भी नहीं लगता किंतु उसको अपने बच्चों को सुनाने के लिए मसाला अवश्य मिल जाता है। हमारे देश में वैसे भी नायक पूजन की पंरपरा रही है। ऐसे में किसी की सफलता के किस्से बड़ी सरलता से फैल हो जाते है। और इसमें यदि कोई ऐसा जायका लगा हो कि वह कामयाब व्यक्ति पहले बहुत गरीब था। खाने के भी लाले थे और बड़े संघ्रर्षों के बाद उसको सफलता हासिल हुई है तो ऐसे किस्से मोहल्लों और रिश्तेदारों के घर पर बच्चों को अक्सर सुनाए जाने लगते हैं। बच्चों की शामत आने लगती है। उनकी सुबह शाम इन तथाकथित कामयाब नायक-नायिकाओं के संघर्ष की दास्तान सुनकर बीतती है। मां बाप को लगता है कि ऐसा करके हम बच्चों पर बहुत बड़ा उपकार कर रहे हैं। उसे उस व्यक्ति जैसा बनने की प्रेरणा दे रहे हैं।

लेकिन क्या वास्तव में ऐसा ही है। क्या किसी और की कहानी ने किसी को आज तक इस कदर प्रभावित किया है कि ऐसे किस्सों से किसी ने अपनी जीवन की दशा तय कर ली हो? किसी और के जूते में पैर रखकर क्या कोई दौड़ में जीत पाया है? क्या किसी के बने बनाए खांचे में कोई अपने आप को फिट करके कोई कामयाबी के रास्ते तय कर पाया है? क्या कोई कभी किसी के जैसा हो पाया है? क्या किसी से प्रेरणा लेकर या किसी के किस्से सुनकर आम जनमानस की सोच परिवर्तित हुई है?

सच तो ये है कि हर व्यक्ति जो कर्तव्य पथ पर संघर्षरत है, सभी की अपनी नई कहानी है। कोई किसी की कहानी से जब तक प्रभावित नहीं हो सकता जब तक उसे उसके भीतर से प्रेरणा उसको ना झिझोड़े। जिस प्रकार मोबाइल को चलाने के लिए उसकी अपनी बैटरी ही काम आती है, अलग से पावर बैंक लेकर चलने से मोबाइल फोन संचालन में असुविधा महसूस होती है, उसी प्रकार आंतरिक प्रेरणा के अभाव में बाहरी प्रेरणा बेवजह का बोझ दिखाई देती है। कभी-कभी जो व्यक्ति संघर्ष के रास्तों में बढ़ रहा है और बार-बार असफल हो रहा है, उसे औरों के किस्से प्रेरित नहीं करते बल्कि अखरते है। कोई भी व्यक्ति जब कर्तव्य पथ पर गतिमान होता है तो वह अपने हिस्से की प्रेरणा स्वयं ग्रहण कर लेता है। वह किसी भी व्यक्ति या वस्तु या घटना से ली जा सकती है। कभी-कभी व्यक्ति उन लोगों से भी प्रेरणा लेता है जो कि दूर के हों। जिनके किस्से अखबारों में आए हों। उनका संघर्ष जो किताबों में लिखा जाता है, उन्हें प्रभावित कर सकता है। पर अपने परिवार/करीबियों द्वारा समीप के किसी व्यक्ति का महिमा मंडन स्वयं के रास्ते में अपशकुन सा दिखाई देता है। मां-बाप, अभिभावक यह समझें कि किसी असफल या हीन भावना से ग्रसित बच्चों को किसी से तुलना उसका आत्मविश्वास डिगा सकता है, प्रेरित नहीं कर सकता। व्यक्ति प्रेरित होता है स्वयं के जज्बे से। कोई भी व्यक्ति जब तक सफल नहीं हो सकता जब तक उसके अंदर स्वयं की ललक जाग्रत ना हो। उसके भीतर की ललक उसको सोने नहीं देती। सफलता के लिए किसी खास परिपाटी में जड़ ना होकर खुले आकाश में उन्मुक्तता से विचरण करना पड़ता है। घिसी घिसाई सोच से ना चलकर नवीन विचारधारा से जुड़ना पड़ता है। वो जज्बा बच्चे के भीतर पैदा हो, उसके लिए अभिभावक/परिवार के लोग उपयुक्त वातावरण प्रदान करें।

# शिक्षा में कृत्रिम बुद्धिमत्ता

हाल ही में भारत को पहली एआई शिक्षिका मिली है। निश्चित रूप से तकनीकी के क्षेत्र में यह देश की अभूतपूर्व उपलब्धि है। केरल के तिरुवनंतपुरम के एक स्कूल में पेश की गई इस रोबोट शिक्षिका का नाम 'आइरिस' है। यह रोबोट शिक्षिका चैट जीपीटी जैसे एआई प्रोग्रामों से लैस है और इसके पास गणित व विज्ञान जैसे विषयों के प्रश्नों का उत्तर देने की क्षमता भी है। तीन भाषाओं में बात कर सकने वाली एआई शिक्षिका साड़ी पहनकर स्कूल पहुंची और उसने बच्चों से हाथ भी मिलाया। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता के प्रयोग का यह अपने आप में एक अनूठा उदाहरण है।



शिशिर शुक्ला
असिस्टेंट प्रोफेसर
शाहजहांपुर

यूं तो कृत्रिम बुद्धिमत्ता अथवा आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की शुरुआत 1950 में हुई थी किंतु इसका तीव्रतर विकास 1970 के बाद आरंभ हुआ। शिक्षा के क्षेत्र में कृत्रिम मेधा का समावेश आखिरकार किस सीमा तक उचित है। इस प्रश्न का उत्तर जानने हेतु हमें कहीं भटकने की कोई आवश्यकता नहीं है अपितु अपनी बुद्धिमत्ता के घोड़े दौड़ाकर एक तर्कपूर्ण मंथन करने की आवश्यकता है। जरा सोचिए कि क्या किसी विद्यालय अथवा महाविद्यालय को पूर्णतया कृत्रिम मेधा से लैस रोबोट शिक्षकों के हवाले किया जा सकता है एवं ऐसा कदम उठाकर क्या विद्यार्थियों के भविष्य को लेकर चिंतामुक्त हुआ जा सकता है। इन प्रश्नों पर अगर हम गहन वैचारिक मंथन करें तो हमें इनका उत्तर नकारात्मक ही प्राप्त होगा। कारण यह है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पर आधारित रोबोट शिक्षक महज एक उच्च कोटि की एल्गोरिथम एवं सूचनाओं की उच्च भंडारण क्षमता से युक्त मशीन है। यह प्रश्नों का उत्तर तो कदाचित दे सकती है किंतु जब बात जिज्ञासाओं एवं रचनात्मकता की होगी तब निश्चित रूप से यह औंधे मुंह गिर पड़ेगी। वजह स्पष्ट है कि स्मृति क्षमता एवं तर्कशक्ति में जमीन आसमान का अंतर है। एआई आधारित मशीनी शिक्षक वास्तविक शिक्षक का स्थान कभी नहीं ले सकता क्योंकि किसी भी विषय पर सोचने, समझने एवं तर्क प्रस्तुत करने की क्षमता फिलहाल उसके पास नहीं है एवं किसी भी विषय को बेहतर से बेहतर ढंग से समझने के लिए उस पर अपनी विचारशक्ति एवं तर्क क्षमता का प्रयोग करना नितांत आवश्यक है।

तकनीक के सदैव से ही दो पहलू रहे हैं-सकारात्मक एवं नकारात्मक अथवा वरदान एवं अभिशाप। शिक्षा के क्षेत्र में भी हमें कृत्रिम मेधा के सकारात्मक पहलू का ही इस्तेमाल करना चाहिए। शिक्षकों को मशीन से प्रतिस्थापित कर देना तो सर्वथा अनुचित है क्योंकि यह कदम बेरोजगारी जैसी गंभीर समस्या को बढ़ाने का काम करेगा और बेरोजगारी बढ़ने से देश का विकास पूर्णतया बाधित हो जाएगा। बेहतर रूप में ऐसा किया जा सकता है कि शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सहायता हेतु एआई आधारित असिस्टेंट उपलब्ध करा दिए जाएं किंतु यह भी एक चुनौतीपूर्ण कार्य है, क्योंकि विद्यार्थियों को एआई जैसी सुविधा की खुली छूट मिल जाने पर वे जरा सी समस्या के हल हेतु एआई का ही मुंह ताकेंगे। स्वयं कोशिश करके हल ढूंढने एवं रचनात्मक ढंग से कार्य को अंजाम देने की प्रतिभा धीरे-धीरे उनसे दूर जाने लगेगी और एक दिन ऐसा होगा जबकि वे किसी भी विषय पर अपनी स्वतंत्र सोच एवं तर्क प्रस्तुत कर पाने में असमर्थ हो जाएंगे।



## चुनाव कमाल का...

- चुनाव आयोग में पहले केवल मुख्य चुनाव आयुक्त ही होता था। 16 अक्टूबर 1989 से 1 जनवरी 1990 तक इसमें तीन आयुक्त नियुक्त किए गए।
- 1 अक्टूबर 1993 को पहली बार तीन आयुक्तों की नियुक्ति की व्यवस्था को नियमित कर दिया गया यह व्यवस्था आज भी जारी है। इनमें एक मुख्य चुनाव आयुक्त और दो चुनाव आयुक्त होते हैं।
- चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति राष्ट्रपति करते हैं। चुनाव आयोग राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, संसद के दोनों सदनों (राज्य सभा और लोकसभा), राज्यों की विधानसभाओं और विधान परिषदों का चुनाव कराता है।

## चुनावी तीर



रक्षा सौदों आदि में भ्रष्टाचार के बाद चर्चित गुप्त चुनावी बॉण्ड से उत्पन्न धनबल द्वारा देश की राजनीति एवं चुनाव को भी जनहित एवं जनमत से दूर करने की प्रक्रिया के विरुद्ध उच्चतम न्यायालय का ताजा फैसला महत्वपूर्ण है, किन्तु संविधान एवं लोकतंत्र की रक्षा के लिए सतत प्रयास जरूरी है। जहां सहारा, वहां इशारा, इससे बचने के लिए बसपा बड़े-बड़े पूंजीपतियों एवं धन्नासेठों के धनबल से दूर है।

**मायावती,** बसपा सुप्रीमो



विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के सहयोगियों के बीच बिहार के लिए सीटों का बंटवारा अंतिम चरण में है और अगले कुछ दिनों में इस पर मुहर लग जाएगी। क्या कारण है कि प्रदेश में भाजपा की सरकार बनते ही पर्चा लीक जैसी घटनाएं होने लगीं? इसके लिए कौन जिम्मेदार है?...क्या युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाले जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई होगी?


**-तेजस्वी यादव,** राष्ट्रीय जनता दल



मैं सोनिया गांधी से कभी नहीं मिला। यह कहना बेबुनियाद है कि मैंने सोनिया गांधी से मुलाकात की और अपनी भावनाएं व्यक्त कीं। अगर राहुल मेरे बारे में ऐसा कह रहे हैं तो यह अतार्किक और बेबुनियाद है। मैंने विधायक पद से इस्तीफा दिया और फिर पार्टी से भी इस्तीफा दे दिया।

**- अशोक चव्हाण,** राज्यसभा सदस्य, भाजपा

# अटल की राजनीतिक विरासत संजोये रखने को दमखम भरेंगे राजनाथ



● अजय दयाल, लखनऊ


**अमृत विचार।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वाराणसी तो रक्षामंत्री राजनाथ सिंह लखनऊ सीट से जीत की हैट्रिक लगाने के लिए चुनावी मैदान में अपना दमखम दिखाने को तैयार हैं। राजधानी लखनऊ को पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की न केवल कर्मभूमि कहा जाता है, बल्कि भाजपा इस संसदीय सीट पर 1991 से काबिज रही है।

अटल बिहारी वाजपेयी इस सीट से लगातार पांच बार सांसद रहे हैं। अटल की इसी राजनीतिक विरासत को संभालते हुए साल 2014 के चुनाव में राजनाथ सिंह ने इस सीट को रिकार्ड मतों से जीता था। भाजपा इस बार फिर से रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह विश्वास जताते हुए उन्हें जीत की हैट्रिक लगाने और अटल की ही तर्ज पर जीत के अंतर का रिकॉर्ड बनाने को चुनावी मैदान में उतारा है। दरअसल, अटल की तैयार जमीन से आज भी भाजपा यहां राजनीतिक फसल काट रही है। अटल यहां से पांच बार सांसद चुने गए और उनसे से पहले लखनऊ में कभी भाजपा चुनाव नहीं जीती थी। पहले इसे कांग्रेस के गढ़ के रूप में जाना जाता था। हालांकि 1989 के चुनाव में जनता दल के मान्धाता सिंह ने दाऊ जी को हराकर जीत दर्ज की थी। उससे पहले 1984 व 1980 के चुनावों में कांग्रेस की शीला कौल यहां से सांसद रही हैं। उस समय इसे कांग्रेस का गढ़ माना जाता था।

### तोड़ते रहे अपने ही बनाए रिकार्ड

सच्चाई तो यह है कि खुद अटल बिहारी बाजपेयी अपने ही बनाए रिकार्ड को तोड़ते रहे। साल 1991 में जहां उन्होंने एक लाख 17 हजार 303 वोटों से जीत दर्ज की वहीं 1996 के चुनाव में अपने इस रिकार्ड को तोड़ दिया। इस चुनाव में उन्होंने राज बब्बर को एक लाख 18 हजार 671 वोटों से पराजित किया। 1998 के चुनाव में भी उन्होंने सपा के मुजफ्फर अली को दो लाख 16 हजार से ज्यादा वोटों से हराकर सीट को और मजबूत किया। हालांकि 1999 के चुनाव में कांग्रेस के डॉ. कर्णसिंह ने उन्हें मजबूत चुनौती दी थी फिर वह जीत न सके। वह चुनाव अटल ने एक लाख 23 हजार से ज्यादा वोटों से जीता। 2004 के लोक सभा चुनाव में अटल बिहारी बाजपेयी ने फिर अपने ही पिछले रिकार्ड तोड़ दिए। इस चुनाव में उन्होंने सपा की मधु गुप्ता को दो लाख 18 हजार से ज्यादा वोटों से परास्त कर दिया।

- **राजधानी से जीत की हैट्रिक लगाने को उतरे रक्षामंत्री का इंडिया गठबंधन उम्मीदवार से मुकाबला**
- **पांच बार सांसद रहे हैं अटल ने अपनी ही जीत के तोड़े थे रिकॉर्ड, इस बार राजनाथ के पास मौका**



### राजनाथ से पहले लालजी टंडन ने संभाली अटल की राजनीतिक विरासत

अटल के बाद और राजनाथ सिंह से पहले उनकी राजनीतिक विरासत के उत्तराधिकारी लालजी टण्डन बने। बाद में लखनऊ सीट से चुनाव लड़ते हुए राजनाथ सिंह ने 2014 में मोदी लहर में 5 लाख 61 हजार से ज्यादा वोट प्राप्त किए थे। उनके खिलाफ कांग्रेस के टिकट पर लड़ी रीता बहुगुणा जोशी को सिर्फ 2 लाख 88 हजार हजात वोट ही मिले थे। यानि राजनाथ ने लखनऊ से अपने पहले चुनाव में 2 लाख 77 हजार से ज्यादा वोट के अंतर से चुनाव जीता था। ऐसे ही 2019 के लोस. चुनाव में भाजपा उम्मीदवार राजनाथ सिंह को 6 लाख 33 हजार से ज्यादा वोट मिले थे जबकि सपा उम्मीदवार पूनम सिन्हा केवल दो लाख 85 हजार से अधिक वोट मिले थे। इस चुनाव में राजनाथ सिंह 3 लाख 47 हजार से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता था। इस बार पार्टी को राजनाथ सिंह से अपना ही पिछला जीत के अंतर का रिकॉर्ड तोड़ने की उम्मीद है। राजनाथ के सामने मुख्य मुकाबले में इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार रविदास मेहरोत्रा हैं।

### पांच विधानसभाएं हैं शामिल

लखनऊ लोकसभा सीट में पांच विधानसभा सीट आती है। जिसमें जिनमें लखनऊ पश्चिम, लखनऊ उत्तरी, लखनऊ पूर्वी, लखनऊ मध्य और लखनऊ कैंट विधानसभा सीट शामिल है। इसमें से तीन सीट पर भाजपा ने 2022 चुनाव में जीत दर्ज की थी।

# नैनीताल सीट से भाजपा हैट्रिक की तैयारी में

● अरविंद मलिक, हल्द्वानी

- **कांग्रेस अभी प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई, बसपा का भी खिसक रहा जनाधार**

**अमृत विचार:** भारतीय जनता पार्टी नैनीताल सीट पर हैट्रिक लगाने को पूरी तैयारी के साथ मैदान में उतर गई है। रक्षा राज्यमंत्री अजय भट्ट दोबारा से चुनाव में ताल ठोक रहे हैं। लगातार दो बार हार का स्वाद चख रही कांग्रेस अभी तक प्रत्याशी तक तय नहीं कर पाई है। प्रत्याशी चयन में भाजपा ने कांग्रेस को पछाड़ दिया है। अब देखना है कि कांग्रेस किस प्रत्याशी के दम पर सांगठनिक रूप से सशक्त भाजपा से कैसे निपटेगी।

लोकसभा चुनाव का शंखनाद हो चुका है। भाजपा इस सीट से जीत की हैट्रिक लगाने को पूरी दमखम से जुट गई है। रक्षा राज्य मंत्री एवं वर्तमान सांसद अजय भट्ट पर भाजपा ने दोबारा दांव लगाया है। भाजपा के सभी आनुषांगिक संगठन चुनावी तैयारी में लग गए हैं। बैठकों का दौर शुरू हो गया है। नैनीताल और ऊधमसिंह नगर दोनों जिलों में चुनावी कार्यालय खुल गए हैं। लोकसभा क्षेत्र प्रभारी चुनावी तैयारियों की समीक्षा कर रहे हैं। हर वोटर के पास पहुंचने को शक्ति केंद्र स्तर पर बूथ कमेटियों की बैठकें चल रही हैं। हर उस वोटर से जो भाजपा से जुड़ा नहीं है, उससे संपर्क साधा जा रहा है। वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस सांसद उम्मीदवार के लिए चेहरा तक नहीं तलाश सकी है। लगातार विधायकों, विधानसभा चुनाव लड़ चुके उम्मीदवारों, जनप्रतिनिधियों के जाने से लग रहे झटकों से ही कांग्रेस का प्रदेश नेतृत्व नहीं उबर पा रहा है। वहीं स्थानीय नेतृत्व में भी व्यक्तिगत स्तर तक ही सिमटता दिख रहा है। भाजपा की तुलना में कांग्रेस का संगठन काफी कमजोर माना जा रहा है। यही वजह है कि कांग्रेस की सक्रियता कहीं नहीं दिखाई दे रही है।

भले ही कांग्रेस प्रत्याशी अभी घोषित नहीं हुआ हो पर यह तय है कि मुकाबला इस बार भी कांग्रेस व भाजपा के बीच ही होना है। कारण स्पष्ट है कि उत्तराखंड में कांग्रेस व भाजपा ही प्रमुख दल माने जाते हैं जबकि उक्रांद, उपपा, बसपा, सपा सिर्फ वोट कटाने तक ही सीमित रहती हैं। पिछले एक दशक में भाजपा का ग्राफ लगातार बढ़ रहा है तो कांग्रेस के सामने अपना वजूद बचाए रखने की चुनौती है। आंकड़ों पर गौर करें तो बसपा का जनाधार तो लगातार खिसक रहा है। लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत 14 विधानसभा सीटें हैं। इसमें नैनीताल जिले में कांग्रेस का एक और ऊधमसिंह नगर जिले में पांच विधायक हैं। 2004 और 2009 में कांग्रेस के केसी सिंह बाबा ने जीत हासिल की थी। लेकिन, 2014 में भाजपा के दिग्गज व पूर्व मुख्यमंत्री भगत सिंह कोश्यारी ने बाबा को हराकर जीत की हैट्रिक पर विराम लगा दिया। 2019 में भाजपा के अजय भट्ट ने कांग्रेस के दिग्गज नेता हरीश रावत को करारी शिकस्त दी।


**तीन चुनावों के आंकड़े (प्रतिशत में)**

| वर्ष | कांग्रेस | भाजपा | बसपा |
|---|---|---|---|
| 2009 | 42.63 | 30.90 | 19.03 |
| 2014 | 31.96 | 57.81 | 5.38 |
| 2019 | 34.41 | 61.35 | 2.36 |




# सियासी नारों की बिसात पर बदल गई चुनावी तस्वीर

● अरुण कुमार मिश्र, गोंडा




**अमृत विचार:** चुनावी उद्घोषणा हो गई है। सियासी हलचल भी तेज हो गई है। देवीपाटन मंडल में अभी सभी प्रत्याशियों की तश्वीर साफ नहीं हो पाई है, लेकिन जीत की दहलीज तक पहुंचने के लिए हर बार की तरह एक बार फिर नारे गढ़े जाने लगे हैं। 1951 से लेकर चुनाव की प्रक्रिया बदल गई। प्रचार प्रसार के माध्यम बदल गए। बैलेट पेपर की जगह ईवीएम लग गई। लेकिन अगर कुछ नहीं बदला है तो वह आरोप प्रत्यारोप और चुनावी नारे। राजनीतिक दलों की तरफ से गढ़े नारों का असर भी खूब होता रहा और सियासी तस्वीर भी बदलती रही। कभी-कभी इसका उलटा असर भी हुआ लेकिन चुनावी नारे लोगों के जेहन में बैठने वाले भी थे जिनसे वोटर हमेशा प्रभावित होते रहे।

चुनाव में विकसित भारत की बात हो रही है। आम लोगों को न्याय दिलाने की बात हो रही है। लोकतंत्र बचाने की बात हो रही है। तो भारत को और समृद्धशाली बनाने के नाम पर वोट मांगे जा रहे हैं। ये कितने कारगर होंगे और इसका असर चुनावों में गढ़े गए नारों से समझते हैं। 1990 से राजनीति में बड़ा बदलाव आया। राजनीति के जानकार और कई बार के प्रधान रहे जसवंत लाल मिश्र कहते हैं कि 1990 के पहले गांव, गरीब, किसान, खेती, शिक्षा, स्वास्थ्य सहित अन्य मुद्दे होते थे। लेकिन अब ये बदल गए हैं। राजनीतिक दलों के साथ आम नागरिकों की मानसिकता बदल गई है।

1991 की राजनीति में राम मंदिर आंदोलन ने तश्वीर बदल दिया। 1971 में इंदिरा गांधी ने गरीबी हटाओ का नारा दिया। उधर विपक्ष ने इंदिरा हटाओ का नारा दिया। इस चुनाव में इंदिरा गांधी सत्ता पाने में कामयाब रहीं लेकिन 1977 में वह सत्ता से बाहर हो गईं और इंदिरा हटाओ का नारा कामयाब हो गया। गोंडा से कांग्रेस के सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह चुनाव हार गए और बीएलडी से सत्यदेव सिंह चुनाव जीत गए। बलरामपुर सीट से नाना जी देशमुख ने कांग्रेस के उम्मीदवार को हराकर जनसंघ को जिता दिया था। इसी तरह बहराइच से जनता पार्टी के ओम प्रकाश त्यागी और कैसरगंज से जनता पार्टी से रुद्रसेन चौधरी जीत गए। नारे ने सियासत की पूरी तश्वीर ही बदल दी।

1989 में अलग हुई समाजवादी पार्टी भले ही क्षेत्रीय दल था लेकिन सपा ने भी रोटी कपड़ा और मकान, मांग रहा है हिंदुस्तान का नारा दिया। 1991 में भाजपा ने नारा दिया कि सौगंध राम की खाते हैं मंदिर वहीं बनाएंगे, इसका फायदा भाजपा को मिला। बसपा ने भी दलित कार्ड खेला और नारा दिया- तिलक तराजू और तलवार, इनको मारो जूते चार। ठाकुर, बाभन, बनिया चोर, बाकी सब डीएस फोर। इसका फायदा बीएसपी को मिला लेकिन ठाकुर, बनिया व ब्राह्मण के सहयोग से ही सरकार बनी। भाजपा को हराने के लिए सपा और बसपा ने गठबंधन किया तब नारा गढ़ा गया-मिले मुलायम कांशी राम, हवा हो गए जय श्रीराम। लेकिन 2024 में राम आ गए और अब राम राज्य को लाने की बात हो रही है। 2014 में मोदी के नेतृत्व में चुनाव हुआ। 2019 में सरकार अपनी सफलता पर इतरा रही थी। इसलिए एक बार फिर मोदी सरकार का नारा दिया गया। इसमें भाजपा कामयाब रही। 2024 में भाजपा ने एक बार फिर मोदी सरकार, विकसित भारत का नारा दिया है। वहीं कांग्रेस ने मोदी को हटाएंगे सबको न्याय दिलाएंगे का नारा गढ़ा है।


### स्थानीय नारे भी सियासत की बदलते हैं करवट

वर्ष 1998 की बात है। बृजभूषण शरण सिंह भाजपा से तो सपा से कीर्तिर्धन सिंह आमने सामने चुनाव मैदान में थे। गांधी पार्क में चुनावी रैली में अपनी जीत के प्रति बृजभूषण सिंह इतने उत्साहित थे कि उन्होंने नारा दिया कि तुही जितैहिऔ और हमही जीतब, हमही जीतब। उनका उद्देश्य दूसरा था लेकिन मतदाताओं पर इसका असर उलटा हुआ और इसमें बृजभूषण सिंह को जीत से दूर कर दिया। 2009 में कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव में खड़े थे। दूसरी तरफ भाजपा से राम प्रताप सिंह, सपा से विनोद कुमार उर्फ पंडित सिंह तथा बसपा से कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव लड़ रहे थे। स्थानीय स्तर पर नारा उछला एक दबाओ तीन गिराओ। इसका असर यह हुआ कि गोंडा के तीनों क्षत्रप चुनाव हार गए और बेनी बाबू चुनाव जीत गए।



# दक्षिण के भरोसे भाजपा देख रही 400 पार का सपना

● ज्ञानेंद्र सिंह, नई दिल्ली



- **2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में खाता तक नहीं खुल पाई थी भाजपा**

भारतीय जनता पार्टी ने 400 पार का लक्ष्य पूरा करने के लिए दक्षिण भारत के पांच राज्यों (कर्नाटक, तेलंगाना, तमिलनाडु, केरल व आंध्र प्रदेश) में विशेष प्रचार अभियान का कार्यक्रम तैयार किया है। जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री ने कर भी दी है। पिछले 77 दिनों में उन्होंने 23 दिन सिर्फ दक्षिण के राज्यों में व्यतीत किए हैं।

2019 के चुनाव में दक्षिण के तीन राज्यों तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश व केरल में बीजेपी का खाता तक नहीं खुला था जबकि कर्नाटक में 25 और तेलंगाना में चार सीटें ही मिली थीं। विपक्षी दलों को 100 सीटें मिली थीं। प्रमुख विपक्षी दल कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी इस बार पुनः केरल की वायनाड सीट से उम्मीदवार है। इसकी वजह से पांचो राज्यों में कांग्रेस व उसके सहयोगी दलों को फायदा होने का अनुमान है। कांग्रेस का मानना है कि उसे 2019 के मुकाबले 2024 में कर्नाटक में ज्यादा सीटें मिलेंगी और बीजेपी को नुकसान होगा। इस बार कर्नाटक में कांग्रेस की सरकार है। दक्षिण भारत के राज्यों में सर्वाधिक 29 सीटें तमिलनाडु, 28 सीटें कर्नाटक, 25 सीटें आंध्र प्रदेश, 20 सीटें केरल एवं 17 सीटें तेलंगाना में है। प्रथम चरण के चुनाव अभियान के पहले चरण में प्रधानमंत्री 5 दिन में सभी 129 सीटों में चुनावी जनसभाओं को संबोधित कर इतिहास रचने जा रहे हैं। दूसरे चरण में उनकी कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों ने इन सभी 129 सीटों में रोड शो, कार्यकर्ताओं से सीधा संपर्क व चुनावी रैलियां आदि कार्यक्रम तय हैं।



**भाजपा का रिपोर्ट कार्ड**

| 129 कुल सीटें दक्षिण के राज्यों में | 0 केरल |
|---|---|

| कर्नाटक | तेलंगाना | तमिलनाडु | आंध्र प्रदेश |
|---|---|---|---|
| 25 | 4 | 0 | 0 |


# बिहार में भाजपा 17 जदयू 16, लोजपा 5 सीटों पर लड़ेगी चुनाव

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनावों के लिए बिहार में 40 सीटों के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के सदस्य दलों में सीटों का बंटवारा हो गया है जिसके अनुसार भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) 17, जनता दल यूनाइटेड (जदयू) 16, लोक जनशक्ति पार्टी -रामविलास (लोजपा) 05, हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक मोर्चा (रालोमो) एक -एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

भाजपा के केन्द्रीय कार्यालय में पार्टी में बिहार के प्रभारी विनोद तावड़े, जदयू के राष्ट्रीय महामंत्री संजय कुमार झा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी, लोजपा के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी और हम के प्रदेश अध्यक्ष रजनीश कुमार ने एक साथ ऐलान किया और प्रधानमंत्री के राजग को 400 पार पहुंचाने के संकल्प को पूरा करने के लिए बिहार की सभी 40 सीटें जीत कर देने का इरादा व्यक्त किया। तावड़े ने कहा कि बिहार में राजग के पांच सदस्य दल- भाजपा, जदयू, लोजपा, हम एवं रालोमो के चुनाव चिह्नों पर राजग के रूप में एक साथ चुनाव लड़ेंगे। भाजपा 17 सीटों पर, जदयू 16 सीटों पर, लोजपा पांच सीटों पर तथा हम एवं रालोमो एक एक सीटों पर चुनाव लड़ेंगे।

# चुनाव परिणामों से चौंकाती भी रहती है अयोध्या

● इंदुभूषण पांडेय, अयोध्या



**40** से उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति भी अयोध्या में लेती आई है सियासी अंगड़ाई

**1957** से 1984 तक फैजाबाद में जीतते चले आए कांग्रेस के प्रत्याशी, 1977 का चुनाव रहा अपवाद

**अमृत विचार :** वर्ष 1986 में राम जन्मभूमि का ताला खुलने से लेकर अभी कुछ दिन पूर्व हुई रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा के बीच चार दशक की अवधि में अयोध्या व उत्तर प्रदेश ही नहीं देश की राजनीति ने यहीं से सियासी करवटें व अंगड़ाइयां ली हैं। एक तरह से राम मंदिर आंदोलन की ही पृष्ठभूमि में विश्व हिंदू परिषद, भाजपा व आरएसएस ने इसे अपना गढ़ बना लिया, लेकिन इसे अयोध्या की खूबी कहें या कुछ और। इस अवधि में चुनाव चाहे लोकसभा के हुए हो, विधानसभा या निकायों के। अयोध्या ने बीच-बीच में चौंकाने वाले भी परिणाम दिए हैं।

अयोध्या (फैजाबाद) लोकसभा सीट पर इसी अवधि में सर्वाधिक बार भाजपा भले ही जीती है लेकिन 1989 से लेकर अब तक क्रमशः तीन बार इस लोकसभा सीट से 1989 में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी, 1998 में समाजवादी पार्टी और 2004 में बसपा ने भी अपना परचम लहराया है। बीते विधानसभा के चुनाव और अयोध्या नगर निगम के चुनाव में भी चुनाव परिणामों से भाजपा भौचक रह गई थी।

फैजाबाद जिला व फैजाबाद लोकसभा सीट आजादी के बाद से मूलतः कांग्रेस का गढ़ रही। सन् 1957 से लेकर 1984 तक यहां से कांग्रेस सांसद ही जीतते रहे। बीच में केवल 1977 का चुनाव अपवाद रहा जब यहां जनता पार्टी से अनंतराम जायसवाल ने कांग्रेस का तिलिस्म तोड़ा। अयोध्या का राम मंदिर आंदोलन एक तरह से वर्ष 1985 में परवान चढ़ना शुरू हुआ, जब जेल जैसे लोहे के सींकचों में ताले में कैद रामलला की मुक्ति का विश्व हिंदू परिषद ने आंदोलन शुरू किया। एक फरवरी 1986 को अदालत के आदेश से रामजन्मभूमि का ताला खुला तो पूरे जिले में दिवाली मनाई गई। यहीं से भाजपा ने इसे अपनी सियासत का ऊर्जा केंद्र एक तरह से अयोध्या को बना लिया। राम मंदिर आंदोलन शुरू होने से कांग्रेस की जड़ एक तरह से उखड़ गई।

वर्ष 1989 के चुनाव में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के मित्रसेन यादव ने कांग्रेस के निर्मल खत्री को पराजित कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। अगले ही चुनाव 1991 में भाजपा के विनय कटियार जीते और लगातार दो बार यहां से सांसद रहे।

चौंकाने वाला परिणाम फिर 1998 के लोकसभा चुनाव में आया। जब सपा के टिकट से मित्रसेन यादव ने भाजपा को मात दे दी। 1999 में विनय कटियार फिर सांसद चुन लिए गए, लेकिन मित्रसेन यादव ने 2004 के लोकसभा चुनाव में बहुजन समाज पार्टी के टिकट से लड़कर इस सीट पर कब्जा कर लिया। योगी आदित्यनाथ की पहली सरकार में फैजाबाद का नाम बदलकर अयोध्या कर दिया गया। वहीं फैजाबाद व अयोध्या नगर पालिका को मिलाकर अयोध्या नगर निगम बना दिया गया। उस समय अयोध्या जिले की सभी पांच विधानसभा सीटों पर भाजपा का कब्जा था।

चौंकाने वाले परिणामों की दृष्टि से देखें तो इतना सबकुछ करने के बाद 2022 में विधानसभा के चुनाव हुए तो अयोध्या जिले की पांच में से दो विधानसभा सीटें क्रमशः गोसाईगंज और मिल्कीपुर समाजवादी पार्टी ने भाजपा से छीन ली। यह तब हुआ जबकि अगस्त 2020 में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राम मंदिर की आधार शिला रखी थी। उम्मीद थी कि इसका असर विधानसभा चुनाव में दिखेगा और भाजपा को लाभ होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। इसके बाद मई 2023 में हुए नगर निकाय के चुनाव में भाजपा अपने इतने पार्षद भी नहीं जिता पाई कि बोर्ड में उसका बहुमत हो पाए।

नगर निगम के चुने गए नए मेयर के वार्ड में भी भाजपा को हराकर निर्दल पार्षद जीत गया। वहीं राम मंदिर जिस वार्ड में है, उस वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और वहां से जमीन कारोबारी एक मुसलमान निर्दल पार्षद बन गया। इसी तरह अयोध्या में आरएसएस के बने नए मुख्यालय साकेतपुरी वार्ड में भी भाजपा को मुंह की खानी पड़ी और यहां भी एक मुस्लिम महिला निर्दल पार्षद चुन ली गई। यह अलग बात है कि अब कई निर्दल पार्षदों को दल में शामिल कराकर भाजपा का नगर निगम बोर्ड में बहुमत हो गया।

# धर्म दर्शन



## अंतर्जगत को रंगों से रंगने का पर्व है रंगभरी एकादशी

**रंगों का क्या पूछना? तरह-तरह के रंगों की अलग-अलग ही नवाबियत और ख़ासियत है। सादे या ब्लैक एंड व्हाइट चित्र हों या चलचित्र, इनमें रंग भर क्या दिया कि ये आंखों को ही नहीं दिल तक को छूने लगते हैं। रंगों का यह दमखम हरेक को लुभाता है। रंगों से रिश्ता सिर्फ इंसानों का ही नहीं प्रकृति का भी गहरा नाता है।**

प्रकृति के सर्वाधिक प्रतापी अतिथि सूर्य को देखा जाए तो सूर्य के उदित होते आकाश चित्रकारी से भर जाता है। इतना ही नहीं जाते-जाते सूर्यास्त के समय भी आकाश का रंग-ढंग लुभाता ही नहीं बल्कि कला-प्रेमियों को लूट लेता है। प्रथम दृष्टया तो सूर्य में सात रंग होते हैं जिसमें लाल, नारंगी, पीला, हरा, बैंगनी, नीला और आसमानी रंग शामिल है लेकिन इन्हीं सप्तरंगों से अनगिनत रंग बनते हैं। आसमान से नीचे उतर कर किसी वन-उपवन को निहारा जाए तो पेड़ों से लेकर फूलों के रंग बिन बोल खींच लेते हैं संवेदनशील लोगों को। पूरी प्रकृति रंग-विरंग का महाग्रंथ सा है। हर अध्याय और हर पृष्ठ में ये रंग, रंग जमाते दिखाई पड़ते हैं।



सलिल पांडेय
मिर्जापुर

प्रकृति के साथ रंगों का ताल्लुक़ात देखने पर वसंत का महीना तो चार चांद लगाता है। इसी वसंत ऋतु को आगाज देने आता है होली का त्योहार। चैत्र-वैशाख का महीना वसंत का होता है। होली के पांच दिन पहले रंगभरी एकादशी स्कूल के घण्टे से कम कहां है? घण्टा बजते बच्चे प्रार्थना के लिए मैदान में आ जाते हैं। ऐसा ही कुछ रंगभरी एकादशी के दिन से होली के उल्लास का होता है। इस दिन से 'बुरा न मानो होली है' की गूंज शुरू हो जाती है।

रंगभरी एकादशी सिर्फ वाह्य जगत के लिए ही नहीं बल्कि अंतर्जगत में विराजते मन के उल्लास लिए भी संदेश लेकर आती है। दस इंद्रियों से संचालित जीवन में जब सिर्फ वाह्य जगत पर ही दृष्टि है तो यह दसों दिशाओं की यात्रा है और जब वाह्य से अंतर्जगत की ओर यात्रा करनी होती है तो वह अंतर्जगत में स्थित एकादश शक्ति की ओर उन्मुख होने की यात्रा है। मन का रंग, वाह्य रंगों से जरा हट कर होता है। मन जब लाल रंग से अठखेलियां करता है तब उसमें स्नेह, प्रेम, शौर्य का भाव भर जाता है। इसी तरह हरा रंग खुशहाली और समृद्धि एवं नीला रंग निश्चिन्तता तथा सकारात्मकता का रंग भरता है। नारंगी ऊर्जा और उत्साह, पीला बौद्धिक ज्ञान की वृद्धि का रंग प्रदान करता है और बैंगनी राजसी भाव का प्रतिनिधि रंग है।

मन जब इन विविध रंगों के प्रभाव में डूबता है तब व्यक्तित्व में पूर्णता आती है। रंगभरी एकादशी को कैलाश पर्वत पर समाधि के देवता महादेव भी पार्वती के संग रंग खेलते है। महादेव के रंग खेलने के प्रतीकों पर गहराई से चिंतन मनन किया जाए तो कुंडलिनी शक्ति जागरण के लिए वे सप्तचक्रों में रंग भरते हैं। योग-विज्ञान में मूलाधार चक्र से सहस्रार चक्र के अलग अलग रंग निर्धारित हैं। अलग-अलग चक्र के जागृत होते अलग-अलग तरह के रंगों का प्रभाव पड़ता है।

इस दृष्टि से होलिका दहन के पांच दिन पहले आने वाली रंगभरी एकादशी पांच ज्ञानेन्द्रियों, पांच कर्मेन्द्रियों एवं एकादश अतीन्द्रिय चेतना को ऊर्जान्वित करने की तिथि है। इसके बाद तो वाह्य जगत से पड़ने वाले कुप्रभावों को दहन करने की शक्ति खुद ही मिल जाती है। रंगभरी एकादशी का दूसरा नाम आमलकी एकादशी है। आमलकी धात्री-फल को कहते है। धात्री का अर्थ 'मां' कहा गया है। सनातन संस्कृति में तो मां का दर्जा भगवान से भी ऊपर रखा गया है। 'जननी जन्मभूमिश्च स्वर्गादपि गरीयसी' श्लोक में जन्म देने वाली मां तथा जन्मभूमि को स्वर्ग से भी श्रेष्ठ कहा गया है। जन्मभूमि को अन्तः करण भी मानना चाहिए क्योंकि जीवन में जो भी मनुष्य कार्य करता है, उसका प्रथम भाव मन में ही जन्म लेता है। आमलकी फल में आंवला, श्रीफल तथा अन्य लाभप्रद फलों को शामिल किया गया है। फल प्राप्ति के पहले वृक्ष का रोपण और सिंचन किया जाता है। इसलिए आमलकी एकादशी का आशय यह भी है कि यदि जीवन को स्नेह-प्रेम आदि के अनुकूल रंगों से भरना है तो उसके लिए सदाचार तथा सत्कार्यों का अनुकूल रंग-गुलाल, अबीर का प्रयोग करना चाहिए। साथ ही सत्कर्म को जीवन पिचकारी बनाना चाहिए। फिर तो नकारात्मकता की होलिका जल जाएगी तथा खुशियों का प्रह्लाद जीवन भर ही नहीं पीढ़ी-दर-पीढ़ी आह्लाद प्रदान करता रहेगा।

## सत्य के प्रेरक सवितादेव



हे तेजस्वी सवितादेव! इस यज्ञ को उत्तम विधि से पूर्ण करें। यजमान को धन-धान्य के लाभ के लिए प्रेरित करें। वाचस्पति देव हमारी अन्नरूप आहुति को ग्रहण करें। जल के अंतः स्थल में अमृत तथा पुष्टिकारक औषधियां हैं। हे जलसमूह! आपकी ऊंची तथा वेगवान् तरंगे हमारे लिए अन्न प्रदायक बनें। वायु, मन, गंधर्व, पृथ्वी को धारण करने वाले सत्ताइस नक्षत्र आदि पहले से ही अपने साथ अश्व अर्थात् तीव्र गति को जोड़े हुए हैं। वे इस यज्ञ को गतिशील बनाएं। सत्य मार्ग पर चलने की प्रेरणा देने वाले सविता देव के अनुशासन में रहकर हम याजकगण बृहस्पति देव के श्रेष्ठ तथा इंद्रदेव के उत्कृष्ट स्वर्ग में आरोहण करें। सबको प्रेरणा देने वाले, सबको प्रकाशित करने वाले, सत्य के प्रेरक सवितादेव तथा बृहस्पति देव के अनुशासन में रहकर हम युद्ध मे विजयी हों।



ओमप्रकाश त्रिपाठी
सेवानिवृत्त पुलिस महानिरीक्षक

माता-पिता के रूप में विश्वरूप द्यावापृथिवी हमारी रक्षा के लिए आएं। हमें अन्न उत्पादन का ज्ञान मिले, अमृतभाव के साथ सोम की प्राप्ति हो। देवत्व की प्राप्ति के लिए, सुखों की उत्तम प्राप्ति के लिए, यज्ञ रूप परमात्मा के लिए, प्रजापति के लिए, अविनाशी सुंदर दिन के लिए, भुवन की सीमा व भुवनपति के लिए ये आहुतियां समर्पित की जा रही हैं। सभी देवशक्तियां उन्हें स्वीकारें। यज्ञ से हम दीर्घायु हों, हमारे प्राण की वृद्धि हो, नेत्रों की ज्योति बढ़े, श्रवण इंद्रियां समर्थ हों, हमारी पीठ का बल बढ़े, हमारे यज्ञ का विस्तार हो। हम सभी ईश्वर की संतान बन कर रहें। हम सभी मेधावी बनकर दिव्य सुख को प्राप्त करें और अमृतत्व को प्राप्त करने में समर्थ हों। हे दिशाओं! तुम्हारा संपूर्ण ऐश्वर्य, धन, कार्य करने की सामर्थ्य तथा तेज हमें प्राप्त हो। माता पृथ्वी के लिए आदर सहित हमारा नमस्कार है। हे मातृभूमे! आप संचालन करने वाली हैं तथा आपकी ही शासन शक्ति है। आपको कृषि कार्य के लिए, जगत के कल्याण के लिए, देश में ऐश्वर्य वृद्धि के लिए, प्रजापालन तथा अपने योगक्षेम के लिए हम स्वीकारते हैं। सोम नामक दीप्तिमान पदार्थ को अन्न उत्पादनकर्ता प्रजापति ने सबसे पहले औषधि और जल के मध्य उत्पन्न किया। हमारे लिए यह सोम मधुर रस से युक्त हो। हम पुरोहितगण अपने राष्ट्र में जाग्रत एवं जीवन्त रहें, ताकि हम अपने राष्ट्र को भी प्रगतिशील और जीवन्त रख सकें। इसके लिए यह आहुति समर्पित है।।

वयं राष्ट्रे जागृयाम पुरोहिताः स्वाहा।। 9/23 अन्न के उत्पादक प्रजापति ने सब ओर से संपूर्ण भुवनों को उत्पन्न किया और वे सनातन, सर्वज्ञाता प्रजापति हमारे लिए प्रजा, पशुधन तथा समस्त ऐश्वर्य की वृद्धि करते हुए, सबसे ऊपर के स्थान में निवास करते हैं- यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है। हमारे पालन के लिए जिस प्रजापति ने राजा, सोम, अग्नि, बारह आदित्य, विष्णु, सूर्य, ब्रह्मा और बृहस्पति देव को उत्पन्न किया है, उस प्रजापति का हम स्तवन करते हैं। यह आहुति उन प्रजापति के लिए समर्पित है।

अर्यमा, पूषादेवता तथा वाणी की अधिष्ठात्री देवी सरस्वती हमारे लिए अभीष्ट दान प्रदान करें। हमारी यह आहुति आपके लिए समर्पित है। हे पृथिवि! यह भाग आपका है, इसे स्नेहपूर्वक स्वीकार करें। पूर्व दिशा में विराजमान अग्निदेवता के निमित्त, दक्षिण दिशा में विराजमान यम देवता के निमित्त, पश्चिम दिशा में विराजमान विश्वेदेव के निमित्त, उत्तर दिशा में विराजमान मित्रावरुण व मरुत् देवता के निमित्त तथा ऊपरी भाग अंतरिक्ष और द्युलोक मे विराजमान हवि भोजी सोम के निमित्त सभी देवताओं की प्रसन्नता के लिए, ये आहुतियां समर्पित हैं। सभी देव शक्तियां स्नेहपूर्वक इन आहुतियों को स्वीकारें। हे याजक! सवितादेव यज्ञकार्य के लिए तुम्हें प्रेरित करें। अग्निदेव गृहपतियों को प्रेरित करें। सोमदेव तुम्हारे लिए वनस्पति रूपी औषधियां प्रदान करें। मेधा प्राप्ति के लिए बृहस्पतिदेव, बड़प्पन के लिए इंद्रदेव, पशुधन के लिए रुद्रदेव, सत्य व्यवहार के लिए मित्रदेव तथा धर्म मार्ग में चलने के लिए वरुणदेव प्रेरित करें।

## दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान असुर

त्रेता युग में एक से बढ़कर एक असुर हुए। वाल्मीकि रामायण में असुर के लिए सर्वाधिक प्रयुक्त संबोधन "राक्षस" था। इनमें भी सर्वाधिक सशक्त लंकापति रावण और उसके पूर्वज एवं वंशज थे। इनमें रावणानुज विभीषण को छोड़कर अधिकांश भगवान शिव के भक्त थे। जैसा कि स्पष्ट किया जा चुका हैं कि प्रारंभ में देव, दानव, दैत्य, नाग, गंधर्व, यातुधान आदि एक ही पिता कश्यप प्रजापति की दक्ष प्रजापति की की तेरह पुत्रियों से उत्पन्न संतानें थीं। अर्थात सभी संतानें परस्पर "मां सी" (मां के समान "मौसी") सौतेले भाई थीं।



डॉ. अजित कुमार सिंह
सेवानिवृत, पुलिस महानिरीक्षक

जब तक उनमें परस्पर स्नेह और सौहार्द रहा, सभी दिव्यशक्ति संपन्न और ऊर्जावान "असुर" विशेषण धारी बनी रहीं। बाद में जब माताओं में सौतियाडाह और सौतेले भाईयों में प्रभुत्त्व जनित स्वार्थ, ईर्ष्या, द्वेष एवं जीवन शैली को लेकर उत्पन्नद्वन्द्व भयंकर दीर्घकालिक सशस्त्र संघर्ष में बदल गया। सुरा (वारूणी, सोमरस) और सुन्दरी के प्रति मोह ने देवों को आरामतलब और सुविधा भोगी बना दिया। अप्रसन्न दितिपुत्र दैत्य, दनुपुत्रदानव एवं देवविरोधी तत्व परस्पर एक हो गए। महर्षि भृगु के नीति निपुण, महान शिवभक्त आचार्य शुक्र उशनस या शुक्राचार्य का मार्ग दर्शन पाते हो मानो देवों से अलग हुए समूह के भाग्य में मानो चार चांद लगा दिया। भगवान भोलेनाथ शिव और माता पार्वती के संरक्षण इन तथाकथित नव असुरों को अजेय बना दिया। सुविधा भोगी, सुरा सुन्दरी प्रेमी देवेन्द्र मानो असहाय सा हो गए। इसस्थिति ने लंकापति रावण को त्रैलोक्य विजय को प्रेरित किया। दीन, दलित, निराश्रित के रक्षक के रूप में सुख्यात् रावण आत्मनियंत्रण नहीं रखपाया और शीघ्र ही उसकी कुख्याति तीनो लोकों को रूलाने वाले के रूप में विश्व में हो गई। देवशिल्पी विश्वकर्मा के समान ही श्रेष्ठ वास्तुकार, दानवराज 'मय' की परम सुंदरी पुत्री पतिव्रता मंदोदरी के होते हुए भी ऋषि पुलस्त्य जैसे श्रेष्ठ ब्राह्मण कुलोत्पन्न महापण्डित, महातप स्वी, सुन्दर और सुपुष्ट शरीर धारी, रावण की छवि अंततः एक विकृत, विकराल, दस शिरोंवाले विकराल आकृति आततायी, अपहर्ता, लोकउत्पी डक, कामुक साम्राज्यवादी के रूप में स्थापित हो गई।

## जरासंध का आक्रमण और रणछोड़

कंस की मृत्यु के बाद उसकी दोनों रानियां अस्ति और प्राप्ति अपने पिता मगधराज जरासंध के पास पहुंच कर रोने लगीं। जरासंध श्रीकृष्ण की बढ़ती हुई शक्ति से पहले से ही चिन्तित था। उसने मथुरा की ओर कूच कर दिया। वह स्वयं को परम शक्तिशाली समझता था, साम्राज्यलिप्सा थी। इसलिए मार्ग में जो भी राज्य आए (दक्षिणकाशी, दक्षिणकौशल, दक्षिणपंचाल, दशार्ण, वत्स, मत्स्य-राज्य) सभी को जरासंध ने चुनौती दी, परास्त किया और उनकी सेनाओं को अपने साथ मिला कर मथुरा जा पहुंचा।



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

चेदिराज शिशुपाल, बंगराज चित्रसेन तो पहले से ही उसके साथ थे। कुरुराज्य के वृद्धपितामह भीष्म इस समय सजग थे लेकिन कुणिक और शकुनि की वजह से हस्तिनापुर (धृतराष्ट्र) ने यादव गणराज्य की कोई सहायता नहीं की। सुधर्मा सभा में उद्धव ने श्रीकृष्ण बलराम को अतिरथी घोषित करने और निरंकुश राज्यों को समाप्त करने का सुझाव दिया। तदनुसार श्रीकृष्ण बलराम के नेतृत्व में यादव-सेना उस विशाल सेना पर झपट पड़ी, जिसके सैनिक या तो भाड़े के थे या अनमने थे। शाम होते होते जरासंध बंदी बना लिया गया था किन्तु कृष्ण की दूरदर्शी नीति के कारण उसे अपमानित करके छोड़ दिया। वह सत्रह बार आया और हर बार हारा। कुरु और पांचाल में भी एकतंत्र शासन था, किन्तु उन्होंने यादव गणराज्य और जरासंध के युद्धों को दूर से ही देखा। यादव गणराज्य का प्रभाव शूरसेन जनपद से शूर्पारक (समुद्र) पर्यन्त फैल चुका था। जब कृष्ण को गुप्तचर से संदेश मिला कि काल यवन उत्तर-पश्चिम से मथुरा पर आक्रमण करने चल दिया है। तब उन्होंने बलराम से मंत्रणा की कि इस समय यादवप्रजा को कटवाना वीरता नहीं होगी। यादवप्रजा की रक्षा के लिए हमें मथुरा छोड़ देनी चाहिए। वे रणछोड़ कहलाए।

# प्रदेश

## हाई कोर्ट ने खारिज की जौहर विश्वविद्यालय की याचिका

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाई कोर्ट ने रामपुर जिले में मौलाना मोहम्मद अली जौहर विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के उत्तर प्रदेश सरकार के फैसले को चुनौती देने वाली याचिका खारिज कर दी है। उक्त आदेश न्यायमूर्ति मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति क्षितिज शैलेंद्र की खंडपीठ ने 18 दिसंबर 2023 को जौहर विश्वविद्यालय ट्रस्ट की याचिका सूचीबद्ध करने के कुछ दिनों बाद दोनों पक्षों को सुनने के बाद मामले को सुरक्षित कर लिया था।

फैसले को सुरक्षित रखते हुए पीठ ने राज्य सरकार को शैक्षणिक सत्र 2023-24 के अंत तक रामपुर पब्लिक स्कूल के बच्चों के लिए हेल्पलाइन खुला रखने का निर्देश दिया था। राज्य सरकार ने उत्तर प्रदेश के पूर्व मंत्री आजम खान के नेतृत्व वाले मौलाना मोहम्मद अली जौहर ट्रस्ट को पट्टे की शर्तों के उल्लंघन का हवाला देते हुए 3.24 एकड़ भूमि का पत्ता रद कर दिया। सरकार की ओर से आरोप लगाया गया था कि मूल रूप से एक शोध संस्थान के लिए आवंटित भूमि पर एक स्कूल चलाया जा रहा है।



**सुनवाई**

**▸▸ विश्वविद्यालय की भूमि के पट्टे को रद करने के सरकार के फैसले को दी थी चुनौती**

सुनवाई के दौरान बिना कारण बताओं नोटिस के पट्टा रद करने के फैसले का बचाव करते हुए महाधिवक्ता ने विशेष जांच दल (एसआईटी) की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें कहा गया कि लीज रद करने से पूर्व याची ट्रस्ट को अपना पक्ष रखने के लिए पर्याप्त अवसर दिया गया। इसके अलावा उच्च शिक्षा के उद्देश्य से अधिग्रहित की गई भूमि का उपयोग रामपुर पब्लिक स्कूल चलाने के लिए किया जा रहा था। तत्कालीन कैबिनेट मंत्री मोहम्मद आजम खान द्वारा सरकारी जमीन के खुले आम दुरुपयोग के आधार पर पट्टा रद करने का फैसला लिया गया।

हालांकि ट्रस्ट की ओर से अधिवक्ता ने तर्क दिया कि यूपी सरकार द्वारा लीज डीड को रद्द करने और संपत्ति को सील करने में प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का उल्लंघन किया गया है। अनुसंधान संस्थान के खिलाफ कार्यवाही करने से पहले समिति के किसी भी सदस्य ट्रस्ट को कोई भी नोटिस नहीं दिया गया। इसके साथ ही पट्टा रद करने और परिसर को सील करने का कारण स्पष्ट नहीं किया गया, जिसकी वजह से याची राज्य को जवाब दाखिल नहीं कर सका।

## मस्जिद में संदिग्ध युवक के पास मिले 12 सिम कार्ड

सहारनपुर, एजेंसी

**▸▸ युवक को हिरासत में लेकर छानबीन में जुटी पुलिस**

जिले के सरसावा में एक मस्जिद में लोगों ने एक संदिग्ध युवक को पकड़ा, जिसके पास से 12 सिम कार्ड बरामद हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर जांच की। जांच में सामने आया कि वह बोल नहीं पता है। उसने सिर्फ कागज पर लिखकर बताया कि वह हरियाणा के जनपद अंबाला का रहने वाला है।

सोमवार दोपहर मोहल्ला मिर्धान स्थित मरकज वाली मस्जिद में इबादत कर रहे कारी नईम, अब्दुल अहाद, शमशेर को मस्जिद में एक संदिग्ध युवक को दिखाई दिया। उसकी हरकत देखकर इन लोगों को शक हुआ और युवक को पकड़ लिया। इसके बाद मौके पर सभासद अय्यूब अंसारी भी पहुंच गए। कारी नईम और अब्दुल अहाद ने बताया कि युवक देखने में मुस्लिम समाज से लग रहा है, लेकिन उसकी हरकतें संदिग्ध थीं। युवक ने मस्जिद में चंदा भी मांगा। उन्होंने पहचान के लिए युवक से आधार कार्ड मांगा तो वो कुछ नहीं दिखा पाया। शक होने पर उसके बैग की तलाशी ली, जिसमें से 12 सिम और एक कॉपी के पन्ने पर कुछ शहरों के नाम लिखे हुए मिले। इसके अलावा सब्जी काटने के दो चाकू, टॉर्च, कुछ रुपये और कपड़े भी मिले। आरोपी के पास से बरेली निवासी एक बच्चे का आधार कार्ड भी मिला। वहीं, कुछ लोगों का कहना है कि आरोपी शुरुआत में बोल रहा था, लेकिन भीड़ एकत्र होने पर गूंगा होने का नाटक करने लगा। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंच गई। आरोपी को हिरासत में लेकर पुलिस थाने ले आई, जिससे पुलिस ने पूछताछ की तो उसने एक कागज लिखकर सिर्फ इतना बताया कि वह अंबाला का रहने वाला है, लेकिन अपना नाम और पता नहीं बताया।एसपी देहात सागर जैन ने बताया कि जांच में सामने आया है कि युवक बोल नहीं पाता है। उसकी दिमागी हालत भी ठीक नहीं लग रही है। मामले की गहनता से जांच की जा रही है।

## वर्ग पहेली-14

**बाएं से दाएं**

1. रोएंदार, त्वचा पर बालोंवाला।
6. धीरे से खिसक जाना, रफूचक्कर होना, चल देना, चंपत होना।
7. लायक, पात्र, योग्य।
10. नरम होने की अवस्था या भाव, नरमी।
11. 1. अर्चित, जिसकी पूजा की गई हो 2. जिसका सम्मान किया गया हो।
12. 1. समान, तुल्य, सदृश 2. गुण

**ऊपर से नीचे**

2. 1. अविवाहित युवती या महिला के नाम से पहले प्रयोग किया जाने वाला शब्द, सुश्री 2. कुमारी, युवती, कन्या 3. चूक, गलती, भूल 4. किसी व्यक्ति या वस्तु को देखने
3. लटके दिखाने वाला, नख़रेवाला, जिसकी अदाएं शोख़ हों।
4. 1. रचना करना 2. निर्माण या तैयार करना 3. ठीक दशा या रूप देना 4. सुसज्जित करना, सजाना 5. सुधारना, मरम्मत करना 6. आपस में अच्छा संबंध या मेल-जोल बनाए रखना 7. पैदा करना या कमाना 8. अच्छी या उन्नत दशा में पहुंचाना 9. एक रूप से दूसरे रूप में लाना 10. उपहास करना 11. किसी कार्य को संपन्न करना 12. झूठी बातें कहना 13. स्वीकार करना, मानना 14. लाभ उठाना।
5. 1. आत्मा, जीवात्मा 2. इत्र 3. सत्त, सार।
8. 1. शृंगार, सजावट 2. शोभा।
9. 1. मल्लाह, केवट 2. घाट का कर लेने वाला।

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 | 2 | 3 | ■ | 4 | ■ |
| 5 | ■ | 6 | | | | ■ |
| | ■ | ■ | | ■ | | ■ |
| ■ | 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 |
| ■ | ■ | 10 | | | | |
| 11 | | | ■ | ■ | ■ | |
| ■ | ■ | ■ | 12 | | | |

### वर्ग पहेली -13 का हल

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | ■ | ■ | 1 हा | ■ | 2 गुं | ■ |
| ■ | 3 मु | बा | र | क | बा | दी |
| ■ | है | ■ | मो | ■ | ■ | ■ |
| 4 जा | या | ■ | 5 नि | 6 ह | त | ■ |
| ने | ■ | 7 जि | य | रा | ■ | 8 छि |
| जाँ | ■ | ■ | 9 म | र | जि | या |
| ■ | 10 है | ट | ■ | त | ■ | सी |

## सुडोकू-93

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | | 9 | | | | 8 |
| | 7 | | | | 1 | 5 | | 2 |
| 8 | | | 7 | | | | 3 | |
| 3 | | 9 | | 6 | | | | 4 |
| | | | 2 | | | 7 | 9 | |
| 2 | | 7 | | 5 | | | | |
| 7 | | | | 3 | | 2 | | |
| | 2 | | 1 | | 9 | | 5 | 6 |
| | | 6 | | | | 3 | | |

### सुडोकू -92 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 8 | 5 | 2 | 7 | 9 | 6 | 1 | 3 |
| 9 | 6 | 2 | 4 | 1 | 3 | 5 | 8 | 7 |
| 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 6 | 4 | 2 | 9 |
| 5 | 1 | 4 | 3 | 2 | 7 | 8 | 9 | 6 |
| 2 | 3 | 6 | 9 | 4 | 8 | 1 | 7 | 5 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 6 | 1 | 3 | 4 | 2 |
| 3 | 5 | 1 | 7 | 8 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 2 | 9 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 |
| 8 | 4 | 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 3 | 1 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 19 मार्च, मंगलवार 2024 संवत-2080, शक संवत 1945 मास-फाल्गुन, पक्ष-शुक्ल पक्ष,तिथि-दशमी 20 मार्च 00.21 तक तत्पश्चात एकादशी।

**आज का पंचांग**




**दिशाशूल**-उत्तर। **ऋतु**-वसंत।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 20.10 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज अनैतिक कार्यों में लिप्त होने से बचें। दोपहर के बाद आपको स्वास्थ्य को लेकर कुछ सावधान रहना चाहिए। जो लोग आपके निर्णयों का विरोध कर रहे थे, वही आज आपका समर्थन करेंगे। पुलिस और प्रशासन से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत अच्छा है।

**वृष** – आज दाम्पत्य जीवन काफी रोमान्टिक रहेगा। पारिवारिक जिम्मेदारियों का अच्छी तरह निर्वहन करेंगे। विद्यार्थी अध्ययन में काफी रुचि लेंगे। नई व्यापारिक योजना पर काम कर सकते हैं। घरेलू कार्यों में कुछ विलम्ब हो सकता है।

**मिथुन** – आज मेहनत से पीछे न हटें। बिना मांगे किसी को सलाह न दें। वाहन चलाते समय सावधानी रखें। महत्वपूर्ण कार्यों को शाम से पहले पूरा करना हितकर होगा। अति आत्मविश्वास आपको अच्छे लाभ से वंचित कर सकता है।

**कर्क** – आज सार्वजनिक क्षेत्र में आपका सम्मान बढ़ेगा। कारोबार में परिस्थितियां आपके प्रतिकूल हो सकती हैं। भागदौड़ ज्यादा करनी पड़ेगी किन्तु विशेष परिणाम नहीं मिलेंगे। शाम को घर के सदस्यों के साथ विचार-विमर्श करेंगे। रोगियों की सेहत में सुधार होगा।

**सिंह** – आज यदि विदेश जाना चाहते हैं तो कुछ समय अभी रुकना बेहतर होगा। जीवनसाथी के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। अति शीघ्रता में लिए गए निर्णय परेशानी बढ़ाने वाले सिद्ध होंगे। माता-पिता की आज्ञा का पालन करें। शरीर में शक्ति और तेज में कमी की अनुभूति होगी।

**कन्या** – आज समाज में आपका मान-सम्मान पहले की तुलना में बढ़ने वाला है। सकारात्मक ऊर्जा से भरपूर रहेंगे। सुख-सुविधा पर धन खर्च होगा। सहकर्मियों के व्यवहार से आह्लादित रहेंगे। बच्चों के व्यवहार में नजर बनाये रखें। अपने घर की मरम्मत या नवीनीकरण कर सकते हैं।

**तुला** – आज अपना काम पूरी निष्ठा से करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपको मन लगाना चाहिए। ऑफिस में पेन्डिंग कार्य आज पूरे करने की कोशिश करेंगे। परिजनों की बात बुरी लग सकती है। पुरानी गलतियों को दोहराने से बचें।

**वृश्चिक** – आज दिन की शुरुआत कुछ खराब रहेगी। निर्णय लेने में असहज महसूस करेंगे। कल्पना लोक से बाहर आकर वास्तविकता को समझने का प्रयास करें। शाम को किसी मित्र के साथ घूमने जा सकते हैं। अनचाही यात्रा करनी पड़ेगी।

**धनु** – आज नशे की आदत से आपको बचना चाहिए। मन में सन्तोष व्याप्त रहेगा। गृहस्थ जीवन शान्तिपूर्ण ही रहेगा। किन्तु शाम को किसी वजह से कलह हो सकती है। विद्यार्थी अपने लक्ष्य से दिग्भ्रमित हो सकते हैं। रचनात्मक कार्यों और कला में मन लगेगा।

**मकर** – आज प्रेमी युगल जोड़े समय का अच्छा उपयोग करेंगे। साझेदारी से जुड़े हुए कार्य लाभप्रद सिद्ध होंगे। गृहस्थ जीवन का पर्याप्त आनन्द उठायेंगे। अच्छे अवसरों का लाभ उठा पायेंगे। आपको दूसरों से सलाह लेनी है, लेकिन स्वयं के विचारों के आधार पर निर्णय लेना उचित होगा।

**कुंभ** – आज पुरानी गलतियों से सीखने का प्रयास करें। सरकारी नौकरी कर रहे जातकों को कुछ परेशानी झेलनी पड़ेगी। मित्रों के साथ अपने सम्बन्ध अच्छे रखें। पित्त विकार के कारण मुख में कड़वापन महसूस हो सकता है। विद्यार्थियों का मन पढ़ाई में कम लगेगा।

**मीन** – आज कार्यक्षेत्र में सफलता के कारण आत्मविश्वास बढ़ेगा। किसी के बहकावे में आकर काम न करें। दोपहर के बाद आपको किसी समस्या से मुक्ति मिलेगी। दाम्पत्य संबंधों में तालमेल की कमी रहेगी। मन में कुछ उथल-पुथल सी हो सकती है।

## आज की फिल्में

**B4U Movies**
लोहा – सुबह : 07.49
मजाल – रात : 07.00

**Sony Max**
सोनू के टीटू की स्वीटी – सुबह : 10.39
चेहरे – शाम : 06.59

**Sony Pix**
बुलेट ट्रेन – सुबह : 11.11
द मास्क – रात : 09.00

**Zee Cinema**
ट्रैफिक सिग्नल – सुबह : 10.30
रॉक ऑन टू – रात : 07.30

**Colors Cineplex**
आ देखें जरा – सुबह : 08.49
कुंवारा – रात : 06.59

**आज की सुपरहिट फिल्म**




सोनी मैक्स पर सुबह : 10.39 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

गोलू (एक पड़ोसी से)- मैं आपकी बेटी से शादी करना चाहता हूं।
पड़ोसी- कितना कमा लेते हो?
गोलू- 20 हजार रुपये प्रति माह
पड़ोसी- मैं अपनी बेटी को 15 हजार रुपये प्रति माह पॉकेट मनी देता हूं
गोलू- मैं भी तो उसी को जोड़कर ही तो बता रहा हूं...

डॉक्टर - कहिए कैसे आना हुआ...
राजू- डॉक्टर साहब लिवर में बहुत दर्द हो रहा है।
डॉक्टर- शराब पीते हो?
राजू- हां- हां बिल्कुल पर छोटा पैक ही बनाना।

# उत्तरी कमान ने लद्दाख में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की




जम्मू, एजेंसी

सेना की उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिंद्र कुमार ने सोमवार को लद्दाख के ऊंचाई वाले हिस्सों का दौरा किया, और अभियानगत तैयारियों की समीक्षा की।

उत्तरी कमान ने कहा कि कमांडर ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में अभियानगत प्रभावशीलता के मानकों को बनाए रखने में भारतीय सेना और आईटीबीपी के प्रयासों की सराहना की। उत्तरी कमान ने एक्स पर कहा, उत्तरी कमान के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल एम.वी. सुचिन्द्र कुमार ने परिचालन तैयारियों और सीमा के बुनियादी ढांचे के विकास की समीक्षा करने के लिए लद्दाख के अत्यधिक ऊंचाई वाले क्षेत्रों में विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। कुमार ने फरवरी में भारतीय सेना की उधमपुर स्थित उत्तरी कमान के जनरल ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में कार्यभार संभाला था।

# पीटीआई के गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच की मांग

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक सदस्य अकबर एस बाबर ने सोमवार को गृह मंत्री मोहसिन नकवी को पत्र लिखा। इसमें उन्होंने पार्टी के कथित गोपनीय विदेशी बैंक खातों की जांच करने का आग्रह किया।

पत्र में अकबर ने वर्षों पुराने प्रतिबंधित फंडिंग मामले का जिक्र किया। इस मामले में पाकिस्तान चुनाव आयोग (ईसीपी) ने फैसला सुनाया था कि पीटीआई को विदेश से प्रतिबंधित धन मिला। 'डॉन' अखबार की खबर के मुताबिक, पत्र की एक प्रति प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ को भी भेजी गई है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि पीटीआई के विदेशी फंडिंग मामले पर 20 महीने पहले फैसला आने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई।

# भारत में दो साल में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटा

**2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ।**

*देश में ऑनलाइन गेम्स का बाजार कोरोना महामारी के दौरान तेजी से बढ़ा। साल 2021 में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में करीब 4,146 करोड़ रुपये का निवेश हुआ, लेकिन दो ही साल में इसमें 77 फीसदी तक की गिरावट दर्ज की गई। पिछले साल 2023 में गेमिंग सेक्टर में सिर्फ 506 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ है। साफ है कि ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में कोरोना महामारी के दौरान आया उछाल लंबे समय नहीं टिक सका। 2021 के बाद अगले ही साल 2022 में इसमें 52.03 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई। 2024 में इंडस्ट्री में करीब 1988 करोड़ रुपये का ही निवेश हुआ। (मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट)*



## उपभोक्ताओं का खर्च भी घट रहा

गेमिंग इंडस्ट्री का ऐड पर ही नहीं, पिछले 5-6 तिमाही से उपभोक्ताओं का ऑनलाइन गेम्स पर खर्च भी लगातार कम हो रहा है। ऐसा नहीं है कि भारत में ऑनलाइन गेम्स के उपभोक्ता कम हो रहे हैं, लेकिन उनका खर्च कम हो रहा है। ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में लागों की पसंद बदली जा रही है।

## गेमिंग इंडस्ट्री का एड पर खर्च घटकर आधा



ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में निवेश घटने से ऐड बजट भी कम हुआ है। नतीजा प्रचार पर खर्च आधा रह गया है। जहां 2022 में गेमिंग इंडस्ट्री ने ऐड पर 12 फीसदी खर्च किया था, इस साल यह खर्च सिर्फ 6 फीसदी किया गया। रेडशीर की रिपोर्ट के अनुसार, भारत में ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री पर लगे 28 फीसदी जीएसटी की वजह से सेक्टर में निवेश और ऐड पर खर्च में कमी हुई है। बता दें ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में ग्रोथ की जबरदस्त संभावनाएं है। यह बढ़ती अर्थव्यवस्था में योगदान दे रही है, साथ डिजिटल एडॉप्शन के लिए भी लोगों प्रोत्साहित कर रही है।

## दुनिया में भी घटा निवेश

मार्केट इंटेलिजेंस प्लेटफॉर्म ट्रैक्सन की रिपोर्ट के मुताबिक, निवेशकों का क्रेज ऑनलाइन गेमिंग इंडस्ट्री में नहीं दिख रहा है। 2023 में निवेशकों ने कोई उत्साह नहीं दिखाया और यह हाल सिर्फ भारत में ही नहीं था, बल्कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी ऑनलाइन गेमिंग सेक्टर में निवेश 2 साल पहले के मुकाबले घटा है। जबकि भारत में ऑनलाइन गेम्स बहुत ज्यादा लोकप्रिय हैं। बता दें, जीएसटी के रीविजन में यह स्पष्ट नहीं है कि ऑनलाइन गेमिंग कितना और कैसे जीएसटी लगेगा। इस वजह से अंतर्राष्ट्रीय निवेशक गेमिंग सेक्टर में वेट एंड वॉच की रणनीति अपना रहे हैं। इसी वजह से सेक्टर में अभी निवेश करने से बच रहे हैं।

## एक नजर

### श्रीनगर में डल झील के किनारे पहली बार हुई कारों की रेस



**श्रीनगर।** केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में पहली बार फॉर्मूला-4 कार रेस शो आयोजित की गई। डल झील के किनारे हुए इस शो में बार रेसर और बाइकर्स ने ललित घाट से नेहरू पार्क तक 1.5 किमी तक हैरतअंगेज करतब भी दिखाए। इसे देखने के लिए बड़ी संख्या में कश्मीरी लोग पहुंचे।

### अमेरिका की ट्रैवल कंपनी अंतरिक्ष में डिनर कराएगी

**सैन फ्रांसिस्को।** अमेरिका की स्पेस ट्रैवल कंपनी स्पेस वीआईपी अगले साल से लोगों को अंतरिक्ष में डिनर का अनुभव कराएगी। 6 घंटे की इस हाई-टेक स्पेस बैलून यात्रा के लिए 6 लोगों का चुनाव होगा, जिन्हें समुद्र तल से 30 किलोमीटर ऊपर ले जाया जाएगा। इसके लिए एक टिकट की कीमत 4.10 करोड़ होगी। कंपनी ने इस यात्रा के लिए एक मिशेलिन स्टार रेस्तरां से नीदरलैंड के शेफ रसमस मंक को हायर भी कर लिया है।

### ब्रिटेन में आम चुनाव को लेकर सुनक के खिलाफ विरोध प्रदर्शन

**लंदन।** ब्रिटेन की मुख्य विपक्षी लेबर पार्टी के



कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री ऋषि सुनक के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन किया। वे मई में आम चुनाव कराने की मांग कर रहे थे। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री सुनक ने गुरुवार को मई की शुरुआत में आम चुनाव कराने के लिए मना किया था। सुनक के फैसले के लिखाफ लोगों ने सुनका का मुखौटा लगाकर विरोध प्रदर्शन किया।

### सख्ती देख तस्कर ने विमान में ही छोड़ा 2 किलो सोना, जांच जारी

**अमृतसर।** अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) टीम ने यात्री विमान में लावारिस दो किलो सोना जब्त किया है। श्री गुरु रामदास जी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर मामला उस वक्त सामने आया जब दुबई से आई फ्लाइट में दो किलो सोने की खेप लावारिस हालत में मिली। फिलहाल अमृतसर कस्टम (प्रिवेंटिव) की टीम ने उसे जब्त करके आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। इस महीने में एयरपोर्ट और आईसीपी अटारी से सोने की बरामदगी की यह छठी घटना है। कस्टम प्रवक्ता के मुताबिक रविवार को दुबई से आई फ्लाइट एयर इंडिया एक्सप्रेस आईएक्स-198 आई। उन्होंने कहा-मामले की टीम जांच करेगी और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर रिकॉर्ड जीत के बाद पुतिन की चेतावनी

## पुतिन के 5वें कार्यकाल से चिंतित यूक्रेन, प. देशों ने चुनाव की आलोचना की

मॉस्को, एजेंसी

रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने सोमवार को पश्चिमी शक्तियों को चेतावनी दी है। उन्होंने



कहा कि रूस-नाटो संघर्ष तीसरे विश्व युद्ध से महज 'एक कदम दूर' है। 1962 के क्यूबा मिसाइल संकट के बाद से रूस-यूक्रेन युद्ध ने पश्चिम के साथ मॉस्को के संबंधों में सबसे गंभीर तनाव पैदा कर दिया है।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, पुतिन ने अक्सर परमाणु युद्ध के खतरों के संकेत दिए है। हालांकि, उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया है कि उन्होंने कभी भी यूक्रेन में परमाणु हथियारों का इस्तेमाल करना जरूरी नहीं समझा है। राष्ट्रपति चुनाव की जीत के बाद पुतिन ने पहले संबोधन में कहा कि भविष्य में रूस और नाटो के बीच सीधे टकराव से इनकार नहीं किया जा सकता, हालांकि, इसमें किसी की दिलचस्पी नहीं है। पुतिन ने कहा 'मुझे लगता है कि आधुनिक दुनिया में सब कुछ संभव है। लेकिन, यह पूर्ण पैमाने पर तीसरे विश्व युद्ध से एक कदम दूर होगा। मुझे लगता है कि इसकी संभावना नहीं है। 15-17 मार्च को होने वाले चुनाव से पहले यूक्रेन ने रूस के खिलाफ अपने हमले तेज कर दिए थे। कीव द्वारा सीमा क्षेत्र पर बड़ी संख्या में सैनिक भेजने पर पुतिन ने कहा कि यहां 'कहीं-कहीं 5 हजार तक लोग' मौजूद हैं।

### मिलकर काम करने के लिए तत्पर भारत-रूस



**पीएम मोदी ने जीत पर दी बधाई**

व्लादिमीर पुतिन के पांचवीं बार राष्ट्रपति चुने जाने पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी उन्हें बधाई दी है। पीएम मोदी ने एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर पोस्ट करते हुए लिखा है व्लादिमीर पुतिन को रूसी संघ के राष्ट्रपति के रूप में एक बार फिर निर्वाचित होने के लिए हार्दिक बधाई। आने वाले वर्षों में भारत और रूस के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए मिलकर काम करने के लिए तत्पर हैं।

**चुनाव वोटिंग**

| | |
|---|---|
| 1991 | 74.6% |
| 1996 | 69% |
| 2000 | 68.6% |
| 2004 | 64.3% |
| 2008 | 69.7% |
| 2012 | 65.2% |
| 2018 | 67.5% |
| 2024 | 73% |

### दुनिया के देशों ने पुतिन की जीत पर क्या कहा

रूस में संपन्न हुए चुनाव पर दुनियाभर की प्रतिक्रियाएं सामने आई हैं। पश्चिमी देशों ने चुनावों की आलोचना की है। रूस के साथ युद्ध लड़ रहे यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोडिमिर जेलेंस्की ने रविवार को कहा कि पुतिन हमेशा के लिए शासन करना चाहते हैं। उन्होंने कहा, 'चुनाव की कोई वैधता नहीं है और न ही हो सकती है। अमेरिका ने चुनाव को लेकर कहा कि ये स्पष्ट रूप से न तो स्वतंत्र और न ही निष्पक्ष थे। अमेरिकी राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी ने कहा, 'चुनाव स्पष्ट रूप से स्वतंत्र या निष्पक्ष नहीं हैं क्यों पुतिन ने राजनीतिक विरोधियों को कैसे कैद किया और दूसरों को उनके खिलाफ लड़ने से रोका।

# नेपाली संसद के पूर्व अध्यक्ष सोना तस्करी में गिरफ्तार

**काठमांडू।** नेपाल की संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के पूर्व अध्यक्ष और सत्ताधारी पार्टी के वरिष्ठ सदस्य कृष्ण बहादुर महरा को सोना तस्करी के मामले में सोमवार को गिरफ्तार किया गया। उन्हें काठमांडू लाया गया है।



प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड की अगुआई वाली नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी-सेंटर) के उपाध्यक्ष 65 वर्षीय महरा को कपिलवस्तु जिले के पकड़ी से गिरफ्तार किया गया। नेपाल पुलिस ने इसी मामले में पूर्व उपराष्ट्रपति नंद बहादुर पुन के बेटे दिपेश पुन को 15 मार्च को गिरफ्तार किया। दिपेश भी सत्ताधारी सीपीएन (माओवादी सेंटर) के छात्र संगठन का महासचिव है। जबकि महरा के बेटे राहुल को पिछले वर्ष 30 अगस्त को सोना तस्करी में गिरफ्तार किया गया था। काठमांडू पोस्ट समाचारपत्र के अनुसार, उपप्रधानमंत्री एवं गृह मंत्री रबी लामिछाने ने रविवार को सोना तस्करी पर जांच आयोग की रिपोर्ट लागू करने का आदेश दिया था।

# पाकिस्तान की अफगानिस्तान पर एयर स्ट्राइक, 8 लोगों की मौत

इस्लामाबाद, एजेंसी

- आतंकी संगठन टीटीपी के ठिकानों को बनाया निशाना, दोनों देशों के बीच बढ़ा तनाव

पाकिस्तान की एक सैन्य चौकी में दो दिन पहले हुए बम विस्फोट मामले में अब पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को जवाब दिया है। पाकिस्तानी सेना ने अफगानिस्तान में आतंकवादी संगठन तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के ठिकानों को निशाना बनाया है।

पाकिस्तान के दो सुरक्षा अधिकारियों ने बताया कि सोमवार को अफगानिस्तान में स्थित पाकिस्तान तालिबान संगठन के कई ठिकानों पर हवाई हमले किए गए हैं। हालांकि, पाकिस्तानी सेना की ओर से इस मामले में कोई बयान जारी नहीं किया गया है, लेकिन तालिबान सरकार ने अफगानिस्तान में किए गए हवाई हमलों की निंदा की है। वहीं, पाकिस्तानी तालिबान संगठन ने एक बयान जारी कर हवाई हमले की पुष्टि की है।


प्रवक्ता जबीहुल्ला मुजाहिद ने एक बयान में कहा कि पक्तिका के बरमल जिले में पाकिस्तान के हवाई हमले में तीन महिलाएं और तीन बच्चे मारे गए, जबकि खोस्त प्रांत में हुए हमले में दो अन्य महिलाएं मारी गई हैं। बता दें कि दो दिन पहले उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में स्थित एक सैन्य चौकी



आतंकी संगठन द्वारा निशाना बनाया गया था। एक आत्मघाती हमलावर ने विस्फोटकों से भरे ट्रक को उत्तर पश्चिम पाकिस्तान में एक सैन्य चौकी में घुसा दिया था। इस हमले में सात सैनिकों की मौत हो गई थी।

विश्लेषकों ने कहा कि तालिबान की सत्ता में वापसी के बाद से पूर्व जनजातीय क्षेत्रों में आतंकवादियों का हौसला बढ़ गया है, टीटीपी सुरक्षा अधिकारियों के खिलाफ बढ़ते अभियान चला रहा है। तालिबान पाकिस्तानी आतंकवादियों को पनाह देने से इनकार करता है। तालिबान अधिकारियों ने कहा कि 2022 में पाकिस्तानी सैन्य हेलीकॉप्टरों ने सीमा के अफगान क्षेत्र में हमले किए जिसमें कम से कम 47 लोग मारे गए।

## भूमि के नीचे लैब...



**बीजिंग :** चीन गुआंग्डोंग प्रांत के काईपिंग शहर में जियांगमैन अंडरग्राउंड न्यूट्रिनो लैब (जूनो) बना रहा है। यह न्यूट्रिनो यानी एटम (परमाणु) के आकार से भी छोटे कणों का निरीक्षण करेगी। लैब जमीन से 700 मीटर नीचे 35 मीटर व्यास के गोल आकार वाले डिटेक्टर के रूप में बनाई जा रही है। यह इस साल के अंत तक बना जाएगी। यह दुनिया की पहली न्यूट्रिनो डेटा जुटाने वाली लैब भी होगी। वहीं जापान 2027 और अमेरिका की लैब 2031 में डेटा जुटाना शुरू करेगी। एजेंसी

# भारत की रसमलाई दुनियाभर में दूसरा सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट

**जागरेब, एजेंसी।** दुनिया के सबसे स्वादिष्ट चीज डेजर्ट में भारत की रसमलाई ने अपनी जगह बनाई है।



फूड एंड ट्रैवल गाइड प्लेटफॉर्म टेस्ट एटलस ने दुनिया के टॉप 10 चीज डेजर्ट की लिस्ट जारी की है। इसमें रसमलाई ने दूसरा स्थान हासिल किया।

वहीं इसमें सबसे ऊपर पोलैंड की सेर्निक मिठाई है, जो खास तरह के पनीर, अंडे और चीनी से बनती है। इसके अलावा तीसरे स्थान पर ग्रीस की सफाकियानोपिटा है, जो मलाईदार स्थानीय पनीर से भरी एक पाई डिश है। टॉप 10 में अन्य मिठाइयां: 1-सेर्निक, पोलैंड, 2- रस मलाई, भारत, 3- सफाकियानोपिटा, ग्रीस, 4- न्यूयॉर्क स्टाइल चीजकेक, यूएसए, 5- जापानी चीजकेक, जापान, 6- बास्क चीजकेक, स्पेन, 7-राकोस्जी टुरोस, हंगरी, 8- मेलोपिटा, ग्रीस, 9- कासेकुचेन, जर्मनी, 10-मीसा रेज़ी, चेक रिपब्लिक शामिल हैं।

# विधायकों के अयोग्य ठहराने के फैसले के विरुद्ध रोक से शीर्ष कोर्ट का इनकार

नई दिल्ली, एजेंसी



- हिमाचल प्रदेश विस के अध्यक्ष ने छह विधायकों को किया था अयोग्य घोषित

हिमाचल प्रदेश के बागी विधायकों को सुप्रीम कोर्ट से बड़ा झटका लगा है। दरअसल सुप्रीम कोर्ट ने विधानसभा अध्यक्ष के उस फैसले पर रोक लगाने से इनकार कर दिया है, जिसमें विधानसभा अध्यक्ष ने बागी विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने बागी विधायकों को वोट देने और विधानसभा की कार्यवाही में शामिल होने की इजाजत भी नहीं दी है।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने दल-बदल विरोधी कानून के तहत कांग्रेस के छह विधायकों को अयोग्य घोषित कर दिया था। अयोग्य घोषित किए गए विधायकों ने पार्टी व्हिप के खिलाफ जाकर 27 फरवरी को हुए राज्यसभा चुनाव में भाजपा के पक्ष में मतदान किया। जिन विधायकों को अयोग्य घोषित किया गया, उनमें सुधीर शर्मा, राजेंद्र राणा, देवेंद्र भुट्टो, रवि ठाकुर, इंद्रदत्त लखनपाल, चैतन्य शर्मा का नाम शामिल है। बागी विधायकों की क्रॉस वोटिंग के चलते 40 विधायकों वाली कांग्रेस को 25 सीटों वाली भाजपा के सामने राज्यसभा सीट गंवानी पड़ी थी। बागी विधायकों के खिलाफ विधायी मामलों के मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने बागी विधायकों के खिलाफ याचिका दायर कर उन्हें अयोग्य घोषित करने की मांग की थी क्योंकि उन्होंने पार्टी के व्हिप का उल्लंघन किया। फैसले के के खिलाफ विधायक सुप्रीम कोर्ट पहुंचे, जहां से भी उन्हें निराशा हाथ लगी है।

# इजराइली सेना का अल शिफा अस्पताल पर हमला, इमारत ढही

गाजा, एजेंसी

- आतंकियों के छिपे होने का दावा आईडीएफ ने आत्मसमर्पण करने का किया आह्वान

इजराइल ने गाजा के अल शिफा अस्पताल में सैन्य अभियान शुरू किया है। इजराइल ने दावा किया कि हमास के कुछ आतंकी अल शिफा अस्पातल में छिपे हुए हैं। इजराइली रक्षा बल (आईडीएफ) के प्रवक्ता ने सोमवार तड़के कहा कि यह ऑपरेशन एक ठोस खुफिया जानकारी के बाद किया गया।

हमारा मकसद नागरिकों को नुकसान पहुंचाने के बजाए हमास के आतंकवादियों से मुकाबला करना है। आरएडीएम हगारी ने कहा कि हम जानते हैं कि हमास के वरिष्ठ आतंकवादी अल शिफा अस्पताल के अंदर फिर इकट्ठा हो गए, जिनकी मंशा इजराइल के खिलाफ एक ओर हमला करना था। आतंकवादियों के खात्में के तहत हमने यह कार्रवाई की। हम नागरिक के हितों को ध्यान में रखकर कार्रवाई करते हैं। आईडीएफ ने अस्पताल परिसर में मरीजों की सहायता के लिए अरबी बोलने वालों और चिकित्सा कर्मियों को तैनात किया है। लगातार क्षेत्र में नागरिकों की सहायता के लिए भी हम प्रतिबद्ध है। इजराइली सेना ने हमास के आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने का आह्वान किया। साथ ही इजराइल ने कहा कि आतंकवादी गतिविधियों के लिए चिकित्सा सुविधाओं का कभी भी उपयोग नहीं किया जाना चाहिए। हमास नियंत्रित स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हम अल शिफा मेडिकल कॉम्प्लेक्स के अंदर मेडिकल स्टाफ, मरीजों और विस्थापित लोगों के जीवन के लिए इस्राइली कब्जे को जिम्मेदार मानते हैं।

**विज्ञान** | कल से शुरू होगा वसंत विषुव का आगाज, पृथ्वी का धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है


# उत्तरी गोलार्ध में अब लंबे होने शुरू होंगे दिन

नैनीताल कार्यालय

**अमृत विचार :** कंही दिन बड़े तो कंही की रातें। बुधवार से उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने जा रहे हैं और दक्षिणी गोलार्ध मे रातें। उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव का आगाज 20 मार्च को होगा यानी दिन व रात की अवधि लगभग बराबर हो जाएगी।

पृथ्वी का अपनी धुरी पर झुकाव वर्ष के समय में अंतर लाता है। अब सूर्य उत्तरी गोलार्ध में आसमान के ऊपर से अपना सफर तय करेगा।

इस वजह से उत्तरी गोलार्ध में वसंत के साथ गर्मी की शुरुआत होने जा रही है। वही दक्षिणी गोलार्ध में पतझड़ के साथ शरद ऋतु की शुरुआत होने जा रही है। भारतीय समय के अनुसार वसंत विषुव 20 मार्च को 8.36 बजे होगा




दिन – रात समय चक्र का चित्र।

यानी इस समय से सूर्य की किरणें उत्तरी गोलार्ध में अधिक पड़ने लगेंगी। इसका अर्थ उत्तरी गोलार्ध में दिन लंबे होने लगेंगे। इसके विपरित दक्षिणी गोलार्ध में राते लंबी होनी शुरू हो जाएंगी। यह दिन भले ही दक्षिण के लिए शरद व उत्तरी गोलार्ध में वसंत विषुव कहलाता हो, लेकिन वास्तव में यह मार्च विषुव है। यह एक ऐसा समय है, जब पृथ्वी के दोनो गोलार्द्धों में रात व दिन का समय लगभग बराबर हो जाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि हम पृथ्वी पर कहां हैं, विषुव हमारे लिए मौसमी प्रभाव लाता है, जो दुनिया भर के प्रकृति प्रेमियों पर विशेष प्रभाव डालता है। अक्सर कहा जाता है कि आज वसंत विषुव को दिन और रात की लंबाई बराबर होती है। दरअसल इक्विनॉक्स शब्द लैटिन के एक्वस (बराबर) और नॉक्स (रात) से आया है। प्राचीनकाल में टाइम कीपिंग आज की तुलना में अधिक सटीक नही थी। जिस कारण कहा जाता था कि वसंत विषुव पर दिन और रात बराबर होते हैं। मगर वास्तविकता यह है कि ऐसा नहीं है, बल्कि दिन व रात की अवधि में क्षणिक मात्र का अंतर होता है।

### दक्षिणी गोलार्ध पर सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है सूर्य की रोशनी

पृथ्वी सीधी परिक्रमा नहीं करती है और यह अपनी धुरी (अक्ष) पर 23.5 डिग्री झुकी हुई है। इसलिए पृथ्वी के उत्तरी और दक्षिणी गोलार्ध मे सूर्य की रोशनी कभी सीधी तो कभी तिरछी पड़ती है। जिस क्षेत्र में सीधी किरणे पड़ेंगी, वहां गर्मी होगी और इसके विपरीत दिशा में ठंड का मौसम होगा। वर्ष में दो बार विषुव होता है, जो मार्च व सितंबर में होता है।

# बिहार के खगड़िया में ट्रैक्टर एसयूवी की टक्कर, 8 की मौत

खगड़िया, एजेंसी

- एसयूवी कार सीमेंट लोड ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी, तीन घायल, पुलिस मामले की जांच में जुट

बिहार में सोमवार को सुबह की शुरुआत एक बहुत बड़े हादसे की खबर से हुई। खगड़िया में हाईवे पर एक एसयूवी ने ट्रैक्टर को पीछे से ऐसी जबरदस्त टक्कर मारी कि चीख-पुकार मच गई। इस भीषण हादसे में पिता और दो पुत्र समेत नौ लोगों की मौत हो गई जबकि तीन लोग घायल हो गए। घायलों को खगड़िया सदर अस्पताल से बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल भेजा गया है। इधरद्व घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई।

घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों की भीड़ लग गई। इधर, सूचना मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गई। बताया जा रहा है कि जिले के चौथम थाना क्षेत्र के ठूठी मोहनपुर से बारात मरैया थाना क्षेत्र स्थित बिठला गांव आई थी। बारात के ही लोग सूर्योदय से पहले करीब तीन से चार बजे के बीच लौट रहे थे। इसी दौरान पसराहा थाना क्षेत्र स्थित न 31 विद्या रत्न पेट्रोल पंप के पास एसयूवी वाहन सीमेंट लोड ट्रैक्टर के पीछे जा घुसी। इससे वाहन सवार सात लोगों की मौत घटनास्थल पर हो गई जबकि दो की मौत सदर अस्पताल खगड़िया में इलाज के दौरान हुई है। घटना की सूचना मिलने के बाद मरने परिजनों में कोहराम मच गया है। आननफानन में सभी लोग घटनास्थल पर पहुंच गए हैं। इधर, घटना की सूचना मिलने के बाद खगड़िया सदर अस्पताल में भी लोगों की भीड़ जुड़ गई है। पूरा अस्पताल परिसर में अफरातफरी का माहौल बना हुआ है।